We now pass on to the final chapter of the present part, namely, on the culmination of spiritual experience in the Pada literature. The chapter will be devoted to the discussion of the spiritual experience under nine different heads, each containing a group of songs in an ascending order of spiritual experience. Group I will contain a description of the varieties of mystical experience attained by various Hindi saints. Under this head we shall consider in order the spiritual utterances, in the first place, of Mirabai, the Mystic Princess, then of the two great Hindi saints Surdas and Tulsidas, then of that group of spiritual

realisers revelling in their description of mystical experience, such as Gorakhnath, Dharamdas and Yari, and finally of the two great Maratha saints who have also contributed to the mystical literature in Hindi, namely, Ekanath and Mahipati, the first because he was a citizen of Paithan in the Deccan which was under Mohammedan influence, as well as because he later lived at Banaras for some time in the maturity of his spiritual experience; and the second, because he settled and died at Gwalior. After the description of the varieties of mystical experience by these great saints, we shall pass on to Group II which contains the famous description by Charandas of the psychological and moral effects of God-realisation. Then, we shall proceed to Group III wherein we shall find Kabir describing the sublimity and ineffability of mystical experience in language which cannot be surpassed. Kabir is not satisfied with a mere description of spiritual experience in the ordinary terminology of the mystics, but goes on, as we shall see in Group IV, to rejoice in his description of what the present writer has called "Flavourism", in which Dadu also joins him. Closely allied to the description of Flavourism, we have in Group V Kabir's inebriated description of God-intoxication, which reconciles the madness of intoxication both with equanimity and freedom. As a result of this God-intoxication, we have in the next Group the description by Kabir of the lifting of the Cosmic Deceit. As the former Group contains a Sufistic description of mystical experience by Kabir, the present one contains his account of mystical experience in a

Vedantic vein. After this, we come to probably the most important Group of poems in the present chapter, namely, on the nature of ecstacy and its contribution to the sustenance of the world. In the Group that follows, we have the post-ecstatic ejaculations of Gulal, Narharinath and Raidas—Gulal the Bhojpuri musician—poet, Narharinath, the spiritual teacher of Mahipati whom we have already mentioned, and Raidas, one of the greatest of the Untouchable Saints of India. Finally, we have from Kabir in an autobiographical manner a description of apostleship and prophethood, which may be regarded as the very cope-stone of mystical life to be ever attained by man.

— —

परमार्थसोपान

GENERAL INTRODUCTION

II

DOHAS

In the first part of our work, we have seen how an aspirant rises step by step from certain incentives to spiritual life to the culmination of spiritual experience. The five chapters in the first part, namely, on the Padas, we may say, constitute the macrocosm of spiritual experience as found in Hindi literature. The five chapters in the present part on the Dohas constitute the microcosm with the same head-topics seriatim, which are to be met with in the first part of our book. In this division between Padas and Dohas we have followed the time-honoured tradition in Hindi literature, which separates the Shabdas from the Sakhis. Probably this method is to be commended, because a bigger thing cannot naturally go with a smaller, especially when the bigger thing contains spiritual reflections, and the smaller didactic epigrams. It is for this reason that the present writer has styled the Doha literature in one place as Epigrammatic Mysticism.

The great saint Tulsidas has made an original use of the Dohas as containing the " Quintessence " of the narrative in the Ramayana, and connecting Janus-wise

the Chaupais that precede and the Chaupais that follow in the progress of the narrative. The word Doha thus signifies by a sort of a श्लेषालंकार not merely a metre, but also the 'churned or condensed milk' of the narrative fully expounded in the Chaupais. Elsewhere, as in other Hindi writers of Doha literature, the Dohas become symbols of highly ethical, spiritual, and even worldly-wise *bon mots*. The present writer thinks that scarcely in any other provincial literature of India there is this peculiar combination of epigram, wit, humour, sarcasm, love, devotion, service and general advice to humanity, which we find in the Dohas. There are only two parallels which we can think of in connection with the Dohas. In Marathi literature we have the Abhangas, and in Kannada we have the Vachanas, which may offer a parallel to the Dohas in Hindi literature. Just as the Dohas can rise to the highest spiritual experience, so the Abhangas and the Vachanas can also rise to the same level. The Dohas are smaller than the Abhangas and poetic instead of prose, as is the case with the Vachanas. Moreover, every writer of Vachana literature does not write at the highest level. The only author in Kannada literature who may be compared with Kabir is the epigrammatic Saint सर्वज्ञ. The Abhangas in Marathi literature are more sentimental as in Tukaram and more expressive of spiritual experience as in Jnaneshwar; but the entire Abhanga literature of Maharashtra does not come up to the level attained by Jnaneshwar or Tukaram, just as the Dohas of writers in Hindi literature do not always come up to the level attained by Kabir.

As far as possible, we have selected only such Dohas as would supplement the ideas in the Padas, unless the Dohas are so brilliant that they cannot be omitted. For example, in the first Chapter of our Dohas, we are enumerating only two incentives, the incentive of flux or perpetual change, and the incentive of decrepitude or death. The second is to be found in the Padas, but the first is to be found in the Dohas only. To take one more illustration, the Dohas in our second chapter will contain ideas which are only supplementary to those contained in the Padas, for example, ideas such as those of the combination of material and spiritual welfare, the relation of original temperament to moral character, valuation of fine arts, and so on. We are stating these facts only in order to show that our Dohas are not merely replicas of our Pada literature, but in a way supplement the ideas contained in the Padas.

CHAPTER I

The essence of the first chapter of the Dohas consists in giving similitudes and analogies for the phenomena of perpetual flux and evanescence. As regards the former, we are treated in the first place to (1) a pun upon the two meanings of the word कूच which signifies both a military march and Death, then (2) the perpetual and unceasing round of new and old foliage in nature, and lastly, (3) the question of the impossibility of a definite prediction of the bud of life blossoming into a flower. As regards the latter, we meet with trenchant suggestions as to (1) the succes-

sion of heights and pitfalls in human life, (2) the incomprehensibility of the emergence and dissolution of the life-principle, and finally, (3) the infinite sadness following upon the spectacles of conflagrations in human existence. These, in fact, are regarded by the Dohas as the incentives that prompt us to spiritual life.

CHAPTER II

After the discussion of the incentives to spiritual life, we pass on to consider the help which the Dohas give for the formation of a good moral life. What moral preparation are we asked to make in order to fit ourselves for the spiritual task ?– that is the question. Analysing the present chapter, we may say that we shall have to discuss here the following points seriatim : (1) combination of material and spiritual welfare, (2) the relation of original temperament to the formation of character, (3) fine arts, their moral and immoral aspects, (4) charity, (5) love of God as the supreme virtue, in its individual, social and spiritual aspects, and finally, (6) self-annihilation as the only road to God.

CHAPTER III

In our last chapter, we have tried to ascertain what the moral path to sainthood is. In the present chapter after first discussing the rarity of the phenomenon of sainthood, we shall proceed to some points in the doctrine of God according to the Dohas, particularly to the doctrines of the Immanent and the Transcendent, the अंतर्यामी and the बहिर्यामी, the latter

being a very notable contribution of Tulsidas to the Philosophy of Religion. After having discussed these categories, we shall proceed, in connection with the Doha सगुनहिं अगुनहिं नहि कछु भेदा, to indicate the ten ascending stages of Tulsidas's Philosophy of Devotion, which involves a survey of the relationships between such fundamental conceptions as सगुण, निर्गुण, नाम, रूप, and ध्यान.

We shall next proceed to discuss the relationship that exists between Saints and God, both practical and philosophical. Under the first head, we shall consider the questions of (1) proximity to God which means protection, and (2) personal autonomy under the suzerainty of Divine power. We shall next proceed to consider (3) to what lofty heights, according to Tulsidas, a saint can ascend starting from a life of abject poverty, as well as (4) the service which God renders to such a saint as Tulsidas in North India, and Ekanath in the South. The last two points to be considered in this connection would be (5) the fore-fulfilment of a devotee's desires by God, and (6) the ideal of eudaemonistic attainment by the Saint of combined material and spiritual welfare.

Under the second head, we shall proceed to the concluding Dohas of this chapter, wherein we will be told about the philosophical relationship that subsists between a Saint and God. Here three stages will be indicated : first, the Saint's identity with the साकार, second, the saint as reflecting the निराकार, and third, the eschatological mergence of spirit with spirit to which the Saint ultimately attains.

CHAPTER IV

In this chapter we will discuss the beginnings of the spiritual pilgrimage as found in the Dohas.

We shall begin by considering the nature and function of the spiritual teacher in the scheme of the realisation of God.

Next, we shall proceed to two important topics. First, we shall discuss the method by which the spiritual teacher instructs us to begin and perfect our endeavour for God-realisation. This, of course, is meditation by the Name which the teacher communicates to us from a high spiritual altitude, from which it must descend and be conduited in the minds of his disciples. Second, we shall discuss the power that lies in this Name, and the function it performs in the spiritual development of the disciple.

Afterwards, we shall discuss four important requisites for the perfection of this methodology, namely, what physical, mental, moral and mystical requisites are essential for this perfection.

Finally, that inner spring of devotion, that longing for self-realisation, that passionate attachment to the spiritual ideal, without which we can never rise to the sublime heights of mystic realisation, will be discussed briefly with refererence to the Dohas.

CHAPTER V

In our last chapter, we have seen the beginnings of the meditational process, which must be crowned by the prefection of mystical experience. This consti-

tutes the highest ascent of man towards the Life Divine. Of course, this ascent is to be made through a number of rungs of the spiritual ladder, but before we tackle this problem, it will be necessary for us to make a preliminary investigation, both philosophically and psychologically, of certain fundamental conceptions such as the relation of intuition to intellect, the meaning of internal perception, and the question of the inter-communicability or otherwise of various kinds of sensuous and super-sensuous experiences. After this preliminary investigation, it will be our task to consider the varieties of super-sensuous experience, which form the keynote of the present chapter. Of course, these kinds of supersensuous experience are stressed wherever and in whatever form of literature an attempt is made to climb the ascent. In the Dohas in Hindi literature we find in an inexplicable and cryptic form, and at the same time very accurately, all the stages with which we are conversant in other provinces and other literatures, which may therefore be regarded as the distinct contribution of the Dohas to the psychology of religious experience. The first thing stressed in the Dohas is the Anahat sound, the consequent music, and the necessity for coming into contact with the musician who produces the music. Then we go on to a brief philosophical indication of the nature of the Anahat Shabda and see how this is experienced in a super-sensuous manner. Next, we shall proceed to visual experience, both morphic and photic, which characterises the rising Saint, and then to other super-sensuous experiences, such as the spiritual bath, the spiritual juice and the spiritual

fragrance, about which the Dohas speak. After this comes the problem of Self-realisation. Of course, it cannot be maintained that the Dohas do full justice to such an important subject, but there are definite indications in the description of the Dohas which put us in mind of similar ideas in more developed literatures in connection with the subject of Self-realisation. Then there are Dohas which describe motor and tactual experiences, which form an important development of one chief form of self-realisation. In order to attain such spiritual heights, however, a great travail has to be experienced. This we might call the travail of unison. The dangers we have to face, the temptations we have to resist, the calamities we have to suffer, all these constitute the travail through which we must pass before we attain to the crown of spiritual experience. When such a state has been reached, it is accompanied by certain marks, especially the moral marks of God-realisation, which distinguish a highly developed Saint from others. Finally, we shall go on to the doctrines of liberation, beatification, and infinitude, which in different ways constitute the spiritual 'Summum Bonum' to be ever attained by man here below.

PART ONE

PADAS

CHAPTER 1

Incentives to Spiritual Life.

1. FROM ILLUSION TO ILLUSION.

धोखै ही धोखै डहकायो ।
समुझि न परी बिषय-रस गीध्यो
हरि-हीरा घर माँझ गँवायो ॥ टे॥

ज्यों कुरंग जल देखि अवनिकौं
प्यास न गई दसौं दिसि धायो ।
जनम जनम बहु करम किए हैं
तिन में आपुन आपु बँधायो ॥१॥

ज्यों सुक सेमर-फल-आसा लगि
निसि बासर हठि चित्त लगायो ।
रीतौ पर्‍यौ जबै फल चाख्यो
उड़ि गयो तूल तौंवरो आयो ॥२॥

ज्यों कपि डोरि बाँधि बाजीगर
कनकन कौं चौहटै नचायो ।
सूरदास भगवन्त-भजन बिनु
काल ब्याल पै आप खवायो ॥३॥

CHAPTER 1

Incentives to Spiritual Life.

(१) अनुवाद

(मैं) धोखे ही धोखे से ठगा जाता रहा। बात समझ में न आई। विषय-रस में फँस गया। घर के मध्य हरिरूपी हीरा खो दिया। अवनि को जल समझ कर कुरंग के समान दसों दिशाओं में दौड़ता रहा; किन्तु प्यास नहीं बुझी। जन्म जन्म में अनेक कर्म किये हैं। उनमें अपने आपको बँधा दिया। शुक की तरह सेमर के फल की आशा में लग कर रात दिन हठ करके फल पर चित्त लगाया; किन्तु जब फल पर चोंच लगाई, तो तूल उड़ गया। फल खाली पड़ गया और संताप हो गया। जैसे बाजीगर कपि को डोरीसे बाँध कर कण-कण के लिये चौहटे पर नचाता है, उसी प्रकार मैं नचाया गया। सूरदास कहते हैं कि भगवान के भजन के बिना अपने को काल रूपी व्याल का भक्ष्य बना दिया।

2. ON UNIVERSAL BLINDNESS

केहि समुझावैं सब जग अन्धा ॥ टे ॥

इक दुइ होयँ उन्हैं समुझावैं
सबहि भुलाने पेटके धन्धा
पानी घोड़ पवन असवरवा,
ढरकि परै जस ओसक बुन्दा ॥ १ ॥

गहिरी नदी अगम बहै धरवा,
खेवन-हार के पड़िगा फन्दा ।
घर की वस्तु नजर नहिं आवत,
दियना बारि के ढूँढत अन्धा ॥ २ ॥

लागी आगि सबै बन जरिगा,
बिन गुरुज्ञान भटकिगा बन्दा ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो,
जाय लिङ्गोटी झारि के बन्दा ॥ ३ ॥

(२) अनुवाद.

(मैं) किसको समझाऊँ? सारा जग अन्धा है। एक दो हों तो उनको समझाऊँ। सभी पेटके धन्धेमें फँसे हुए हैं। पानीरूपी घोड़ा पवन सवार होनेके कारण ओसकी बूँदके रूपमें तुरन्त गिर पड़ता है। गहरी नदीमें अगम धार बहने के कारण खेनेवालेको धोका होगया है। घरकी वस्तु नजर नहीं आती; पर अन्धा दिया जलाकर ढूंढ रहा है। आग लगी, सारा बन जल गया। गुरु-ज्ञानके बिना मनुष्य भटक गया है। कबीर कहते हैं, हे साधो, बन्दा लङ्गोट झाड़कर जाता है।

3. THE SLEEP OF IGNORANCE

मुसाफिर सोता है बेहोस ।
नैन में भरा नींद का रोस ॥ टे ॥

पूँजी पास बहुत तू लाया ।
इस नगरी में जब तू आया ।
कहीं न ठग ले जावे, खोंस ॥ १ ॥

जिस कारज को जो तू आया ।
सौदा वह कछु कर ना पाया ।
यही बड़ा अफ़सोस ॥ २ ॥

झूंठे सुख की निंदिया सोया ।
बिना बिचार माल सब खोया ।
दीजै सबको दोस ॥ ३ ॥

कृष्णानन्द जान लो हरिको ।
जाना है जो अपने घर को ।
प्रभुपद कर सन्तोस ॥ ४ ॥

(३) अनुवाद.

मुसाफिर, तू बेहोश सोता है । (तेरे) नयन में नींद का जोश भरा है । जब तू इस नगरी में आया, तब (अपने) पास बहुत पूँजी लाया । उसे कछौंटे में खोंस ले, ऐसा न हो कि ठग उसे लूट ले जाय । जिस कार्य के लिये तू आया, वह सौदा कुछ नहीं कर पाया, यही बड़ा अफ़सोस है । तू झूठे सुख की नींद में सो गया । तूने बिना विचार सब माल खो दिया, (फिर) तू सब को दोष देता है । कृष्णानन्द कहते हैं— अगर अपने घर को जाना है, तो प्रभु हरि को जानकर उनके पदमें सन्तोष कर ले

4. PHILOSOPHICAL AFFLATUS TO SPIRITUAL LIFE.

केशव कहि न जाय का कहिए ? ॥ टे ॥
देखत तव रचना विचित्र अति
समुझि मनहिं मन रहिए ॥ १ ॥

सून्य भीति पर चित्र रङ्ग नहिं,
कर बिनु लिखा चितेरे
धोए मिटइ न मरइ भीति,
दुख पाइय यहि तनु हेरे ॥ २ ॥

रबि-कर-नीर बसइ अति दारुन
मकर रूप तेहि मांहीं
बदन-हीन सो ग्रसइ चराचर
पान करन जे जाहीं ॥ ३ ॥

कोउ कह सत्य झूठ कह कोऊ
जुगल प्रबल करि मानै
तुलसिदास परिहरै तीनि भ्रम
जो आपहिं पहिचानै ॥ ४ ॥

(४) अनुवाद.

हे केशव, कहा नहीं जाता । क्या कहा जाय ? तुम्हारी अति विचित्र रचना को देखकर मन ही मन समझ कर रहना पड़ता है । कर-हीन चितेरे ने शून्य भीत पर रङ्ग के बिना चित्र लिखा है, जो धोने से भी नहीं मिटता । (फिर भी) भीति नहीं मरती । इस तन को देखने से दुख प्राप्त होता है । रबिकरनीर में अति दारुण मकररूप बसता है । वह मकर मुख-हीन होने पर भी चराचर में से जो कोई (जल) पीने जाता है, उसको खा लेता है । (इस संसार को) कोई सत्य कहता है, कोई असत्य कहता है । कोई सत्या-सत्य दोनों ही को तुल्यबल मानता है । तुलसीदास कहते हैं, कि जो अपने को पहिचानता है, वही तीनों भ्रमों को छोड़ सकता है ।

5. CONTRADICTIONS OF DESERT AND FRUIT.

ऊधो धनि तुम्हरो बेवहार ॥ टे ॥

धनि वै ठाकुर धनि वै सेवक,
धनि तुम बर्तन-हार ॥ १ ।

आम कटावत बबुर लगावत,
चन्दन झोंकत भार ॥ २ ॥

चोर बसावत साह भगावत,
चुगलनि कौं एतबार ॥ ३ ॥

समुझि न परति तिहारी ऊधो,
हम ब्रजनारि गँवार ॥ ४ ॥

सूरदास धनि तुम्हरि कचेरी,
अंधाधुंध दरबार ॥ ५ ॥

(५) अनुवाद.

हे ऊधव, तुम्हारा व्यवहार धन्य है। वह स्वामी धन्य है! वह सेवक धन्य है! बर्तनेवाले तुमभी धन्य हो! (तुम) आम कटाते हो, बबूल लगाते हो और चन्दन को भाड़ में झोंकते हो। चोर को बसाते हो। साह को भगाते हो और चुगलख़ोरों का विश्वास करते हो। हे ऊधो! हम ग्रामीण ब्रज-स्त्रियाँ हैं, तुम्हारी विद्या (कथनी, करनी, रहनी,) हमारी समझ में नहीं आती है। सूरदास कहते हैं, तुम्हारी कचहरी धन्य है, जहाँ दरबार अंधाधुंध लग रहा है।

6. GOD IMPLORED FOR DELIVERANCE FROM APPEARANCE AND SIN

कीजै प्रभु अपने बिरद की लाज ॥ टे ॥

महा-पतित कबहूँ नहिं आयौं,
नैकु तिहारे काज ॥ १ ॥

माया सबल धाम धन बनिता,
बाँध्यौ हौं इहिँ साज ॥ २ ॥

देखत सुनत सबै जानत हौं,
तऊ न आयौं बाज ॥ ३ ॥

कहियत पतित बहुत तुम तारे,
स्रवननि सुनी अवाज ॥ ४॥

दइ न जात केवट-उतराई,
चाहत चढ़्यौ जहाज ॥ ५ ॥

नई न करन कहत प्रभु तुम हौ,
सदा गरीब निवाज ॥ ६ ॥

लीजै पार उतारि सूर कौं
महाराज ब्रजराज ॥ ७ ॥

(६) अनुवाद.

प्रभु, अपने बिरद की लाज रखिये। मैं ऐसा महापतित हूँ कि तनिक भी तुह्मारे काम नहीं आया। इस धाम, धन और वनिता रूप सबल माया की सजावट में अपने को बाँध लिया है। देखता हूँ, सुनता हूँ, सब कुछ जानता हूँ। फिर भी उससे दूर नहीं हुआ। कहा जाता है कि तुमने बहुत पतितों को तारा है। (मैंने भी) अपने कानोंसे ऐसी वाणी सुनी है। जहाज़ पर चढ़ना चाहता हूँ; पर केवट की उतराई नहीं दी जाती। मैं आपसे कोई नई चीज़ करने के लिये नहीं कहता हूँ। हे प्रभु! तुम सदा गरीबों पर कृपा करनेवाले हो। हे महाराज ब्रजराज! सूरदासको पार उतार लीजिये।

7. WE MUST BE BEHOLDEN TO OUR VERY SINS FOR THE VISION OF GOD

शङ्कर रामरूप अनुरागे।
नयन पञ्चदश अतिप्रिय लागे ॥ १ ॥

निरखि रामछवि विधि हरषाने।
आठहिं नयन जानि पछिताने ॥ २ ॥

सुरसेनप उर बहुत उछाहू।
बिधि तें डेवढ़ लोचन लाहू ॥ ३ ॥

रामहिं चितव सुरेस सुजाना।
गौतम शाप परमहित माना ॥ ४ ॥

देव सकल सुरपतिहि सिहाहीं।
आजु पुरन्दर सम कोउ नाहीं ॥ ५ ॥

(७) अनुवाद.

शङ्करजी रामरूपमें अनुरक्त हुए, और उन्हें अपने पन्द्रह नयन अतिप्रिय लगे। राम की छबि देखकर ब्रह्मदेव हर्षित हुए और अपने आठ ही नयन जान कर पछताये। षड़ानन को अपने हृदय में बहुत उत्साह हुआ क्योंकि उन्होंने ब्रह्मदेव से ड्योढ़े नयनों का लाभ उठाया। चतुर इन्द्र ने राम को देखकर गौतम ऋषि के शाप को परम हितकारी मान। देवगण इन्द्र की बढ़ाई करने लगे कि आज पुरंदर के समान कोई नहीं।

8. TULSIDAS ON THE EFFECTS OF OLD AGE.

ममता तू न गई मेरे मन तें ॥ टे ॥
पाके केस जनमके साथी,
लाज गई लोकन ते ॥ १ ॥
तन थाके, कर कम्पन लागे,
ज्योति गई नयनन तें ॥ २ ॥
सरबन बचन न सुनत काहु के,
बल गये सब इन्द्रिन तें ॥ ३ ॥
टूटे दसन बचन नहिं आवत,
सोभा गई मुखन तें ॥ ४ ॥
कफ पित बात कण्ठ पर बैठे,
सुतहि बुलावत कर तें ॥ ५ ॥
भाइ बन्धु सब परम पियारे,
नारि निकारत घर तें ॥ ६ ॥
जैसे शशिमण्डल बिच स्याही,
छुटै न कोटि जतन तें ॥ ७ ॥
तुलसिदास बलि जाउँ चरन तें,
लोभ पराए धन तें ॥ ८ ॥

(८) अनुवाद

ममता ! तू मेरे मन से नहीं गई। जन्म के साथी मेरे केश पक गए। लोगों से मेरी लज्जा चली गई। तन थक गया। हाथ काँपने लगे। नेत्रों से ज्योति निकल गई। श्रवण किसी के वचन नहीं सुनते। इन्द्रियों का बल चला गया। दाँत टूट गये। कफ़, पित्त, और वात कण्ठ पर बैठ गए हैं। सुत को हाथ से बुलाता हूँ। परम प्यारे भाई, बन्धुजन और नारी घर से निकाल रहे हैं। जैसे शशिमण्डल की स्याही कोटि यत्न से भी नहीं छूटती (उसी प्रकार ममता मेरे मन से अब भी नहीं गई)। तुलसीदास तुम्हारे उन चरणों की बलि जाता है, जो विषयों के लोभ को परास्त करते हैं।

9. SURDAS ON THE RAVAGES OF DEATH.

जा दिन मन-पंछी उड़ि जैहै ॥ टे ॥
ता दिन तेरे तन-तरुवर के,
सबै पात झर जैहैं ॥ १ ॥
या देही कौ गरब न करिए,
स्यार काग गिध खैहैं ॥ २ ॥
तीननि मैं तन के विष्ठा कृमि,
कै ह्वै खाक उड़ै हैं ॥ ३ ॥
कँह वह नीर, कहाँ वह सोभा,
कहँ रँग-रूप दिखै हैं ॥ ४ ॥
जिन लोगन सों नेह करत हौ,
तेई देखि घिनै हैं ॥ ५ ॥
घरके कहत सबारे काढ़ौ,
भूत होइ धरि खैहैं ॥ ६ ॥
जिन पुत्रन्हि बहुत प्रतिपाल्यो,
देवी देव मनैहैं ॥ ७ ॥
तेई लै खोपरी बांस दै
सीस फोरि बिखरैहैं ॥ ८ ॥
अजहूँ मूढ़ करहु सतसंगति,
सन्तन में कछु पैहैं ॥ ९ ॥
नर-बपु धारि भजत नहिं हरि कौं,
जम की मार सो खैहैं ॥१०॥
सूरदास भगवन्त भजन बिनु,
वृथा सुजनम गँवैहैं ॥११॥

(९) अनुवाद.

जिस दिन मन रूपी पक्षी उड़ जायगा, उस दिन तेरे तनरूपी तरुवर के सभी पत्ते झड़ जायँगे। इस देह का गर्व न कर। इसको सियार, काग, और गिद्ध खायेंगे। तन की तीन गतियाँ, (१) विष्ठा बनना, (२) कृमि होना और (३) खाक उड़ना इन में से एक को तू, अवश्य प्राप्त होगा। कहाँ वह नीर, कहाँ वह शोभा और कहाँ वे रूपरंग दिखाई देंगे ? जिन लोगोंसे स्नेह करता है, वे ही तुझको देखकर घृणा करेंगे। घर के लोग कहेंगे कि शीघ्र बाहर निकालो नहीं तो भूत होकर पकड़ लेगा और खा लेगा। देवी देवों की मनौती करके जिन पुत्रों का बहुत प्रतिपालन किया, वे ही (पुत्र) बांस लेकर खोपड़ी पर मारेंगे और शीश को फोड़कर बिखरा देंगे। ऐ मूढ़ ! अब भी सत-संगति कर। सन्तों में तू कुछ पा जायगा। नर का शरीर धारण कर हरि को नहीं भजेगा, तो तू यम की मार खाएगा। सूरदास कहते हैं, कि भगवान के भजन के बिना तू सुजन्म को व्यर्थ ही गँवा देगा।

10. ON THE VANITY OF HUMAN LIFE.

क्या तन माँजता रे,
इक दिन मिट्टी में मिल जाना ॥ टे ॥

छैला बन कर फिरै बाग में,
धर पगड़ी में फूल।
लगा झपेटा काल का,
जाय चौकड़ी भूल ॥ १ ॥

जब लगि तेल दिया में बाती,
जगमग जगमग होय।
चुक गया तेल बिनस गई बाती
ले चल ले चल होय ॥ २ ॥

घर की तिरिया झिरझिर रोवै,
बिछुड़ि गई मेरी जोड़ी।
प्रभुदास तब उठि यों बोलै,
जिन जोड़ी तिन तोड़ी ॥ ३ ॥

(१०) अनुवाद.

रे! (तू) तन क्या माँजता है? एक दिन मिट्टी में मिल जाना है। पगड़ी में फूल धर के रंगीला बनकर बाग़ में फिरता है। जब कालका झपेटा लगता है, तब (तू) चौकड़ी भूल जाता है। जबतक दीपक में तेल और बत्ती हैं, तबतक वह जगमग जगमग करता है। जब तेल चुक जाता है और बत्ती विनष्ट हो जाती है, तब उसके लिये "ले चल ले चल" होती है। घर की स्त्री झिरझिर रोती है, कि मेरी जोड़ी बिछुड़ गई। तब प्रभुदास उठकर इस प्रकार बोलते हैं कि जिसने जोड़ी जोड़ दी, उसी ने तोड़ दी।

11. THOSE WHO HAVE GONE NEITHER RETURN NOR SEND ANY MESSAGE.

बहुरि नहिं आवना या देस ॥ टे ॥
जो जो गए बहुरि नहिं आए,
पठवत नाहिं सँदेस ॥ १ ॥
सुर नर मुनि अरु पीर औलिया,
देवी देव गनेस ॥ २ ॥
धरि धरि जनम सबै भरमे हैं
ब्रह्मा विष्णु महेस ॥ ३ ॥
जोगी जङ्गम औ संन्यासी,
दीगम्बर दरवेस ॥ ४ ॥
चुण्डित, मुण्डित पण्डित लोई,
सरग रसातल सेस ॥ ५ ॥
ज्ञानी, गुनी, चतुर अरु कविता,
राजा रंक नरेस ॥ ६ ॥
कोइ राम कोइ रहिम बखानै,
कोइ कहै आदेस ॥ ७ ॥
नाना भेष बनाय सबै मिलि,
ढूंढ़ि फिरे चहुँदेस ॥ ८ ॥
कहै कबीर अन्त ना पैहो,
बिन सतगुरु उपदेस ॥ ९ ॥

(११) अनुवाद.

इस देश में फिर आना नहीं है। जो गये हैं फिर नहीं आये। सन्देश भी नहीं भेजते। सुर, नर, मुनि, पीर, औलिया, देवी, देव, गणेश, ब्रह्मा, विष्णु और महेश सभी जन्म धर धरकर भटके हैं। योगी, जंगम और संन्यासी, दिगम्बर, दरवेश, चुण्डित, मुण्डित, और पण्डित लोग, स्वर्ग, रसातल, इत्यादि लोकों के रहने वाले, ज्ञानी, गुणी, कवि, और चतुर, लोग राजा, रंक और नरेश (सभी भटके हैं)। कोई राम, कोई रहीम बखानते हैं और कोई आदेश कहते हैं। नाना भेष बनाकर सभी चारों दिशाओं में ढूँढ़ते फिरते हैं। कबीर कहते हैं - कि बिना सद्गुरु-उपदेश के अन्त नहीं पाओगे।

12. ON THE EVIL PROCESS OF METEMPSYCHOSIS.

दिवाने मन, भजन विना दुख पैहौ ॥ टे ॥

पहिला जनम भूत का पैहौं, सात जनम पछितैहौ ।
काँटा पर का पानी पैहौं, प्यासन ही मरि जैहौ ॥ १ ॥

दूजा जनम सुवा का पैहौ, बाग बसेरा लैहौं ।
टूटे पंख बाज मँडराने, अधफड़ प्रान गँवैहौ ॥ २ ॥

बाजीगर के बानर होइ हौं, लकड़िन नाच नचैहौ ।
ऊँच नीच से हाथ पसरि हौ, माँगे भीख न पैहौ ॥ ३ ॥

तेली के घर बैला होइहौं, आँखिन ढाँपि ढँपैहौं ।
कोस पचास घरै माँ चलिहौं, बाहर होन न पैहौ ॥ ४ ॥

पँचवाँ जनम ऊँट का पैहौ, बिन तोलन बोझ लदैहौं ।
बैठे से तो उठन न पैहौ, खुरच खुरच मरि जैहौं ॥ ५ ॥

धोबी के घर गदहा होइहौं, कटी घास नहिं पैहौ ।
लादी लादि आपु चढ़ि बैठे, लै घाटे पहुँचैहौ ॥ ६ ॥

पंछिन माँ तो कौवा होइहौं, करर करर गुहरैहौ ।
उड़ि के जाय बैठि मैले थल, गहिरे चोंच लगैहौ ॥ ७ ।

सत्तनाम की हेर न करिहौं, मन ही मन पछितैहौ ।
कहै कबीर सुनो भइ साधो, नरक नसेनी पैहौ ॥ ८ ॥

(१२) अनुवाद.

ए पागल मन! भजन के बिना दुख पाओगे। पहिला जन्म भूत का पाओगे और सात जन्मों तक पछताओगे। वहाँ केवल काँटे पर का पानी पाओगे, जिससे प्यासे ही मर जाओगे। दूसरा जन्म सुए का पाओगे और बागमें बसेरा लोगे। बाज़ के मँडराने पर पंख टूट जाने से आधे में ही फड़फड़ाकर प्राण गँवा दोगे। बाजीगर के बन्दर होगे, लकड़ियों से नाच नचाये जाओगे। ऊँच नीच के सामने हाथ पसारोगे और माँगने पर भी भीख नहीं पाओगे। तेली के घर बैल बनोगे और आँखों को ढाँप से ढँपाओगे। घर में ही पचास कोस चलोगे; लेकिन बाहर नहीं होने पाओगे। पाँचवाँ जन्म ऊँट का पाओगे, बिना तौल बोझ (अपने ऊपर) लदाओगे, बैठकर उठ नहीं पाओगे और खुरच खुरच कर मर जाओगे। धोबी के घर का गदहा होगे, वहाँ सूखी घास भी नहीं पाओगे; लादी लादकर स्वयं भी लादीपर बैठने वाले धोबी को लेकर घाट पर पहुंचाओगे। पक्षियों में कौवा होगे और करर करर चिल्लाओगे, उड़कर मैले स्थल पर जाकर बैठोगे और चोंच को बहुत गहरी घुसाओगे। कबीर कहते हैं, हे साधो, सतनाम की खोज नहीं करोगे तो, मन ही मन पछताओगे और (अन्त में) नरक की नसेनी पाओगे।

13. HELPLESSNESS IN LIFE'S EXPERIENCE.

करम गति टारै नाहिं टरी ॥ टेक ॥

मुनि वसिष्ठ से पण्डित ज्ञानि,
सोधि के लगन धरी ।
सीता हरन मरन दसरथ को,
बन में बिपति परी ॥ १ ॥

कहँ वह फन्द कहाँ वह पारधि,
कहँ वह मिरग चरी ।
कोटि गाय नित पुन्य करत नृग,
गिरगिट-जोन परी ॥ २ ॥

पाण्डव जिनके आप सारथी,
तिन पर बिपति परी ।
कहत कबीर सुनो भाइ साधो,
होनी होके रही ॥ ३ ॥

(१३) अनुवाद.

कर्म की गति टालने से भी नहीं टलती। मुनि वशिष्ठ सदृश ज्ञानी पण्डित ने शोध कर लग्न रक्खी थी; फिर भी सीता का हरण और दशरथ का मरण हुआ और बन में विपत्ति पड़ी। कहाँ वह फन्दा था, कहाँ वह पारधि था और कहाँ वह मृग चरता था। नित्य कोटि गायों का दान करने वाले नृग को गिरगिट की योनि मिली। जिन पाण्डवों के आप (कृष्ण) ही सारथी थे, उन पर विपत्ति पड़ी। कबीर कहते हैं, कि होनि होके ही रहती है।

14. SPIRITUAL LIFE AS ALONE CAPABLE OF SAVING ONE FROM HELPLESS SUBMISSION TO DEATH.

रे मन जनम अकारथ जात ॥ टे ॥
बिछुरे मिलन बहुरि नहिं होवे,
ज्यों तरुवर के पात ॥ १ ॥

सन्निपात कफ कण्ठ निरोधी,
रसना टूटी जात ।
प्रान लिए जम जात, मूढ़मति
देखत जननी तात ॥ २ ॥

छिन इक माहिँ कोटि जुग बीतत,
फेरि नरक की बात ।
यह जग प्रीति सुआ सेमर की,
चाखत ही उड़ि जात ॥ ३ ॥

जम के फन्द नाहिं पड़ु बौरे,
चरनन चित्त लगात ।
कहत सूर विरथा यह देही
अन्तर क्यों इतरात ॥ ४ ॥

(१४) अनुवाद.

रे मन ! जन्म बेकार जा रहा है । बिछुड़ने पर तरुवर की पत्तियों की तरह फिर मिलन नहीं होगा । सन्निपात में कफ़ कण्ठ-निरोध करता है । रसना रुक जाती है । यम प्राण लेकर जाता है । माता-पिता मूढ़मति होकर देखते हैं । एक क्षण कोटि युगों के समान व्यतीत होता है । जग के लिये तेरी यह प्रीति सेमर के लिये सुग्गे की प्रीति की तरह है । चोंच लगाते ही तूल उड़ जाता है । रे बावले, यम के फन्दे में मत पड़ । चरणों में चित्त लगाता रह । सूर कहते हैं, कि यह देह बेकार है । तू हृदय में इतना घमण्ड क्यों करता है ?

15. THE LOVE OF GOD AS THE ONLY WAY OF ESCAPE FROM LIFE'S MISERIES.

रे दिल गाफ़िल गफ़लत मत कर
एक दिना जम आवेगा ॥ टे ॥

सौदा करने या जग आया,
पूँजी लाया, मूल गँवाया,
प्रेमनगर का अन्त न पाया,
ज्यों आया त्यों जावेगा ॥ १ ॥

सुन मेरे साजन, सुन मेरे मीता,
या जीवन में क्या क्या कीता,
सिर पाहन का बोझा लीता,
आगे कौन छुड़ावेगा ॥ २ ॥

परलि पार तेरा मीता खड़िया,
उस मिलने का ध्यान न धरिया,
टूटी नाव ऊपर जा बैठा,
गाफ़िल गोता खावेगा ॥ ३ ॥

दास कबीर कहै समुझाई,
अन्त समय तेरा कौन सहाई,
चला अकेला संग न कोई,
कीया अपना पावेगा ॥ ४ ॥

(१५) अनुवाद.

रे गाफ़िल दिल, भूल मत कर। एक दिन यम आवेगा। तू इस जगमें पूँजी लेकर सौदा करने आया, लेकिन मूल गँवा दिया। प्रेमनगर का तूने अन्त नहीं पाया। तू जिस तरह आया, उसी तरह जाएगा! ऐ मेरे साजन, ऐ मेरे गुणी, सुन, इस जीवन में (तूने) क्या क्या किया? सिर पर पत्थर का बोझ ले लिया। तुझे आगे कौन छुड़ावेगा? उस पार तेरा मित्र खड़ा है। तूने उससे मिलने का ध्यान नहीं रक्खा। टूटी नाव के ऊपर जाकर बैठ गया, ऐ गाफ़िल, तू डूब जायगा। कबीरदास समझाकर कहते हैं, अन्त समय में तेरा सहायक कौन है? बिना किसी साथी के तू अकेला चला है। अपने किए का फल पाएगा।

CHAPTER 2

The Necessity Of Moral Preparation.

1. AVOIDANCE OF THE UNGODLY.

छाँड़ि मन हरि-बिमुखन को संग ॥ टे ॥
जिनके संग कुबुधि उपजति है,
परत भजन में भंग ॥ १ ॥
कहा होत पय पान कराए,
विष नहिं तजत भुजंग ॥ २ ॥
कागहिँ कहा कपूर चुगाए,
स्वान न्हवाए गंग ॥ ३ ॥
खर को कहा अरगजा लेपन,
मरकट भूषन अंग ॥ ४ ॥
गज को कहा न्हवाए सरिता,
बहुरि खेह धरै अंग ॥ ५ ॥
पाहन पतित बान नहिं बेधत,
रीतो करत निषंग ॥ ६ ॥
सूरदास खल कारी कामरी,
चढ़त न दूजो रंग ॥ ७ ॥

(१) अनुवाद.

रे मन, जिन के संग से कुबुद्धि उपजती है और भजन में भंग पड़ता है, उन हरिविमुखों का संग छोड़ दे। भुजंग को दूध पिलाने से क्या लाभ? वह अपना विष नहीं छोड़ता। कौवे को कपूर चुगाने से क्या? कुत्ते को गंगा में नहलाने से क्या? गदहे को अरगजा-लेपन से क्या? बन्दर के अंगों पर भूषण पहिनाने से क्या? हाथी को सरिता में नहलाने से क्या? वह फिर अपने अंग पर धूल ही धारण करता है। बाण पतित पाषाण को नहीं बेधता (चाहे) निषंग खाली कर दिया जाय। सूरदास कहते हैं, कि खल काली कामरी है, उस पर दूसरा रंग नहीं चढ़ सकता।

2. I AM THE KING OF VICES; DESTROY MY EVIL PROPENSITIES. O' LORD!

अब मैं नाच्यों बहुत गुपाल ॥ टे ॥
काम क्रोध को पहिरि चोलना,
कण्ठ विषय की माल ॥ १ ॥

महामोह के नूपुर बाजत,
निन्दा शब्द रसाल।
भरम भन्यो मन भयो पखावज,
चलत कुसंगत चाल ॥ २ ॥

तृस्ना नाद करत घट भीतर,
नाना विधि दै ताल।
माया को कटि फेंटा बाँध्यो,
लोभ तिलक दै भाल ॥ ३ ॥

कोटि कला काँछि देखराई,
जल थल सुधि नहिं काल।
सूरदास की सबै अविद्या,
दूर करो नंदलाल ॥ ४ ॥

(२) अनुवाद.

हे गोपाल, आज तक मैं बहुत नाच चुका। (मैंने) काम और क्रोध का चोला पहन कर गले में विषयों की माला डाल ली। महामोह के घुँघरू बज रहे हैं। निन्दा के रसीले शब्द उठते हैं। भ्रम से भरा हुआ मन रूपी पखावज बज रहा है। और बुरी संगत वालों की चाल चलता है। अन्तःकरण में तृष्णा अनेक प्रकार से ताल देकर नाद कर रही है। कमर में माया का फेंटा लपेटा है और भाल पर लोभ का तिलक दिया है। नट के अभिनय वेश में करोड़ों कलाएँ प्रदर्शित की हैं! जल, स्थल और काल की स्मृति नहीं रही। सूरदास कहते हैं, कि हे नन्दलाल, मेरी सब अविद्या दूर करो।

3. THE MEANING OF A KAFIR

सो काफ़िर जो बोलै काफ़
दिल अपणा नहिं राखै साफ़ ॥ १ ॥

साईं का फ़रमान न माने,
' कहाँ पीव ' ऐसा करि जानै ॥ २ ।

मन आपणे में समझत नाहीं,
निरखत चलै आपणी छाहीं ॥ ३ ॥

जोर जुल्म करि कुटुम्ब सूँ खाई
कपट कूड़ संब उस ही माहीं ॥ ४ ॥

जोर करै, मिसकीन सतावै,
दिल उसके में दरद न आवे ॥ ५ ॥

साईं को पहिचानै नाहीं
सो काफ़िर दोज़ख में जाहीं ॥ ६ ॥

(३) अनुवाद.

काफ़िर वही है ' जो सब झूट है ', ऐसा कहता है। जो अपना हृदय शुद्ध नहीं रखता । स्वामी का आदेश नहीं मानता। ' ईश्वर कहाँ है ' ऐसा प्रश्न करना जानता है। अपने मन में विवेक नहीं करता। अपनी छाया की ओर दृष्टि रख कर चलता है। कुटुम्बियों पर ज़बरदस्ती कर उनका माल खाता है। कपट का कूड़ा सब उसी में भरा रहता है। जुल्म कर दीन दुखियों को पीड़ा पहुँचाता है। उसके हृदय में तनिक भी अनुकम्पा नहीं आती । स्वामी को वह नहीं पहचानता। ऐसा काफ़िर नरक में ही जायगा।

4. A SPIRITUAL FAKIR.

मन लागो यार फकीरी में ॥ टे ॥

जो सुख पावो राम भजन में,
सो सुख नाहिं अमीरी में ॥ १ ॥

भला बुरा सब को सुनि लीजै,
करि गुजरान गरीबी में ॥ २ ॥

प्रेमनगर में रहनि हमारी,
भलि बनि आई सबूरी में ॥ ३ ॥

हाथ में कूँडी, बगल में सोंटा,
चारों दिसा जगीरी में ॥ ४ ॥

आखिर यह तन खाक मिलेगा,
कहा फिरत मगरूरी में ॥ ५ ॥

कहत कबीर सुनो भाइ साधो,
साहब मिलै सबूरी में ॥ ६ ॥

(४) अनुवाद.

हे प्यारे मन, तुम फ़क़ीरी में लगे रहो । तुम जो सुख रामभजन में पाओगे, वह सुख अमीरी में नहीं पाओगे । सब भला बुरा सुन लो । गरीबी में निर्वाह करो । प्रेमनगर में हमारी रहनी सब्र के कारण उन्नत हो रही है । हाथ में कूँडी बगल में सोटा लेने से चारों दिशाए जागीर में आती हैं । अभिमान क्यों करते हो ? अन्त में यह तन मिट्टी में ही मिल जायगा । कबीर कहते हैं, कि हे साधो, साहब सब्र से प्राप्त होता है ।

5. THE MORAL AND SPIRITUAL REQUIREMENTS OF BRAHMINHOOD.

ब्राह्मण सो जो ब्रह्म पिछानै।
बाहर जाता भीतर आनै ॥ १ ॥

पांचों बस करि, झूठ न भाखै,
दया जनेऊ अन्तर राखै ॥ २ ॥

आतमविद्या पढ़ै पढ़ावै,
परमातम में ध्यान लगावै ॥ ३ ॥

काम क्रोध मन लोभ न होई,
चरनदास कहै ब्राह्मण सोई ॥ ४ ।

(५) अनुवाद.

ब्राह्मण वह है जो ब्रह्म को पहिचानता है। जो बाहर दौड़ने वाली पाँचों इन्द्रियों को वश में कर अन्दर लाता है। झूँठ नहीं बोलता। अंतःकरण में दया-रूपी जनेऊ पहनता है। आत्मविद्या स्वयं पढ़ता और अन्यों को पढ़ाता है। परमात्मा में ध्यान लगाता है। काम, क्रोध, मद और लोभ उस में नहीं होते। चरणदास कहते हैं, (जो इन सब गुणों से युक्त है) वही ब्राह्मण है।

6. FOLLOW THE SAINTS; FOR THEN YOU WILL SEE GOD EVERYWHERE.

बिसर गई सब आप-पराई,
जब ते साधू संगत पाई ॥ १ ॥

ना कोउ बैरी नहि बेगाना,
सकल संग हमरी बनि आई ॥ २ ॥

जो प्रभु कीनो सो भल मानो,
यहै सुमति साधू ते पाई ॥ ३ ॥

सब में रम रहा प्रभु एकाकी,
पेखि पेखि नानक बिहँसाई ॥ ४ ॥

(६) अनुवाद.

जब से साधु की संगति पाई, तब से सब आप-पर-भाव मिट गया। न कोई वैरी, न कोई पराया रहा। सत्संगत से हमारी सब पूर्ति हो गई। साधु से यही सुमति पाई कि प्रभु ने जो किया, वह भला मानो। एकाकी प्रभु सब में रम रहा है। नानक उसे देख देख हँस रहा है।

7. LEAVE AWAY THY FATHER AND MOTHER AND FOLLOW ME.

जाके प्रिय न राम-वैदेही ॥ टे ॥
तजिये ताहि कोटि बैरि सम
जद्यपि परम सनेही ॥ १ ॥

तजेउ पिता प्रह्लाद, बिभीषन
बन्धु, भरत महतारी ।
बलि गुरु तजेउ नाह ब्रज बनितन्ह
भे जग-मंगलकारी ॥ २ ॥

नातो नेह राम के मनियत,
सुहृद सुसेव्य तहाँ लौं ।
अंजन कहा आँखि जेहि फूटइ,
बहुतक कहउँ कहाँ लौं ॥ ३ ॥

तुलसी सोइ आपनो सकल विधि,
पूज्य प्रान ते प्यारो ।
जासों होइ सनेह राम सों
एतो मतो हमारो ॥ ४ ॥

(७) अनुवाद

जिसको राम और वैदेही प्रिय नहीं हैं, उसको कोटि वैरी के समान छोड़ देना चाहिए, चाहे वह परमस्नेही ही क्यों न हो। प्रह्लाद ने पिता को, बिभीषण ने भाई को और भरत ने अपनी माता को छोड़ दिया। बलि ने अपने गुरु (शुक्राचार्य) और व्रज की स्त्रियों ने (अपने) पतियों को छोड़ दिया। (तो भी) जगत में मंगलकारी हुए। (जब तक) राम के स्नेह से नाता मानते हैं, तब तक ही वे सुहृद और सुसेव्य होते हैं। वह अंजन किस काम का है, जिस से आँखें फूट जाएँ। अधिक कहाँ तक कहूँ। तुलसीदास कहते हैं, कि वही सब प्रकार से अपना है, पूज्य है और प्राण से प्यारा है, जिसके द्वारा राम से स्नेह होता है, यही हमारा मत है।

8. HAND OVER TO GOD, UNSULLIED, THIS FINE VESTURE WHICH HE HAS SO SKILLFULLY WOVEN.

झीनी झीनी बीनी चदरिया ॥ टे ॥

काहे कै ताना काहे कै भरनी,
कौन तार से बीनी चदरिया ॥ १ ॥

इड़ा पिंगला ताना भरनी,
सुखमन तार से बीनी चदरिया ॥ २ ॥

आठ कँवल दल चरखा डोलै,
पाँच तत्व गुन तीनी चदरिया ॥ ३ ॥

साँइ को सियत मास दस लागे,
ठोंक ठोंक कै बीनी चदरिया ॥ ४ ॥

सो चादर सुर नर मुनि ओढ़ी,
ओढ़ि कै मैली कीनी चदरिया ॥ ५ ॥

दास कबीर जतन करि ओढ़ी,
ज्यों की त्यों धर दीनी चदरिया ॥ ६ ॥

(८) अनुवाद.

चदरिया बहुत झीनी बुनी गई है। किस का ताना और किस की भरनी है? और किस तार से चदरिया बुनी गई है? इड़ा और पिंगला ताना और भरनी हैं। सुषुम्ना के तार से चदरिया बुनी गई है। अष्टकमल-समूह का चरखा डोलता है। पाँच तत्वों और तीन गुणों से यह चादर बनी हुई है। स्वामी को बुनने में दस मास लगे हैं। ठोंक ठोंक कर चादर बुनी। वह चादर सुर, नर, मुनि सब ने ओढ़ी। लेकिन सब ने ओढ़कर मैली कर दी। दास कबीर ने वही चादर सावधानी से ओढ़ी और ज्यों की त्यों धर दी।

9. THE CHARIOT OF SPIRITUAL VICTORY.

जेहि जय होइ सो स्यन्दन आना ॥ टे ॥
सौरज धीरज तेहि रथ चाका,
सत्य, सील दृढ़ ध्वजा पताका ॥ १ ॥
बल बिबेक दम पर हित घोरे,
छमा कृपा समता रजु जोरे ॥ २ ॥
ईस भजन सारथी सुजाना,
विरति चर्म सन्तोष कृपाना ॥ ३ ॥
दान परसु, बुधि सक्ति प्रचण्डा,
वर विज्ञान कठिन कोदण्डा ॥ ४ ॥
अमल अचल मन त्रोण समाना,
सम जम नियम सिलीमुख नाना ॥ ५ ॥
कवच अभेद विप्र-गुरु-पूजा,
एहि सम विजय उपाय न दूजा ॥ ६ ॥

(९) अनुवाद.

जिस से जय होगी वह रथ दूसरा है। शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिये हैं। सत्य और शील दृढ़ ध्वजा और पताका हैं। बल, विवेक, दम और परोपकार घोड़े हैं। वे क्षमा, कृपा और समता की तीन लड़ी रस्सी से स्यन्दन में जुड़े हैं। ईश्वर का भजन चतुर सारथी है। विरक्ति ढाल है। सन्तोष कृपाण है। दान परशु है। बुद्धि प्रचण्ड शक्ति है। श्रेष्ठ विज्ञान कठिन कोदण्ड है। मल रहित और अचल मन तूणीर के समान है। शम, यम, नियम अनेक बाण हैं। विप्र और गुरु की पूजा अभेद्य कवच है। इसके समान विजय का उपाय अन्य कोई नहीं है।

10. ACTION AS THE CRADLE OF GOD.

करनी बिन कथनी इसी,
ज्यों ससि बिन रजनी।
बिन साहस ज्यों सूरमा,
भूषण बिन सजनी ॥ १ ॥

बाँझ झुलावै पालना,
बालक नहि माहीं।
बस्तु बिहीना जानिए,
जहँ करनी नाहीं ॥ २ ॥

बहु डिम्भी करनी बिना,
कथि कथि कर मूए।
सन्तो कथि करनी करी,
हरि के सम हूए ॥ ३ ॥

(१०) अनुवाद.

क्रिया के बिना कथन इसी प्रकार है, जिस प्रकार चन्द्रमा के बिना रात्रि, हिम्मत के बिना वीर, अथवा अलंकार के बिना नारी होती है। क्रिया के बिना कथनी उसी प्रकार है, जिस प्रकार बालक के बिना पालना झुलाने वाली वन्ध्या। अति-दम्भी लोग कुछ किये बिना, कह कह कर मर गये; किन्तु संत लोग कथन के अनुसार आचरण कर हरि के समान हो गये।

11. THE LAMP OF JNANA.

चौपाईः—सात्विक श्रद्धा धेनु सुहाई ।
जो हरिकृपा हृदय बसि आई ॥

जप तप ब्रत जम नियम अपारा ।
जे श्रुति कह सुभ धर्म अचारा ॥

तेइ तृण हरित चरै जब गाई ।
भाव बच्छ सिसु पाइ पन्हाई ॥

परम धरममय पय दुहि भाई ।
अँवटै अनल अकाम बनाई ॥

तोष मरुत तब छमा जुड़ावै ।
धृति सम जावनु दही जमावै ॥

मुदिता मथै बिचार मथानी ।
दम अधार रजु सत्य सुबानी ॥

तब मथि काढ़ि लेइ नवनीता ।
बिमल बिराग सुभग सुपुनीता ॥

(Contd. on p. 54)

(११) अनुवाद.

सात्विक श्रद्धा रूपी सुन्दर धेनु जब हरि की कृपा से हृदय में आ बसती है, तब अपार जप, तप, व्रत, यम, नियम और जो कुछ शुभ धर्म और आचार श्रुतियों ने कहे हैं, उस हरित तृण को वह चरती है और भावरूपी छोटे बछड़े को पाकर पन्हाती है। हे भाई, उस गाय से परम धर्म-मय दूध दुहकर अकामरूपी अनल पर अच्छी तरह औटावे। जब तोषरूपी मरुत चले, क्षमा ठण्डा करे। फिर धृतिरूपी जामन छोड़कर दही जमावे। दम को आधार और सत्य सुवाणी को रज्जु बनाकर विचार रूपी मथानी से मुदिता (उस दही) को मथे। मथकर विमल सुभग सुपुनीत वैराग्य रूपी नवनीत निकाल ले।

(*Contd. on p. 55*)

(*Contd from p 52*)

दोहाः — जोग अगिनि करि प्रगट तब, कर्म सुभासुभ लाइ
बुद्धि सिरावै ज्ञान घृत, ममता मल जरि जाइ ॥
तब बिग्यान निरूपिणी, बुद्धि बिसद घृत पाइ ।
चित्त दिया भरि धरै दृढ़, समता दिअटि बनाइ ॥
तीन अवस्था तीन गुण, तेहि कपास ते काढ़ि ।
तूल तुरीअ सँवारि पुनि, बाती करै सुगाढ़ि ॥

सोरठाः — यहि विधि लेसै दीप,
तेज-रासि विज्ञानमय ।
जातहिं जासु समीप,
जरहिं मदादिक सलभ सब ॥

चौपाईः — सोऽहमस्मि इति वृत्ति अखण्डा,
दीपसिखा सोइ परम प्रचण्डा ।
आतम-अनुभव सुख सुप्रकासा,
तब भव-मूल भेद-भ्रम नासा ॥

(*Contd. from p. 53*)

तब योग रूपी अग्नि को प्रकट कर उसमें शुभाशुभ कर्मरूप ईंधन डाले। जब ममता रूपी मल जल जाय, तब बुद्धि, ज्ञान रूपी घृत निकाल ले। तब विज्ञान निरूपिणी बुद्धि विशद घृत को पाकर उस से चित्तरूपी दीपक को भरे और समता रूपी दृढ़ दीवट बना कर उसपर रक्खे। तीन अवस्था रूप तीन गुणों को (अंतःकरणरूपी) कपास से निकाल कर तुरीय रूपी तूल से उन को ठीक कर के गाढ़ी बत्ती बना ले।

इस प्रकार विज्ञानमय तेजराशि दीप जलावे। जिसके समीप जाते ही सब मदादिक शलभ जल जावें।

"सोऽहमस्मि" ऐसी जो अखण्ड वृत्ति है, वही परम प्रचण्ड दीप शिखा है। (जब) आत्मानुभव-सुख-रूपी सुप्रकाश होता है तब भवमूल भेदरूपी भ्रम का नाश हो जाता है।

12. THE JEWEL OF BHAKTI.

पावन पर्वत वेद पुराना ।
रामकथा रुचिराकर नाना ॥

मर्मी सज्जन सुमति कुदारी ।
ज्ञान बिराग नयन उरगारी ॥

भाव सहित खोजइ जो प्रानी ।
पाव भगति मणि सब सुख खानी ॥

रामभगति चिन्तामणि सुन्दर ।
बसइ गरुड़, जाके उर अन्तर ॥

परम प्रकासरूप दिन राती ।
नहि कछु चहिय दिया घृत बाती ॥

मोह दरिद्र निकट नहिं आवा ।
लोभ बात नहिं ताहि बुझावा ॥

प्रबल अविद्या तम मिट जाई ।
हारहिं सकल सलभ समुदाई ॥

खल कामादि निकट नहिं जाहीं ।
बसइ भगति जाके उर माहीं ॥

गरल सुधा सम अरि हित होई
तेहि मणि बिनु सुख पाव न कोई ॥

(*Contd. on p. 58*)

(१२) अनुवाद.

वेद और पुराण पावन पर्वत हैं। राम की कथाएं उसमें अनेक सुन्दर खानें हैं। सज्जन मर्मी हैं। सुमति कुदारी है। हे गरुड़, ज्ञान और वैराग्य दो नेत्र हैं। जो प्राणी भाव से खोजता है, वह सब सुखों की मूल भक्तिरूपी मणि को पाता है। हे गरुड़, वह (मणि) दिन रात परम प्रकाशरूप है। उस के लिये दीपक, घृत, बत्ती कुछ नहीं चाहिए, लोभ रूपी वात उसे बुझा नहीं सकता। ऐसी रामभक्ति रूपी सुन्दर चिन्तामणि जिसके हृदय में बसती है, मोह दरिद्र उस के निकट नहीं आता है। अविद्या का प्रबल तम मिट जाता है। सकल शलभ समुदाय हार जाते हैं। जिसके हृदय में भक्ति बसती है, कामादि खल उसके निकट नहीं आते हैं। गरल अमृत के सदृश और शत्रु मित्र हो जाता है। उस मणि के बिना कोई सुख नहीं पाता।

(*Contd. on p. 59*)

(*Contd. from p. 56*)

राम भगति मणि उर बसि जाके ।
दुख लवलेस न सपनेहु ताके ॥
चतुर सिरोमणि तेइ जग माहीं ।
जे मणि लागि सुयतन कराहीं ॥
सो मणि जदपि प्रगट जग अहई ।
राम-कृपा बिनु नहिं कोउ लहई ॥

(*Contd. from p. 57*)

जिसके हृदय में रामभक्ति रूपी मणि बसती है, उसको स्वप्न में भी लेशमात्र दुःख नहीं होता। इस मणि के लिये जो सुयत्न करते हैं, संसार में वे ही चतुर-शिरोमणि हैं। यद्यपि यह मणि जग में प्रकट है, फिर भी राम-कृपा के बिना कोई नहीं पाता।

13. JNANA AS THE TRANSCENDENCE OF APPEARANCE.

गोपी सुनहु हरि-सन्देस ॥ टे ॥
कह्यो पूरण ब्रह्म ध्यावौ,
त्रिगुण मिथ्या भेस ॥ १ ॥

मैं कह्यौं सो सत्य मानहु,
त्रिगुण डारौ नास ।
पञ्च त्रय गुण सकल देही,
जगत ऐसो भास ॥ २ ॥

ज्ञान बिनु नर मुक्ति नाहीं,
यह विषै संसार ।
रूप रेख न नाम कुल गुण,
बरण अवर न सार ॥ ३ ॥

मात पितु कोइ नाहिं नारी,
जगत मिथ्या लाइ ।
सुर सुख दुःख नाहिं जाके,
भजो ताको जाइ ॥ ४ ॥

(१३) अनुवाद.

गोपी, हरि का सन्देश सुनो। (उन्होंने) कहा है कि पूर्ण ब्रह्म का ध्यान करो। त्रिगुणात्मक आकार मिथ्या है। मैं जो कहता हूँ सो सत्य मानो। तीनों गुणों को नष्ट कर डालो। सब देही पंचभूतात्मक और त्रिगुणात्मक हैं। इस प्रकार जगत केवल भासमान है। ज्ञान के बिना मनुष्य को मुक्ति नहीं। यह संसार विषरूप है। रूप, रेख, नाम, कुल, गुण और वर्ण असत हैं, अधम हैं, उनमें सार नहीं है। माता, पिता, और स्त्री कोई भी सत्य नहीं हैं। जगत को मिथ्या समझो। सूरदास कहते हैं कि जिसको सुख और दुःख नहीं, उस प्रभु को जाकर भजो।

14. BHAKTI AS THE QUEST FOR GOD.

ऊधो हमहिं न जोग सिखैहै ॥ टे ॥
जेहि उपदेस मिलैं हरि हम को,
सो ब्रत नेम बतैहै ॥ १ ॥

मुक्ति रहै घर बैठि आपने,
निगुण सुनत दुख पैहै ।
जिहि सिर केस कुसुम भरि गूँदै,
तेहि किमि भसम चढ़ैहै ॥ २ ॥

जानि जानि सब मगन भए हैं,
आपुन आपु लखैहै ।
सूरदास प्रभु सुनहु नवोनिधि,
बहुरि कि या ब्रज अइहै ॥ ३ ॥

(१४) अनुवाद.

ऊधव, हमको योग न सिखाओ। जिस उपदेश से हम को हरि मिलें, वही व्रत, नियम बताओ। मुक्ति अपने घर बैठी रहे। निर्गुण सुनते ही हम दुख पाती हैं। जिस सिर के केशों में भर भर कर फूल पिरोए, उसी पर भस्म किस प्रकार चढावें? जान-जान कर हम सब मग्न हो गई हैं; हमको आत्म-दर्शन दो। सूरदास कहते हैं कि हे ऊधव! क्या नवोनिधि (कृष्ण) फिर इस व्रज में आयेंगे?

15. GOD IN RELATION TO THE JNANI AND THE BHAKTA.

सुनु मुनि तोहिं कहउँ सहरोसा ।
भजहिं जे मोहिं तजि सकल भरोसा ॥
करउँ सदा तिन्हकै रखवारी ।
जिमि बालक राखइ महतारी ॥
गह सिसु बच्छ अनल अहि धाई ।
तहँ राखइ जननी अरगाई ॥
प्रौढ़ भए तेहि सुत पर माता ।
प्रीति करइ, नहिं पाछिलि बाता ॥
मोरे प्रौढ़ तनय सम ज्ञानी ।
बालक सुत सम दास अमानी ।
जिनहिं मोर बल निज बल ताही ।
दुहुँ कहँ काम, क्रोध, रिपु आहीं ॥
यह बिचारि पण्डित मोहिं भजहीँ ।
पाएहुँ ज्ञान भगति नहिं तजहीं ॥

(१५) अनुवाद

हे मुनि, सुनो, तुम से प्रसन्नता पूर्वक कहता हूं : जो सब का भरोसा तज कर मुझे भजते हैं, मैं सदा उनकी रखवाली करता हूँ, जिस प्रकार माता बालक की रखवाली करती है। जब छोटा बच्चा दौड़कर अग्नि या सर्प को पकड़ता है, तब माता उसको अलग करके रक्षा करती है। प्रौढ़ हो जाने पर माता उस पुत्र पर प्रीति करती है, पर (उस प्रीति में) पिछली बात नहीं रहती। मुझ को ज्ञानी प्रौढ़-तनय के समान हैं; अमानी भक्त छोटे बच्चे के समान हैं। जिनको मेरा बल है और जिनको अपना बल है, उन दोनों ही के लिए काम और क्रोध शत्रु हैं। यह विचार कर पण्डित मेरा भजन करते हैं। और ज्ञान पा जाने पर भी भक्ति नहीं छोड़ते।

16. SUPERNAL BHAKTI AS A DIAMOND WITH NINE FACETS.

चौपाईः— नवधा भगति कहउँ तोहि पाहीं ।
सावधान सुनु धरु मनमाँहीं ॥
प्रथम भगति सन्तन्ह कर संगा ।
दूसरि रति मम कथा प्रसंगा ॥

दोहाः— गुरुपद-पंकज सेवा, तीसरि भगति अमान ।
चौथी भगति मम गुणगण करइ कपट तजि गान ॥

चौपाईः— मन्त्र जाप मम दृढ़ बिस्वासा ।
पंचम भजन सुवेद प्रकासा ॥
छँठ दम सील बिरति बहु करमा ।
निरत निरंतर सज्जन धरमा ॥
सातवँ सम मोहिमय जग देखा ।
मो ते सन्त अधिक करि लेखा ॥
आठवँ जथा लाभ सन्तोषा ।
सपनेहुँ नहिं देखइ परदोषा ॥
नवम सरल सब सन छल हीना ।
मम भरोस हिय हरष न दीना ॥
नव महँ एकउ जिनके होई ।
नारि पुरुष सचराचर कोई ॥
सोइ अतिसय प्रिय सबरी मोरे ।
सकल प्रकार भगति दृढ़ तोरे ॥

(१६) अनुवाद.

(हे शबरी,) नवधा भक्ति तेरे प्रति कहता हूँ। सावधान होकर सुन और हृदय में रख। प्रथम भक्ति सन्तों का संग है। दूसरी भक्ति मेरी कथा के प्रसंग में रति है। तीसरी भक्ति गुरु के पदपंकज की मान रहित सेवा है। चौथी भक्ति यह है कि कपट तज कर मेरे गुणगण का गान करे। पंचम भक्ति जो वेद में सुप्रकाशित है वह मुझ में दृढ़ विश्वास के साथ मन्त्र जाप है। दम, शील और विरति की बहुत सी क्रियाएँ करना और सज्जन धर्मों में निरत होना छठवीँ भक्ति है। सातवीँ भक्ति जगत को समदृष्टि से मन्मय देखना और सन्त को मुझ से अधिक समझना। यदृच्छालाभ में सन्तोष करना, स्वप्न में भी परदोष न देखना आठवीँ भक्ति है। नवीं भक्ति सब के साथ सरल और छलहीन होना और मेरे भरोसे हृदय में न हर्ष और न दैन्य लाना। हे शबरी, इन नवों में से जिसकी एक भी (भक्ति) होगी, चाहे वह स्त्री, पुरुष, चर, अचर, कोई भी हो वही मेरा अतिशय प्रिय है। हे शबरी, तेरी भक्ति तो सब प्रकार से दृढ़ है।

CHAPTER 3

The Relation of God to Saints.

1. RAMANAND ON THE INTERNAL IMMANENCE AND THE UNIVERSAL PERVASIVENESS OF GOD.

कत जाइए रे, घर लाग्यो रंगु ।
मेरा चित न चलै, मन भयो पंगु ॥१॥

एक दिवस, मन उठी उमंग ।
घसि चन्दन, चोआ बहु सुगन्ध ॥२॥

पूजन चले, ब्रह्म ठाईं, ।
सो ब्रह्म बतायो गुरु, मनहिं माहीं ॥३॥

जहँ जाइए, तहँ जल पखान ।
तू पूरि रह्यो है सब समान ॥४॥

वेद पुरान सब देखे जोय ।
उहाँ तो जाइए, जो इहाँ न होय ॥५॥

सतगुरु, मैं, बलिहारी तोर ।
जिन सकल निकल भ्रम काटे मोर ॥६॥

रामानन्द स्वामी रमत ब्रह्म ।
गुरु का सबद काटै कोटि करम ॥७॥

(१) अनुवाद.

कहाँ जाऊँ ? घर में ही रंग लग गया है । मेरे चित्त ने चंचलता छोड़ दी है, और मन पंगु बन गया है । एक दिन मन में लहर उठी कि अति सुगन्ध चन्दन की लकड़ी घिस कर ब्रह्म के स्थान पर पूजन के लिए चलूँ, तो गुरु ने ब्रह्म मन ही में बताया । जहाँ जाओ, वहाँ जल और पाषाण ही हैं । हे भगवन् ! सब में तू पूर्णरूप से समाया है, वेद-पुराण आदि ढूँढ़ कर देखा तो ज्ञात हुआ कि, वहाँ तो तब जाऊँ जब तू यहाँ न हो । हे सद्गुरु ! मैं अपने को तुझ पर निछावर करता हूँ, जो तूने मेरे सकल भ्रम निःशेष काट दिए हैं । रामानन्द स्वामी ब्रह्म में रममाण हैं । गुरु के शब्द ने कोटि कर्म काट दिए हैं ।

2. THE GOD OF KABIR AS NIRANJANA.

ऐसी आरति त्रिभुवन तारै
तेजपुंज तहँ प्रान उतारै ॥ १ ॥

पाती पंच पुहुप करि पूजा
देव निरंजन और न दूजा ॥ २ ॥

तन मन सीस समरपन कीन्हा
प्रगट ज्योति तहँ आतमलीना ॥ ३ ॥

दीपक ज्ञान सबद धुनि घंटा
परम पुरिख तहँ देव अनंता ॥ ४ ॥

परम प्रकाश सकल उजियारा
कहै कबीर मैं दास तुह्मारा ॥ ५ ॥

(२) अनुवाद.

इस प्रकार की आरती तीनों भुवनों का उद्धार करती है। जहाँ प्रकाश का पुंज है, वहाँ प्राणों को न्योछावर कर पाँच पत्तीवाले पाँच फूलों से पूजन करो। निरंजन देव को छोड़कर दूसरा कोई देव नहीं है। तन, मन, सिर को समर्पण कर के प्रकाशमान ज्योति में आत्मा को लीन करो। वहां ज्ञान दीपक है, शब्द घंटा ध्वनि है; जो परम पुरुष दिखाई पड़ता है, वही अनन्त देव है। कबीर कहते हैं, स्वयं प्रकाशमान होते हुए अखिल विश्व को प्रकाशित करने वाले हे ईश्वर! मैं तुम्हारा दास हूं।

3. TULSIDAS ON THE NIRANJANA GOD AS ASSUMING THE FORM OF SAGUNA

चौपाईः—सोइ सच्चिदानन्द घनरामा
अज विज्ञानरूप गुनधामा ॥
व्यापक व्याप्य अखण्ड अनन्ता
अखिल अमोघ शक्ति भगवन्ता ॥
अगुन अदभ्र गिरा-गोऽतीता
सब दरसी अनवद्य अतीता ॥
निर्मल निराकार निर्मोहा
नित्य निरंजन सुख सन्दोहा ॥
इहां मोह का कारन नाहीं
रबि सनमुख तम कबहुँ कि जाहीं ॥
दोहाः—भगत हेतु भगवान प्रभु, राम धरेउ तनु भूप ।
किए चरित पावन परम, प्राकृत नर अनुरूप ॥
निर्गुन रूप सुलभ अति, सगुन न जानहिं कोइ ।
सुगम अगम नाना चरित, सुनि मुनि मन भ्रम होइ ॥

(३) अनुवाद.

वही सच्चिदानंद घन राम जन्मरहित, विज्ञानरूप, सब गुणों का आश्रय, व्यापक होते हुए व्याप्य, अविभाज्य, अन्त रहित, सब प्रकार की विफल न होने वाली शक्तियों से युक्त, भगवान, गुणातीत, महान, वाणी और इंद्रियों से परे, सर्वसाक्षी, अनिंद्य सब के परे, मल रहित, अविनाशी प्रभु हैं। ऐसे पुरुष में मोह या भूल का कोई कारण नहीं है। सूर्य के सामने अंधेरा कभी आ पावेगा ? भगवान प्रभु राम ने भक्तों के लिये भूपति का शरीर धारण कर सामान्य नर के समान परम पावन चरित्र किया। निर्गुणरूप तो अति सुलभ है। सगुणरूप को कोई नहीं जानता। प्रभु के सुगम, अगम, नानाप्रकार के चरित्रों को सुनकर मुनियों के मन में भी भ्रम होता है।

4. INSCRUTABILITY OF THE REASONS FOR THE INCARNATION OF GOD.

सुनु गिरिजा हरि चरित सुहाये
विपुल विशद निगमागम गाये ॥
हरि अवतार हेतु जस होई
इदमित्थं कहि जाइ न सोई ॥
राम अतर्क्य बुद्धि मन बानी
मत हमार अस सुनहु सयानी ॥
तदपि सन्त मुनि बेद पुराना
जस कछु कहहिं स्व-मति अनुमाना ॥
तस मैं सुमुखि सुनावउँ तोही
समुझि परइ जस कारन मोही ॥
असुर मारि थापहिं सुरन्ह, राखहिं निजसुति सेतु।
जग बिस्तारहिं बिषद जस, राम जनम कर हेतु ॥
सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं
कृपासिन्धु जन हित तनु धरहीं ॥
राम जनम के हेतु अनेका
परम विचित्र एक ते एका ॥

(४) अनुवाद.

हे पार्वती, हरि के सुन्दर चरित सुनो। (जिसको) वेद विपुल और विशद (कहकर) गाते हैं। जिस कारण से हरि का अवतार होता है, वह ठीक "यह इस प्रकार है" ऐसा कहा नहीं जाता। राम बुद्धि, मन और वाणी से अतर्क्य हैं। हे बुद्धिमती पार्वती, सुनो; यही हमारा मत है। तथापि सन्त, मुनि, वेद, पुराण अपनी अपनी बुद्धि के अनुसार जो कुछ कहते हैं, वह जिस प्रकार मुझे समझ पड़ता है, हे सुन्दरमुखी पार्वती! तुझे मैं सुनाता हूं। असुरों को मार कर देवों की स्थापना करते हैं। निज वेदों की मर्यादा का पालन करते हैं (और कराते हैं)। संसार में निर्मल यश फैलाते हैं। यही राम-जन्म का हेतु है। हरि के भक्त इस यश का गान कर भवसागर तर जाते हैं। भगवान कृपासिंधु जगत् कल्याण के लिये शरीर धारण करते हैं। तथापि रामजन्म के अनेक हेतु हैं और वे एक से एक विचित्र हैं।

5. GOD AS INSPIRING DIFFERENT EMOTIONS IN DIFFERENT MEN.

चौपाईः--जिन्हकै रही भावना जैसी
प्रभु मूरति देखी तिन तैसी ॥
देखहिं भूप महा-रनधीरा,
मनहुँ बीर-रस धरे सरीरा ॥
डरे कुटिल नृप प्रभुहिं निहारी
मनहुँ भयानक मूरति भारी ।
रहे असुर छल छोनिप बेखा
तिन्ह प्रभु प्रगट काल सम देखा ॥

दोहाः— नारि बिलोकहिं हरषि हिय, निज निज रुचि अनुरूप ।
जनु सोहत शृंगार धरि, मूरति परम अनूप ॥

चौपाईः—बिदुषन प्रभु बिराटमय देखा
बहुमुख कर पग लोचन सीसा ॥
सहित बिदेह बिलोकहिं रानी ।
सिसुसम प्रीति न जाइ बखानी ॥

(*Contd. on p. 78*)

(५) अनुवाद.

जिनकी जैसी भावना रही उन्होंने उसी प्रकार प्रभु की मूर्त्ति देखी। रणधीर भूपतियों ने देखा मानो वीर रस विग्रहवान होकर खड़ा है। कुटिल नृपति प्रभु को देख कर डर गये, मानो कोई बड़ी भयानक आकृति है। जो असुर छल से राजवेषधारी थे उन्होंने प्रभु को प्रत्यक्ष काल के समान देखा। अपने हृदय में हर्षित होती हुई महिलाओं ने अपनी अपनी इच्छा के अनुसार उनको देखा, मानों शृंगार रस शरीर धारण कर अति सुंदर रूप में शोभायमान हो। ज्ञानियों को प्रभु विश्वतोमुख विश्वतोबाहु, विश्वतस्थात्, विश्वतश्चक्षु और विश्वतःशीर्ष, ऐसे विराट रूप दिखाई दिये। जनक राजा के साथ रानियों ने देखा, उस समय की उनकी वत्सलता का वर्णन नहीं करते बनता।

(*Contd. on p. 79*)

(*Contd. from p. 76*)

जोगिन्ह परम-तत्व मय भासा
सान्त सुद्ध सम सहज प्रकासा ॥

हरि भगतन्ह देखे दोउ भ्राता
इष्ट-देव इव सब सुख दाता ॥

रामहिं चितव भाव जेहि सीया
सो सनेहु मुख नहिं कथनीया ॥
उर अनुभवति न कहि सक सोऊ
कवन प्रकार कहइ कवि कोऊ ॥

(*Contd. from p. 77*)

योगी लोगों को शांत, शुद्ध, सम, और सहज प्रकाश परम-तत्व भासमान हुआ। हरि भक्तों ने सब सुखों को देने वाले अपने इष्टदेव के समान दोनों भाइयों को देखा। सीता जिस भाव से राम की ओर देखती हैं, वह स्नेह मुख से कहा नहीं जाता। जब कोई अपने अंतःकरण के अनुभव को स्वयं ही वाणी से नहीं कह सके तो कोई कवि किस प्रकार कहेगा ?

6. THE VERY THEOS OF THE GOPI BECOMES A PANTHEOS; HER DEVOTION A COSMIC EMOTION.

कोई स्याम मनोहर ल्योरी
सिर धरे मटकिया डोलै ॥१॥

दधि को नांव बिसर गइ ग्वालिनि
'हरि ल्यो' 'हरि ल्यो' बोलै ॥२॥

मीरा के प्रभु गिरधर नागर
चेरी भई बिन मोलै ॥३॥

कृष्ण-रूप छाकी है ग्वालिनि
औरहिं औरै बोलै ॥४॥

(६) अनुवाद.

अरी ! " मनोहर श्याम को कोई ले लो " इस प्रकार पुकारती हुई ग्वालिन सिर पर मिट्टी की हँडिया धर कर डोलने लगी। दही का नाम भूलकर ग्वालिन " हरि लो हरि लो " बोलने लगी। मीरा कहती है कि हे प्रभु गिरधर नागर ! वह आपकी बिना मोल की दासी बन गयी और कृष्ण-रूप से अघाकर कुछ को कुछ बोलने लगी।

7. RAIDAS ON VARIOUS ANALOGIES FOR THE RELATION OF SAINT AND GOD.

अब कैसे छूटे नाम रट लागी ॥ टे ॥

प्रभुजी तुम चन्दन, हम पानी
जाके अँग अँग बास समानी ॥ १ ॥

प्रभुजी तुम घन, हम बन मोरा
जैसे चितवत चन्द चकोरा ॥ २ ॥

प्रभुजी तुम दीपक, हम बाती
जाकी जोति बरै दिन राती ॥ ३ ॥

प्रभुजी तुम मोती, हम धागा
जैसे सोनहिं मिलत सुहागा ॥ ४ ॥

प्रभुजी तुम स्वामी, हम दासा,
ऐसी भगति करै रैदासा ॥ ५ ॥

(७) अनुवाद.

नाम की रट लग गई है, अब वह कैसे छूटेगी ? प्रभुजी, तुम चन्दन हो, मैं पानी हूं जिसके अँग अँग में आपकी गंध समा गई है। प्रभुजी, तुम मेघ हो, मैं बन का मोर हूं। जैसे चकोर चन्द्र की ओर देखता है (वैसे ही मैं तुम्हारी ओर देखता हूँ) प्रभुजी, तुम दीपक हो, मैं बत्ती हूँ, जिसकी ज्योति रात दिन जलती रहती है। प्रभुजी, तुम मोती हो, मैं धागा हूं। जैसे सुहागा सोने को मिलता है (वैसे ही तुम मुझको मिलते हो)। प्रभुजी, तुम स्वामी हो, मैं दास हूँ; ऐसी भक्ति रैदास करता है।

8. NANAK ON THE UNITY OF THE INTERNAL AND THE EXTERNAL GOD.

काहे रे बन खोजन जाई ॥टे॥
सर्व निवासी सदा अलोपा,
तोहे संग समाई ॥१॥

पुष्प मध्य जिमि बास बसत है,
मुकुर मँह जैसे छाई ॥२॥

तैसे ही हरि बसै निरंतर
घट ही खोजो भाई ॥३॥

बाहर भीतर एकहि जानो,
यह गुरु ज्ञान बताई ॥४॥

कह नानक बिनु आपहिं चीन्हे
मिटै न भ्रम की काई ॥५॥

(८) अनुवाद.

रे, वन में खोजने के लिये क्यों जाता है ? सर्व-व्यापी और सदा अलोप तुझ में ही समाया है । जिस प्रकार फूल में सुगन्ध और मुकुर में छाया बसती है, वैसे ही हरि निरन्तर (तुझ में) बसता है । रे भाई, अपने घट में ही उसको खोजो । बाहर और भीतर एक ही जान लो । गुरु ने इसी को ज्ञान कहा है । नानक कहते हैं, कि अपने को पहिचाने बिना भ्रम की काई नहीं मिटती ।

9. DADU'S PRAYER TO KEEP HIM EVER ON THE RIGHT PATH.

तौ निबहै जन सेवक तेरा
ऐसे दया करि साहिब मेरा ॥१॥

ज्यूँ हम तोरैं, त्यूँ तू जोरै
हम तोरैं, पै तू नहिं तोरै ॥२॥

हम बिसरैं, त्यों तू न बिसारै
हम बिगरैं, पै तू न बिगारै ॥३॥

हम भूलैं, तू आनि मिलावै
हम बिछुरैं, तू अंग लगावै ॥४॥

तू भावै, सो हम में नाहीं
दादू दरसन देहुँ गुसाँई ॥५॥

(९) अनुवाद

ऐ मेरे साहब, ऐसी दया करो, तो तेरे सेवक जन का निर्वाह हो। यदि हम तोड़ें, तो तू नहीं तोड़ना। हमें तेरी विस्मृति होगी, तो तू विस्मृति नहीं होने देना। हम नीति-पथ से भ्रष्ट होंगे, तो हमें भ्रष्ट होने नहीं देना। हम भूल कर दूर रहेंगे, तो तू हमें पास लाकर मिलाना। हम अलग होंगे, तो तू हमें गले लगाना। तू जो भाव हम में चाहता है वह हम में नहीं है। दादू कहते हैं कि हे गुसाँई, हमें कृपया दर्शन दो।

10 RAIDAS ON MUTUAL LOVE ONLY ON MUTUAL INSPECTION.

नरहरि चञ्चल है मति मोरी
कैसे भगति करूं मैं तोरी ॥१॥
तू मोहिँ देखे हौं तोहि देखूँ,
प्रीति परस्पर होई ।
तू मोहिँ देखै, तोहि न देखूँ,
यह मति सब बुधि खोई ॥२॥
सब घट अन्तर रमसि निरन्तर,
मैं देखत नहिं जाना ।
गुन सब तोर, मोर सब औगुन,
कृत उपकार न माना ॥३॥
मैं तैं तोरि मोरि असमझि सौं,
कैसे करि निस्तारा ।
कह रैदास कृष्ण करुणामय,
जै जै जगत-अधारा ॥४॥

(१०) अनुवाद.

हे नरहरि, मेरी मति चंचल है। मैं तुह्मारी भक्ति कैसे करूं ? तू मुझको देखे, और मैं तुझको देखूं, तो परस्पर प्रीति हो सकती है। तू मुझको देखता है, मैं तुझे नहीं देखता, इस मति से बुद्धि सम्पूर्णतया मूढ़ हो गई है। तुम सब घटों के भीतर निरन्तर रमते हो। मैंने देखना नहीं जाना। सब गुण तुह्मारे हैं और सब अवगुण मेरे हैं। किये हुए उपकारों को मैंने नहीं माना। 'मैं', 'तू', 'मेरा' और 'तेरा' इस अज्ञान से कैसे उद्धार हो? रैदास कहते हैं, जगत के आधार करुणामय कृष्ण की जय हो।

11. ON THE PARITY BETWEEN DEVOTEE AND GOD AS IN TULSIDAS.

मैं मझधारा का माँझी हूँ,
तुम भव-सागर के केवट हो।
जब कृपा नजर मुझ दास पर हो,
तब नैया गंगा के तट हो ॥ १ ॥
मैं सुरसरि पार उतार दिया,
भव-सागर पार लगा देना।
जिस जोनि में जन्म लिवूं भगवन्,
तुम अपना दास बना लेना ॥ २ ॥

(११) अनुवाद.

मैं मध्य धार का मल्लाह हूँ। तुम भवसागर के केवट हो। जब मुझ दास पर कृपा-दृष्टि हो तो नैया गंगा के तट पर लग जाय। मैंने तुम को सुरसरि के पार लगा दिया। तुम मुझ को भवसागर के पार लगा देना। हे भगवन्, जिस योनि में मैं जन्म लूं, तुम (मुझे) अपना दास बना लेना।

12. SURDASA'S PRAYER TO GOD TO SET OFF ONE EVIL AGAINST ANOTHER.

अब की राखि लेहु भगवान ॥ टे ॥

हम अनाथ बैठीं द्रुम डरिया,
पारधि साध्यौ बान ॥ १ ॥

ताके डर निकसन चाहत हौं,
ऊपर रह्यो सचान ।
दोऊ भांति दुख भयो कृपानिधि,
कौन उबारै प्रान ॥ २ ॥

सुमिरत ही अहि डस्यौ पारधी,
लाग्यौ तीर सचान ।
सूरदास गुन कहँ लग बरनौं,
जै जै कृपा-निधान ॥ ३ ॥

(१२) अनुवाद.

हे भगवन्, अब रक्षा करो। मैं अनाथ होकर द्रुम की डाली पर बैठी हूँ। पारधि ने बाण संधान किया। उसके डर से मैंने निकलना चाहा, ऊपर श्येन मँडराता था। दोनों प्रकार से दुख हुआ। हे कृपानिधि, प्राण की कौन रक्षा करे?

स्मरण करते ही अहि ने पारधि को डस लिया और तीर श्येन को लग गया। सूरदास कहते हैं कि हे कृपानिधान! आपके गुणों का कहां तक वर्णन करूं? आपकी जय जयकार हो!

13. LIKE A SPARROW ON THE HIGH SEAS, I CAN PERCH ONLY ON THY MAST, O' MY BARGE!

मेरो मन अनत कहां सुख पावै ॥ टे ॥

जैसे उड़ि जहाज कौ पंच्छी,
फिरि जहाज पर आवै ॥ १ ॥

कमलनैन को छाँड़ि महातम,
और देव कौं ध्यावै ।
परम-गंग को छाँड़ि पियासो
दुरमति कूप खनावै ॥ २ ॥

जिहि मधुकर अम्बुज-रस चाख्यौ,
क्यों करील फल भावै ।
सूरदास प्रभु कामधेनु तजि,
छेरी कौन दुहावै ॥ ३ ॥

(१३) अनुवाद.

मेरा मन अन्यत्र कहां सुख पावे? जहाज़ पर का पक्षी उड़कर फिर जहाज़ पर ही आता है। कमलनयन के महात्म्य की उपेक्षा करके दूसरे देव की उपासना (कौन) करेगा? श्रेष्ठ गंगा को छोड़ कर (कौन) दुर्मति प्यासा कूप खुदवायगा? जिस भ्रमर ने कमल का रस चख लिया, वह क्या कँटीली झाड़ी का फल चाहेगा? सूरदास पूछते हैं कि हे प्रभु! कामधेनु को छोड़कर छेरी कौन दुहावेगा?

14. LIFT UP THIS BLIND MAN, O GOD, TO THY PINNACLE THROUGH TORTUOUS AND DARK ASCENTS.

नैनहीन को राह दिखा प्रभु
पग पग ठोकर खाऊँ मैं ॥१॥
तुमरि नगरिया कि कठिन डगरिया
चलत चलत गिरि जाऊँ मैं ॥२॥
चँहू ओर मेरे घोर अँधेरा,
भूल न जाऊँ द्वार तेरा ॥३॥
एक बार प्रभु हाथ पकड़ लो,
मन का दीप जलाऊं मैं ॥४॥

(१४) अनुवाद.

हे प्रभु, मुझ नेत्रहीन को रास्ता दिखाओ। मैं पद-पद पर ठोकर खा रहा हूँ। तुम्हारी नगरी बिकट पहाड़ी पर बसी है। चलते चलते मैं गिर पड़ता हूँ। मेरे चारों ओर घोर अंधकार फैला हुआ है। ऐसा न हो कि मैं तुम्हारा द्वार भूल जाऊँ। हे प्रभु, एक बार मेरा हाथ पकड़ लो तो मैं अपने मन का दीप जला लूँ!

15. PASSIONATE ATTACHMENT OF DEVOTEE TOWARDS GOD

घर तजौं, बन तजौं, नागर नगर तजौं,
बंसीबट तट तजौं, काहू पै न लजिहौं ॥१॥

देह तजौं गेह तजौं, नेह कहौ कैसे तजौं,
आज राजकाज सब, ऐसो साज सजिहौं ॥२॥

बावरो भयो है लोक, बावरी कहत मोकों,
बावरी कहे तें नेकु काहू न बरजिहौं ॥३॥

कहैया सुनैया तजौं, बाप और भैया तजौं,
दैया ! तजौं मैया, पै कन्हैया नाहिं तजिहौं ॥४॥

(१५) अनुवाद.

(मैं) घर छोड़ सकती हूँ। वन छोड़ सकती हूँ। नगर नागरिकों को छोड़ सकती हूँ। वंसीवट का तट छोड़ सकती हूं। देह छोड़ सकती हूँ, गेह छोड़ सकती हूँ परन्तु तुम्हीं कहो, स्नेह कैसे छोड़ सकूँगी? आज सब राज-कार्य की भी ऐसी ही सजावट करूँगी। लोग पागल हो गये हैं और मुझको पागल कहते हैं। मैं पागल कहने से किसी को भी नहीं रोकूँगी। कहने और सुनने वाले दोनों को छोड़ दूँगी। बाप और भैया को छोड़ूँगी। हे दई! मैया को भी छोड़ दूँगी किन्तु, कन्हैया को नहीं छोड़ूँगी।

16. A DEVOTEE'S PREPAREDNESS TO BRAVE ALL DANGERS FOR THE SAKE OF GOD

तौक पहिरावौ, पाँव बेड़ी लै भरावौ,
गाढ़े बन्धन बँधावौ, औ खिचाओ काची खाल सों ॥१॥

विष लै पियावौ, ता पै मूठिहू चलावो,
मझधार में डुबावौ, बाँधि पाथर कमाल सों ॥२॥

बिच्छू लै बिछावो, ता पै मोहि लै सुलावो,
फेरि आगिहू लगावौ, बाँधे कापड़ दुसाल सों ॥३॥

गिरि तें गिरावौ, कारे नाग ते डसावो,
हा! हा! प्रीति ना छुड़ावौ गिरधारी नन्दलाल सों ॥४॥

(१६) अनुवाद

(चाहे मुझको) तौक पहिना दो। पैरों में बेड़ी डाल दो। गाढ़े बन्धनों से बँधवा दो और कच्ची खाल खिंचवा लो। (चाहे) विष पिलाओ, और उस पर कटार भी चलाओ और भारी से भारी पत्थर बाँधकर मध्यधार में डुबा दो। (चाहे) बिच्छुओं को बिछा कर उस पर मुझे सुला दो। फिर कपड़ों और दुशालों से बाँधकर आग भी लगा दो। (चाहे) पर्वत से गिरा दो, (या) काले नागों से डसा दो। परन्तु हा! हा! गिरधारी नन्दलाल से मेरी प्रीति न छुड़ाओ।

17. ABSOLUTE RESIGNATION TO THE WILL OF GOD

इतनी कृपा हो स्वामी,
जब प्राण तन से निकले ॥
श्रीकृष्ण कृष्ण कह कर,
मेरि जान तन से निकले ॥ १ ॥

श्रीगंगजी का तट हो,
श्रीजमुनजी का वट हो ॥
जब साँवरो निकट हो,
तब प्राण तन से निकले ॥ २ ॥

सन्मुख साँवरा खड़ा हो,
मुरली का स्वर भरा हो ॥
चित में जो तू अड़ा हो,
तब प्राण तन से निकले ॥ ३ ॥

(*Contd. on p. 104*)

(१७) अनुवाद.

हे स्वामी, जब प्राण तन से निकले तो इतनी कृपा हो कि कृष्ण कृष्ण कहकर मेरी जान इस शरीर से निकले। श्री गंगाजी का किनारा हो, श्री यमुनाजी पर का वट हो। जब साँवरा निकट हो, तब तन से प्राण निकले। सामने साँवला खड़ा हो; मुरली का स्वर चारों दिशाओं में भरा हो और जब तू चित्त में अड़ा हो, तब तन से प्राण निकले।

(*Contd. on p. 105*)

(*Contd. from p. 102*)

जब प्राण कण्ठ आवे,
कोइ रोग ना सतावे ॥
आपहि दरस दिखावे,
तब प्राण तन से निकले ॥ ४ ॥

दुनिया है अपनी गर्जी,
बहिरो कि यही अर्जी ॥
जब हो तुम्हारी मर्जी,
तब प्राण तन से निकले ॥ ५ ॥

(*Contd. from p. 103*)

जब प्राण कण्ठ में आवें, तब किसी भी रोग की पीड़ा न हो और जब स्वयं आप दर्शन दें, तब तन से प्राण निकले। दुनियाँ तो अपनी इच्छाओं की पूर्ति चाहती है पर बहिरो की यह प्रार्थना है कि जब आपकी इच्छा हो तभी प्राण तन से निकले।

CHAPTER 4

The Beginnings of the Pilgrimage.

1. THE GURU AS ENABLING ONE TO CROSS THE TUMULTUOUS STREAM OF LIFE.

गुरु बिन कौन बतावै बाट
बड़ा बिकट यमघाट ॥ १ ॥

भ्रान्ति पहाड़ी नदिया बीच
अहंकार की लाट ॥ २ ॥

काम क्रोध दो पर्वत ठाड़े
लोभ चोर संघात ॥ ३ ॥

मद मत्सर का मेंह बरसता
माया पौन बह डाट ॥ ४ ॥

कहत कबीर सुनो भइ साधो
कस तरना यह घाट ॥ ५ ॥

(१) अनुवाद.

बिना गुरु के मार्ग कौन बतावे ? यमघाट बड़ा विकट है। जीवन की नदी के बीच भ्रान्ति की पहाड़ी है और अहंकार का ऊंचा स्तम्भ है। काम क्रोध रूपी दो पर्वत खड़े हैं। नाना लोभ रूपी चोरों का जमाव है। मद और मत्सर का मेघ बरसता है। माया रूपी पवन प्रबलता से बह रहा है। कबीर कहते हैं कि हे साधो, यह घाट किस प्रकार तरा जाय ?

2. THE MORAL CHARACTERISTICS OF A SADGURU.

साधो सो सदगुरु मोहिं भावै ॥ टे ॥
सत्तनाम का भर भर प्याला,
आप पिए मोहिं प्यावै ॥ १ ॥
मेले जाय न महन्त कहावै,
पूजा भेट न लावै ॥ २ ॥
परदा दूर करै आँखिन का,
निज दरसन दिखलावै ॥ ३ ॥
जाके दरसन साहब दरशै,
अनहद सब्द सुनावै ॥ ४ ॥
माया के सुख दुख करि जानै,
संग न सुपन चलावै ॥ ५ ॥
निस दिन सतसंगत में राँचै,
शब्द में सुरत समावै ॥ ६ ॥
कह कबीर ताको भय नाहीं,
निरभय पद सरसावै ॥ ७ ॥

(२) अनुवाद.

हे साधो, मैं उसी को सद्गुरु समझता हूँ, जो सत्य-नाम का प्याला भरभर के स्वयं पीवे और मुझ को भी पिलावे। जो न मेले को जाता है, न महन्त कहलाता है और न पूजा भेंट स्वीकार करता है। जो आंखों का परदा दूर करता है और आत्म-स्वरूप दिखलाता है। जिसके दर्शन से परमेश्वर दृष्टि में आ जावे। जो अनाहत शब्द सुनाता है। जो माया के सुख को दुःख करके जानता है और स्वप्न में भी उस सुख में आसक्त नहीं होता। जो रात दिन सत्संग में अनुरक्त रहता है और शब्द में सुरत का प्रवेश करता है। कबीर कहते हैं उस सद्गुरु को भय नहीं, क्योंकि वह निर्भय पद में प्रवेश कर रसपूर्ण होता है।

3. THE MYSTICAL CHARACTERISTICS OF A SADGURU.

वोइ सतगुरु सन्त कहावै,
नैनन अलख लखावै ॥ टे ॥
ड़ोलत डिगै न बोलत बिसरै,
जब उपदेस दृढ़ावै ।
प्रानपूज्य किरिया तें न्यारा,
सहज समाधि सिखावै ॥ १ ॥

द्वार न रूँधै पवन न रोकै,
नहिं अनहत अरुझावै ।
यह मन जाय जहाँ जग जब ही,
परमातम दरसावै ॥ २ ॥

करम करै निहकरम रहै जो,
ऐसी जुगत दिखावै ।
सदा विलास त्रास नहिं मन में,
भोग में जोग जगावै ॥ ३ ॥

(*Contd. on p. 112*)

(३) अनुवाद.

सद्गुरु या सन्त वही कहलाता है, जो अलख को आँखों से लखावे। जब अन्तर में उपदेश दृढ़ करे तो वह डोलता हुआ भी न डिगे, बोलता हुआ भी न भूले। जो प्राण प्रधान क्रिया से भिन्न सहज समाधि सिखाता है, जो न द्वार रूँधे न पवन रोके और न अनाहत में फँसावे। यह मन संसार में जब कभी और जहाँ कहीं भी जावे, उसको परमात्मा का दर्शन करावे। जो ऐसी युक्ति बतावे कि कर्म करते हुए भी निष्कर्म रहा जाय, जो सदा प्रसन्न रहे, मन में त्रास न लावे और भोग में भी योग जागृत रक्खे।

(*Contd. on p. 113*)

(*Contd. from p. 110*)

धरती त्यागि अकासहुँ त्यागै,
अधर मड़ैया छावै।
सुन्न सिखर की सार सिला पर,
आसन अचल जमावै ॥ ४ ॥

भीतर रहा सो बाहिर देखै,
दूजा दृष्टि न आवै।
कहत कबीर बसावे हंसा,
आवागमन मिटावै ॥ ५ ॥

(*Contd. from p. 111*)

जो धरती को त्याग कर आकाश को भी छोड़ दे और बीच में आधार रहित कुटिया बनावे। शून्य शिखर की श्रेष्ठ शिला पर अचल आसन जमावे। जो भीतर रहता है उसको बाहर देखे, दूसरा पदार्थ (उसकी) दृष्टि में न आवे। कबीर कहते हैं कि हंस को (परमात्मा में) स्थिर कर के आवागमन मिटा देता है।

4. THE NAME OF GOD AS THE OIL WHICH ENABLES THE WICK OF MIND TO BE INFLAMED WITH THE FIRE OF GOD.

अपने घट दियना बारु रे ॥ टे ॥

नाम कै तेल सुरत कै बाती,
ब्रम्ह अगिन उदगारु रे ॥ १ ॥

जग-मग जोत निहार मन्दिर में,
तन मन धन सब वारु रे ॥ २ ॥

झूठी जान जगत की आसा,
बारंबार बिसारु रे ॥ ३ ॥

कहे कबीर सुनो भाइ साधो,
आपन काज सँवारु रे ॥ ४ ॥

(४) अनुवाद.

अपने घट में दीपक जलाओ। नाम का तेल डालकर सुरति की बत्ती को ब्रम्ह-रूप अग्नि से उद्दीपित करो। मन्दिर में जगमग ज्योति देख कर, उस पर अपना तन, मन और धन सब निछावर कर दो। जगत की आशा को झूँठी जान कर बार बार उसका विस्मरण करो। कबीर कहते हैं कि हे साधो, अपना काम अच्छी तरह से सम्पूर्ण करो।

5. NAME AS THE SCHEMATIZER OF NIRGUNA AND SAGUNA.

नाम रूप दुइ ईस उपाधी ।
अकथ अनादि सुसामुझि साधी ॥

को बड़ छोट कहत अपराधू ।
सुनि गुन भेद समुझिहहिं साधू ॥

रूप विशेष नाम बिन जाने ।
करतल गत न परहिं पहिचाने ॥

सुमिरिय नाम रूप बिन देखे ।
आवत हृदय सनेह बिसेखे ॥

नाम रूप गति अकथ कहानी ।
समुझति सुखद, न परत बखानी ॥

अगुन सगुन बिच नाम सुसाखी ।
उभय प्रबोधक चतुर दुभाखी ॥

(५) अनुवाद

नाम और रूप दोनों ईश की उपाधियां हैं। दोनों अकथ और अनादि हैं। अच्छी समझ वाले ही इनको साध सकते हैं। (इनमें से) "कौन बड़ा, कौन छोटा" यह कहना अपराध है। साधु पुरुष इनका गुण भेद सुनकर (अन्तर में) समझ लेंगे। नाम के जाने बिना रूप-विशेष करतल-गत होने पर भी पहिचान नहीं पड़ता। रूप के देखे बिना ही नाम को स्मरण करने से ईश्वर अधिक स्नेह से हृदय में आता है। नाम और रूप की गति एक अकथनीय कहानी है। वह समझने में सुखद है, पर उसका वर्णन संपूर्णतया नहीं किया जा सकता है। नाम निर्गुण और सगुण के बीच एक चतुर सुसाक्षी, दुभाषी और प्रबोधक है।

6. TULSIDASA'S APOSTROPHE TO THE TONGUE.

काहे न रसना रामहिं गावहि ॥ टे ॥
निस दिन पर अपवाद वृथा कृत,
रटि रटि राग बढ़ावहि ॥ १ ॥
नर मुख सुन्दर मन्दिर पावन,
बसि जनि ताहि लजावहि ।
ससि समीप रहि त्यागि सुधा कत,
रविकर-जल कहँ धावहि ॥ २ ॥
काम कथा कलि कैरव चन्दिनि,
सुनत स्रवन दै भावहि ।
तिन्हहिं हटकि, भजि हरि कल कीरति,
करन कलंक नसावहि ॥ ३ ॥
जातरूप मति, युक्ति रुचिर मनि,
रचि रचि हार बनावहि ।
सरन सुखद, रबिकुल-सरोज रबि,
राम नृपहिं पहिरावहि ॥ ४ ॥
बाद बिबाद स्वाद तजि, भजि हरि,
सरस चरित चित लावहि ।
तुलसिदास भव तरहि, तिहुँ पुर,
तू पुनीत जस पावहि ॥ ५ ॥

(६) अनुवाद.

रे रसना, तू राम को क्यो नहीं गाती ? रात दिन पर-अपवाद रट रट कर उसमें व्यर्थ ही क्यों राग बढ़ा रही है ? नर के मुखरूपी सुन्दर पवित्र मन्दिर में बसकर उसको मत लज्जित कर। चन्द्रमा के समीप रहने से प्राप्त होनेवाली सुधा को त्यागकर रविकर जल के लिये क्यों दौड़ती है। कलिरूपी कैरव के लिये जो चान्दनी है, ऐसी काम कथा को कान भाव देकर सुनते हैं। उनको रोक कर तू हरि की सुन्दर कीर्ति को भज और कानों के कलंक को दूर कर। मति रूपी सुवर्ण के तार से युक्ति रूपी रुचिर मणियों का हार बहुत कौशल के साथ तू बना और शरण सुखद रविकुल रूपी कमल के लिये सूर्य रूपी राजा राम को पहिना। वाद-विवाद के लिये रति को छोड़कर हरि को भज और मेरे चित्त को उनके सरस चरित्र में लगा। तुलसीदास संसार को तर जाय और तू तीनों लोकों में पुनीत यश प्राप्त करे।

7. ON INTERNAL MEDITATION BY MEANS OF THE NAME.

अजर अमर इक नाम है,
सुमिरन जो आवै ॥ टेक ॥
बिन ही मुख के जप करो,
नहिं जीभ डुलावो ।
उलटि सुरत ऊपर करो,
नैनन दरसावो ॥ १ ॥
जाय हंस पच्छिम दिसा,
खिरकी खुलवावो ।
तिरबेनी के घाट पर,
हंसा नहवावो ॥ २ ॥
पानी पवन कि गम नहीं,
वोहि लोक मँजावो ।
ताही बिच इक रूप है,
वोही ध्यान लगावो ॥ ३ ॥
जिमीं असमान वहां नहीं,
वो अजर कहावै ।
कहै कबीर सोइ साध जन,
वा लोक मँझावै ॥ ४ ॥

(७) अनुवाद.

वही एक नाम अजर अमर है, जो स्मरण में प्रगट हो। मुख के बिना ही जप करो। जीभ मत डुलावो। सुरत उलट कर ऊपर करो। नयनों को दिखलाओ। जब हंस पश्चिम दिशा को जाय, तब खिड़की खुलवाओ। त्रिवेणी के घाट पर उसको स्नान कराओ। जहां पानी और पवन की पहुंच नहीं है, उस प्रदेश में उसको मज्जन करने दो। उसी के बीच में एक रूप है। उसी (रूप) पर अपना ध्यान लगाओ। जहाँ जमीन और आसमान नहीं, वह प्रदेश अजर कहलाता है। कबीर कहते हैं कि जो उस लोक में प्रवेश करता है, वही साधु पुरुष है।

8. ON INTENSE CONCENTRATION.

या विधि मन को लगावै,
मन के लगाए प्रभु पावै ॥ टे ॥

जैसे नटवा चढ़त बाँस पर,
ढोलिया ढोल बजावै ।
अपना बोझ धरै सर ऊपर,
सुरति बरत पर लावै ॥ १ ॥

जैसे भुवंगम चरत बनहिं में,
ओस चाटने आवै ।
कबहूँ चाटै कबहूँ मनि चितवै,
मनि तजि प्रान गँवावै ॥ २ ॥

जैसे सती चढ़ी सत ऊपर,
अपनी काय जरावै ।
मात पिता सब कुटुम्ब तियागै,
सुरति पिया पर लावै ॥ ३ ॥

धूप दीप नैबेद अरगजा,
ज्ञान कि आरत लावै ।
कहै कबीर सुनो भाइ साधो,
फेर जनम नहिं पावै ॥ ४ ॥

(८) अनुवाद.

इस प्रकार मन को लगाओ, कि जिसके लगाते ही प्रभु को पाओगे। जैसे नट, ढोलिया के ढोल बजाते समय बाँस पर चढ़ता है और अपने सिर पर बोझ लिये हुए भी अपना ध्यान तन्मयता से रस्सी पर लगाता है। जैसे जंगल में चरते समय सर्प ओस चाटने के लिये आता है तो कभी ओस चाटता है, कभी मणि को देखता है। क्यों कि मणि से बिछुड़ने पर वह प्राण गँवा देगा। जैसे सती आवेश में आकर चिता में अपनी काया जलाने आती है और माता पिता तथा सब कुटुम्ब को त्याग कर एक प्रियतम पर ध्यान लगाती है। कबीर कहते हैं कि हे साधो, जो धूप दीप नैवेद्य अरगजायुक्त ज्ञान रूपी आरती जलायेगा, वह पुनर्जन्म नहीं पायेगा।

9. ON TURNING EVERY MOMENT TO SPIRITUAL USE.

चेतना है तो चेतले,
निसि-दिन में प्रानी ।
छिन छिन अवधि बिहात,
फूटे घट ज्यों पानी ॥ १ ॥

हरि-गुन काहे न गावहि,
रे मूरख अज्ञाना ।
झूठे लालच लागि के,
नाहीं मर्म पिछाना ॥ २ ॥

अजहूँ कछु बिगर्‌यो नहीं,
जो प्रभु गुन गावै ।
कहि नानक तेहि भजन तें,
निरभय पद पावै ॥ ३ ॥

(९) अनुवाद.

ए प्राणी, जब तक चेतना है, तब तक रात दिन चिन्तन कर ले। प्रतिक्षण अवधि उसी तरह व्यतीत हो रही है, जिस तरह फूटे घड़े से पानी चूता है। रे अज्ञान, मूर्ख, हरि के गुण क्यों नहीं गाता? झूठे लालच में लगकर तूने मर्म को नहीं पहचाना। अगर तू प्रभु के गुण गावे तो अभी भी कुछ बिगड़ा नहीं है। नानक कहते हैं कि प्रभु के भजन से तू निर्भय-पद पावेगा।

10. IF YOU WANT TO DO THE RIGHT THING, DO IT HERE AND NOW.

भूले मन समझ के लाद लदनिया ॥ टे ॥

टाण्डा लाद कहाँ को लै जैयो,
आगे मुलुक बिरनिया ॥ १ ॥

सौदा करे तो यहि जुग करले,
आगे हाट न बनिया ॥ २ ॥

पानी पिये तो रतन कुएँ का,
आगे घाट न पनिया ॥ ३ ॥

कहे कबीर सुनो भाइ साधो,
यह पद है निरबनिया ॥ ४ ॥

(१०) अनुवाद.

हे मूर्ख मन, सोचकर बोझा लाद। बनजारों के झुण्ड! माल लाद कर कहाँ ले चले हो? आगे पराया देश है। सौदा करना है तो इसी क्षण करलो; क्यों कि इसके आगे न बाज़ार है न खरीदने वाला, न बेचने वाला। पानी पीना है तो इसी कुएँ का पीले, जो रत्नसम है। आगे न घाट है, न पानी है। कबीर कहते हैं, हे भाई साधो! सुनो, यह निर्वाणियों का पद है।

11. LIKE A GOOD WEAVER, PLEASE YOUR MASTER BY PRODUCING A DURABLE GARMENT OF CLOSE AND CONTINUOUS TEXTURE.

कोरी साल न छाँड़ै रे,
सब घावर कौं काढ़ै रे ॥ टे ॥
प्रेम प्राण लगाई धागै,
तत्त तेल निज दीआ ।
एक-मना इस आरम्भ लागा,
ज्ञान राछ भर लीया ॥ १ ॥
नाम नली भरि बुण कर लागा,
अन्तर गति रंग राता ।
ताणै बाणै जीव जुलाहा,
परम तत्व सौं माता ॥ २ ॥
सकल शिरोमणि बुनै बिचारा,
सान्हा सूत न तोड़ै ।
सदा सचेत रहै लौ लागा,
ज्यों टूटे त्यों जोड़ै ॥ ३ ॥
ऐसे तनि बुनि गहर गजीना,
साईं के मन भावै ।
दादू कोरी कर्ता के संगि,
बहुरि न इहि जग आवै ॥ ४ ॥

(११) अनुवाद.

जुलाहे ! छेद को रहने न देना। सब गाँठों (साँठों) को निकाल देना।

प्रेम और प्राण के धागे लगा कर; आत्म-तत्व रूपी दीपक के प्रकाश में एक चित्त होकर जुलाहे ने बुनना आरम्भ किया। ज्ञान रूपी राछ ताने से भर लिया और नामरूपी नली बाने से भर कर जुलाहा ताना बाना बुनने लगा। अन्तर्भाव रूपी रंग से लाल होकर जीव रूपी जुलाहा परम-तत्व से मतवाला हो गया। सब जुलाहों का शिरोमणि होकर भी नम्रता से बुनते हुए, सँधा हुआ सूत टूटने नहीं देता। सदा लौ लगाकर सचेत रहता है। ज्योंही टूटता है, त्योंही जोड़ देता है। इस प्रकार बड़ा गाढ़ा और घना कपड़ा बुनकर साईं के चित्त को रिझाता है। दादू कहते हैं कि जुलाहा साईं के संग से इस युग में फिर लौटकर नहीं आवेगा।

12. INADEQUACY OF MERE YOGA FOR THE REALISATION OF GOD.

तो भी कच्चा बे कच्चा,
नहीं गुरू का बच्चा ॥ टे ॥

दुनिया तजकर खाक लगाई,
जाकर बैठा बन मों ।
खेचरि मुद्रा बज्रासन पर,
ध्यान धरत है मन मों ॥ १ ॥

गूपित होके परगट होवे,
जावे मथुरा कासी ।
प्राण निकाले सिद्ध भया है,
सत्य लोक का बासी ॥ २ ॥

तीरथ कर कर उम्मर खोई,
जोग जुगति में सारी ।
धन कामिनि को नजर न लावे,
जोग कमाया भारी ॥ ३ ॥

(*Contd. on p. 132*)

(१२) अनुवाद.

अरे, तब भी कच्चा ही है। गुरु का बच्चा नहीं है। दुनिया को छोड़कर, तन पर राख लगाई। वन में जाकर बैठा। वज्रासन पर खेचरि मुद्रा लगाकर मन में ध्यान धरता है। गुप्त होकर प्रगट होता हैं और मथुरा व काशी जाता है। प्राण को शरीर से बाहर निकाल कर सिद्ध हुआ और सत्य लोक का वासी हुआ। तीर्थ कर कर के योग की युक्ति में सारी आयु खो दी। धन और कामिनी को दृष्टि में नहीं लाता है। भारी योग कमाया है।

(*Contd. on p. 133*)

(*Contd. from p. 130*)

कुण्डलिनी को खूब चढ़ावे,
ब्रह्म रन्ध्र में जावे ।
चलता है पानी के ऊपर,
मुख बोले सो होवे ॥ ४ ॥

शास्त्रों में कुछ रहा न बाकी,
पूरा ज्ञान कमाया ।
वेद विधी का मारग चलकर,
तन को लकड़ा कीया । ५ ॥

कहे मछेन्द सुनु रे गोरख,
तीनो ऊपर जाना ।
किरपा भई जबै सद्गुरु की,
आपहिं आप पिछाना ॥ ६ ॥

(*Contd. from p. 131*)

कुण्डलिनी को इस प्रकार ऊपर चढ़ाता है कि वह ब्रह्म-रन्ध्र में जाये। पानी के ऊपर चलता है। मुख से जो बोलता है, वही होता है। शास्त्रों में कुछ बाकी नहीं रहा। पूरा ज्ञान कमा लिया है। वेद विधि के मार्ग पर चलकर शरीर को लकड़ी कर दिया। मत्स्येन्द्र कहते हैं कि हे गोरख! सुनो, तीनों (गुणों) के ऊपर हो जाओ। जब सद्गुरु की कृपा होती है तभी अपने आपको पहिचानोगे।

13 THE ANAL-HAQ METHOD OF MEDITATION.

अगर है शौक मिलने का,
तो हर-दम लौ लगाता जा।
जला कर खुद-नुमाई को,
भसम तन पर चढ़ाता जा ॥ १ ॥
मुसल्ला फाड़, तसबी तोड़,
किताबें डाल पानी में।
पकड़ दस्त तू फ़रिश्तों का,
गुलाम उनका कहाता जा ॥ २ ॥
न मर भूखा न रख रोज़ा,
न जा मसज़िद न कर सिज़दा।
हुकुम है शाह कलन्दर का,
अनलहक़ तू कहाता जा ॥ ३ ॥
कहे मन्सूर मस्ताना,
हक़ मैंने दिल में पहचाना।
वही मस्तों का मैख़ाना,
उसी के बीच आता जा ॥ ४ ॥

(१३) अनुवाद.

अगर मिलने का शौक़ है, तो प्रतिश्वास ईश्वर पर लौ लगाते जाओ। अहंकार को जलाकर उसकी भस्म शरीर पर लगाओ, नमाज़ की दरी को फाड़ दो। जप माला को तोड़ दो। किताबें पानी में ड़ालो। ईश्वर के दूतों का हाथ पकड़ो और उनका दास कहलाते जाओ। भूखे न मरो। रोज़ा मत रक्खो। मस्जिद को न जाओ। नमाज़ में सिर मत टेको। कलन्दरों के शाह की आज्ञा है कि "मैं ईश्वर हूँ" ऐसा कहते जाओ। मस्त हुआ मन्सूर कहता है कि मैंने ईश्वर को दिल में पहचाना है। वही मस्तों की मधुशाला है। उसी के बीच आते जाओ।

14. STORM THE FORTRESS OF SPIRITUAL EXPERIENCE; DO NOT TURN BACK ANY LONGER.

नौकरी शरिअत से करना,
हुकुम पीर मुरशिद का रखना ॥ टे ॥

मन घोड़े को मार चाबुका,
विवेक लगाम लेना ।
प्रेम क्षेम से रहना बेटा,
"सोऽहं" गढ़ लेना ॥ १ ॥

कूच दरकूच मुकाम करके,
संगम पूजा करना ।
अखी लगाकर मार निशानी,
पीछे मत हटना ॥ २ ॥

सिढ़ी पकड़ कर चढ़ना बेटा,
धीरज से गढ़ लेना ।
अन्दर का पट खोल लेना,
धीरे से चढ़ना ॥ ३ ॥

(*Contd. on p. 138*)

(१४) अनुवाद.

(हे बेटा!) धर्म के अनुसार नौकरी बजाना और महात्माओं तथा गुरु की आज्ञा का पालन करना। मन-रूपी घोड़े को चाबुक मारते हुए विवेक की लगाम हाथ में पकड़ना। प्रेम और क्षेम से रह कर, हे बेटा! "सोऽहं" किला जीतना। मंजिल दर मंजिल पहुँच कर, संगम पर पूजा करना। अविचल चित्त से लक्ष्य का वेध करना। और पीछे नहीं हटना। (श्वास की) सीढ़ी पकड़कर ऊपर चढ़ना और हे बेटा! धीरज के साथ किले को जीतना। अन्दर का परदा खोल कर धैर्य से ऊपर चढ़ना।

(*Contd. on p. 139*)

(*Contd. from p 136*)

अजर देश की हवा देख ले,
अमर कुण्ड मों न्हाना।
भगवा पट की बाँध निशानी,
पीछे मत हटना ॥ ४ ॥

कहत कबीर सुनो भाइ साधो,
बार बार नहिं आना।
जोही गुरु का पूरा होगा,
वोही बात पहचाना ॥ ५ ॥

(*Contd. from p. 137*)

जरा रहित देश की हवा लेकर अमृत-कुण्ड में नहाना। गेरुए वस्त्र की पताका फहराते हुए पीछे नहीं हटना। कबीर कहते हैं कि हे साधो! सुनो, बार बार नहीं आना है। जो गुरु का पूरा चेला होगा, वही इस बात को पहिचानेगा।

15. SURRENDER, THE ESSENTIAL CONDITION OF GRACE.

सुना रे मैंने निर्बल के बल राम ॥ टे ॥

पिछले साख भरूँ सन्तन की,
अड़े सँवारे काम ॥ १ ॥

जब लगि गज बल अपनो बरत्यो,
नेकु सर्‌यो नहिं काम।
निरबल ह्वै, बल राम पुकार्‌यो,
आए आधे नाम ॥ २ ॥

अपबल, तपबल और बाहुबल,
चौथो है बल दाम।
सूर किसोर-कृपा तें सब बल,
हारे को हरिनाम ॥ ३ ॥

(१५) अनुवाद.

मैंने सुना है कि राम निर्बल के बल हैं। पिछले सन्तों की साक्षी देता हूँ कि राम ने अटके हुए काम सँवारे हैं। जब तक गज ने अपना बल लगाया, तब तक थोड़ा भी काम नहीं होने पाया। जब निर्बल होने पर अन्तर्बल से राम को पुकारा तब आधे नाम पर ही राम को आना पड़ा। पहला बल आत्मबल, दूसरा तपबल, तीसरा बाहुबल और चौथा धनबल है। सूरदास कहते हैं कि किशोर कृष्ण की कृपा से ही सब बल प्राप्त होता है; हारे हुए को हरिनाम ही एकमेव बल है।

16. KABIR ON SEPARATION FROM GOD.

प्रीति लगी तुव नाम की,
पल बिसरै नाई।
नजर करौ मेहर की,
मोहिं मिलौ गुसाँई ॥ १ ॥

विरह सतावै हाय अब,
जिव तड़पै मेरा।
तुम देखन को चाव है,
प्रभु मिलौ सवेरा ॥ २ ॥

नैना तरसे दरस को,
पल पलक न लागै।
दर बन्द दीदार का,
निसि-बासर जागै ॥ ३ ॥

जो अब के प्रीतम मिले,
करूँ निमिष न न्यारा।
अब कबीर गुरु पाइया,
मिला प्रान पियारा ॥ ४ ॥

(१६) अनुवाद.

(हे स्वामी) तुम्हारे नाम की प्रीति लगी है। एक पल भी तुम्हारा नाम नहीं बिसरता। हे गोसाँई, कृपादृष्टि करो और मुझ से मिलो। विरह सता रहा है। हाय ! अब जीव तड़प रहा है। तुम्हें देखने की उत्कण्ठा है। अत एव हे प्रभु, शीघ्र ही मुझे मिलो। नेत्रों को दर्शन की प्यास लगी है। एक पल भी पलक नहीं लगते। दीदार का द्वार बन्द है। मैं रात दिन जाग रहा हूँ। अगर इस बार प्रियतम मिल जाय तो क्षणमात्र भी अलग नहीं करूंगा।

अब कबीर गुरु को पा गया और प्राण प्यारा मिल गया।

17. MIRA'S MIND ON THE RACK.

जोगी मत जा, मत जा, मत जा,
पाँइ परूँ मैं तेरी ॥ टे ॥

प्रेम भक्ति को पैण्ड़ो न्यारो,
हम को गैल लगा जा ॥ १ ॥

अगर चन्दन की चिता रचाऊँ,
अपणे हाथ जला जा ॥ २ ॥

जल बल भई भस्म की ढेरी,
अपणे अंग लगा जा ॥ ३ ॥

मीरा के प्रभु गिरधर नागर,
ज्योत में ज्योत मिला जा ॥ ४ ॥

(१६) अनुवाद.

हे योगी, मत जाओ, मत जाओ, मत जाओ। मैं तुम्हारे पैर पड़ती हूं। प्रेम भक्ति का मार्ग विचित्र है, मुझ को उसकी गली लगा जाओ। या अगरु चन्दन की मैं चिता रचाऊँ; तो उसे अपने हाथ से जला जाओ। मैं जब बिलकुल जलकर भस्म की ढेरी हो जाऊँ तब उसको अपने शरीर पर लगा कर जाओ। प्रभु गिरिधर नागर की भक्त मीराबाई कहती हैं हे गुरु! तुम ज्योति में ज्योति मिला जाओ।

17. MIRA'S LONG WAITING CROWNED WITH SUCCESS.

तुम पलक उघारो दीनानाथ ।
मैं हाज़िर नाज़िर कब की खड़ी ॥ टे ॥

साहू थे दुस्मन होइ लागे,
मैं सब को लगूँ कड़ी ॥ १ ॥

दिन नहिं चैन रात नहिं निदरा,
सूखूँ खड़ी खड़ी ॥ २ ॥

कहा बोझ मीरा में कहिए,
सौ पर एक धड़ी ॥ ३ ॥

गुरु रैदास मिले मोहिं पूरे,
धुर से कमल भिड़ी ॥ ४ ॥

सतगुरु सैन दई जब आके,
जोत में ज़ोत मिली ॥ ५ ॥

(१७) अनुवाद.

हे दीनानाथ, तुम पलक उघाड़ो। मैं नज़र लेकर आपके सामने कब से खड़ी हूँ। जो साधु थे, वे दुश्मन होकर पीछे पड़े हैं। मैं सब को कड़ी लग रही हूँ। दिन में चैन नहीं, रात में नींद नहीं। खड़ी खड़ी सूख रही हूँ। कहिए! मीरा में कौन सा बोझ है? सौ पर एक घड़ी का बोझ ही क्या? गुरु रैदास मुझे पूरे मिले, मानो मेरा सिर कमल से शोभित हो गया। जब सद्गुरु ने आकर संकेत दिया, तब ज्योति में ज्योति मिल गई।

CHAPTER 5

The Highest Ascent.

1. MIRABAI ON THE GREAT JOY CONSEQUENT UPON THE POSSESSION OF THE JEWEL OF GOD.

पायो जी मैंने राम रतन धन पायो ॥ टे ॥

वस्तु अमोलिक दी मेरे सतगुरु,
किरपा करि अपनायो ॥ १ ॥

जनम जनम की पूँजी पाई,
जग में सभी खोवायो ॥ २ ॥

खरच न खूटै, चोर न लूटै,
दिन दिन बढ़त सवायो ॥ ३ ॥

सत की नाव खेवटिया सतगुरु,
भव सागर तरि आयो ॥ ४ ॥

मीरा के प्रभु गिरिधर नागर,
हरखि हरखि जस गायो ॥ ५ ॥

(१) अनुवाद

निश्चय ही मैंने रामरूपी रत्न-धन पा लिया । मेरे सद्गुरु ने मुझे अमोल वस्तु दी और कृपा कर अपना बना लिया । मैंने जग में सब कुछ खो दिया और जन्म जन्म की पूंजी पा ली । वह पूँजी न खर्च करने से कम होती है और न उसको चोर लूट सकते हैं, अपितु वह दिन दिन सवाई बढ़ती जाती है । सत्तनाम की नैया और सद्गुरु रूप केवट के द्वारा मैं भवसागर तर आई । मीरा कहती है कि गिरिधर नागर मेरे प्रभु हैं । हर्षित हो होकर मैं उनका यश गाती हूँ ।

2. MIRA'S EXPERIENCE OF SOUND AND COLOUR.

फागुन के दिन चार रे,
होरी खेल मना रे ॥ १ ॥

बिनि करताल पखावज बाजै,
अणहद की झणकार रे ॥ २ ॥

बिनि सुर राग छतीसूँ गावै,
रोम रोम रंग सार रे ॥ ३ ॥

सील सन्तोख का केसर घोला,
प्रेम प्रीति पिचकार रे ॥ ४ ॥

उड़त गुलाल लाल भयो अम्बर,
बरसत रंग अपार रे ॥ ५ ॥

घट के पट सब खोल दिये हैं,
लोक लाज सब डार रे ॥ ६ ॥

होरी खेलि पीव घर आये,
सोइ प्यारी प्रिय प्यार रे ॥ ७ ॥

मीरा के प्रभु गिरिधर नागर,
चरण कँवल बलिहारि रे ॥ ८ ॥

(२) अनुवाद.

रे मन ! फागुन के दिन चार ही हैं, इन्हीं में होली खेल ले। हाथों के ताड़न के बिना ही पखावज बज रही है। अनाहत की झनकार उठ रही है। बिना स्वर के छतीसों राग गाये जा रहे हैं। रोम रोम में श्रेष्ठ रंग भरा हुआ है। (मैंने) शील सन्तोष रूपी केसर घोला और प्रेम-प्रीति रूपी पिचकारी से छोड़ा। गुलाल उड़ते उड़ते (दोनों) अम्बर लाल हो गए। अपार रंग बरस रहा है। शरीर के सब परदे खोल दिये हैं और जनलज्जा तज दी है। होली खेल कर प्रिय घर आये; वही आगमन प्यारी के प्रति प्रिय के प्रेम का चिन्ह है। मीरा कहती है कि हे गिरिधर नागर! मैं आपके चरण-कमल पर बलिहारी हूँ।

3. MIRABAI ON THE DOCTRINE OF APPROXIMATION.

साधु कि संगत पाई रे,
जाकी पूर्ण कमाई रे ॥ टे. ॥

साधु कि संगत गुरुजी की सेवा,
बनत बनत बनि आई रे ॥ १ ॥

सुमिरे नामा और कबीरा,
तीसर मुक्ताबाई रे ॥ २ ॥

मीरा के प्रभु गिरिधर नागर,
जोत में जोत मिलाई रे ॥ ३ ॥

(३) अनुवाद.

(मैं) उन साधुओं की संगत पा गई, जिनकी कमाई पूर्ण थी। साधुओं की संगति से और गुरुजी की सेवा से (मेरी साधना) धीरे धीरे पूर्णता को प्राप्त हुई। नामदेव ने स्मरण किया, कबीर ने स्मरण किया और तीसरी मुक्ताबाई ने भी स्मरण किया। मीराबाई कहती है कि हे प्रभु गिरिधर नागर, इन सब ने ज्योति में ज्योति मिला दी।

4. SURDAS ON DIVINE OMNIPOTENCE AND SUPERSENSUOUS EXPERIENCE.

बन्दउँ श्री हरि-पद सुखदाई ॥ टे. ॥

जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै,
अन्धे कूँ सब कछु दरसाई ॥ १ ॥

बहिरो सुनै गुंग पुनि बोलै,
रंक चलै सिर छत्र धराई ॥ २ ॥

सूरदास स्वामी करुणामय,
बार बार बन्दउँ तिहि पाई ॥ ३ ॥

(४) अनुवाद.

(मैं) श्री हरि के सुखदाई पदों की वन्दना करता हूँ। जिस हरि की कृपा से पंगु गिरि को लांघता है, अन्धे को सब कुछ दिखाई पड़ता है, बहिरा सुनने लगता है, गूंगा बोलने लगता है और रंक सिर पर छत्र धरा कर चलता है। सूरदास कहते हैं कि हे करुणामय स्वामी! उन चरणों को प्राप्त करके बार-बार मैं उनकी वन्दना करता हूँ।

5. ON GOD AS INEXTRICABLY BOUND UP WITH EVERY FIBRE OF THE BODY.

अब तो प्रकट भई जग जानी ॥ टे ॥

वा मोहन से प्रीति निरन्तर,
क्यों हि रहेगी छानी ॥ १ ॥

कहा करूँ सुन्दर मूरति इन,
नयनन माँझ समानी ॥ २ ॥

निकसत नाहिं बहुत पचि हारी,
रोम रोम उरझानी ॥ ३ ॥

अब कैसे कहूँ री जात है,
मिलौ दूध से पानी ॥ ४ ॥

सूरदास प्रभु अन्तर्यामी,
सब के मन के स्वामी ॥ ५ ॥

(५) अनुवाद.

अब तो मेरी प्रीति जगत को विदित हो गई है। उस मोहन के प्रति मेरी अविचल प्रीति कैसे छिपी रहेगी? क्या करूँ? सुन्दर मूर्ति इन नेत्रों के मध्य समा गई है। रोम रोम में फँस गई है। बहुत परिश्रम करने से मैं थक गई, तब भी (वह) निकलती नहीं। क्या अब दूध से मिला पानी किसी प्रकार कहीं जाता है? सूरदास कहते हैं कि प्रभु अन्तर्यामी हैं और सब के मन के स्वामी हैं।

6. TULSIDAS ON THE MYSTICAL TRANSCENDENCE OF GOD.

बिनु पग चलै सुनै बिनु काना।
बिनु कर करम करै विधि नाना ॥

आनन रहित सकल रस भोगी।
बिनु वाणी बकता बड़ जोगी ॥

तनु बिनु परस नयन बिनु देखा।
गहै घ्राण बिनु बास असेखा ॥

अस सब भाँति अलौकिक करणी।
महिमा तासु जाइ नहिं बरणी ॥

(६) अनुवाद.

पदों के बिना चलता है। कानों के बिना सुनता है। हाथों के बिना अनेक प्रकार के कर्म करता है। मुख के बिना सब रसों का भोगने वाला है। वाणी के बिना भी वह योगी बड़ा वक्ता है। बिना शरीर के स्पर्श करता है। नयनों के बिना देखता है। घ्राण के बिना समस्त वास ग्रहण करता है। इस तरह सब प्रकार उसकी करनी अलौकिक है, उसकी महिमा कही नहीं जाती।

7. GORAKHANATH'S DESCRIPTION OF HIS SPIRITUAL EXPERIENCE.

शून्य शिखर में सुरत लगाय देखो,
निज में अलख बसाय बस्ती ।
ताल मृदंग पवपवली बजत है,
हर दम पर नौबत झड़ती ॥ १ ॥

इड़ा पिंगला चवर डुलावे,
सुखमनिया सेवा करती ।
चन्द सुरज दोउ दीवटि जलते,
सत्त सुकृत दोउ फिरे गश्ती ॥ २ ॥

सप्त सागर धनि करे असनान,
जहँ मोतियन की बरषा झड़ती ।
बिरला सन्त कोइ पहुँच गया,
निगुरे की मिले नहीं गिनती ॥ ३ ॥

नाथ मछिन्दर दास तुम्हारो,
गोरख गरीब मेरी कौन गिनती ।
सबद सबद में आप बिराजे,
तुझ बिन दुजी न देखे सुरती ॥ ४ ॥

(७) अनुवाद

ब्रह्मरंध्र पर ध्यान लगाकर देखो। अपने में वहां अलक्ष्य पुरुष ने वास किया है। वहां ताल, मृदंग, पावा और बाँसुरी बज रहे हैं। हर क्षण नौबत झड़ती है। इड़ा और पिंगला दोनों चँवर डुला रही हैं और सुषुम्ना सेवा करती है। चांद और सूरज दो मशाल जल रहे हैं। सत्य और सुकृत दोनों गश्त लगाते हैं। सप्त सागर का मालिक वहां स्नान कर रहा है; जहाँ पर मोतियों की लगातार वर्षा हो रही है। कोई विरला सन्त ही वहां पहुँच पाता है, मन-मुख की वहां गिनती तक नहीं होती। गोरख कहता है कि हे मत्स्येन्द्रनाथ! मैं आपका दास हूं। मुझ गरीब की क्या गिनती है। प्रतिशब्द में आप विराजमान हैं, आपके बिना दूसरी कोई वस्तु मेरी दृष्टि में नहीं आती।

8. DHARAMDAS ON BEATIFICATORY EXPERIENCE.

झरि लागै महलिया गगन घहराय ॥ टे ॥
खन गरजै खन बिजुरी चमकै ।
लहर उठै शोभा बरनि न जाय ॥ १ ॥
सुन्न महल में अमृत बरसै ।
प्रेम अनन्द ह्वै साधु नहाय ॥ २ ॥
खुली केवरिया मिटी अँधेरिया ।
धन सतगुरु जिन दिया लखाय ॥ ३ ॥
धरमदास बिनवै कर जोरी ।
सतगुरु चरन में रहा समाय ॥ ४ ॥

(८) अनुवाद.

महल पर झड़ी लग गई है। गगन घहरा रहा है। क्षण गर्जना होती है, क्षण बिजली चमकती है। लहर उठती है, जिसकी शोभा का वर्णन नहीं किया जाता। शून्य महल में अमृत बरस रहा है। साधु प्रेमानन्दित हो कर नहा रहा है। खिड़की खुल गई। अँधेरा मिट गया। सद्गुरु धन्य है, जिसने यह सब दिखला दिया है। धर्मदास हाथ जोड़कर विनय करते हैं कि, मैं सद्गुरु-चरण में समा रहा हूं।

9. YARI ON MANIFOLD SPIRITUAL EXPERIENCE.

झिलमिल झिलमिल बरसै नूरा,
नूर जहूर सदा भरपूरा ॥

रुनझुन रुनझुन अनहत बाजै,
भँवर गुँजार गगन चढ़ि गाजै ॥

रिमझिम रिमझिम बरसै मोती,
भयो प्रकास निरन्तर जोती ॥

निर्मल निर्मल निर्मल नामा,
कह यारी तहँ लियो विस्रामा ॥

(९) अनुवाद.

प्रकाश झिलमिल झिलमिल बरस रहा है और सदा सम्पूर्णतया प्रकट होता है। अनाहत शब्द रुनझुन रुनझुन बजता है। भ्रमर का गुँजार आकाश पर चढ़ कर गरजता है। मोती रिमझिम रिमझिम बरस रहे हैं और निरन्तर ज्योति का प्रकाश हो रहा है। यारी कहते हैं, नाम निर्मल निर्मल है और वहां मैनें विश्राम लिया है।

10. "MY THAKURDWAR IS EVERYWHERE", SAYS CHARANDAS.

और देवल जहँ धुन्धली पूजा,
देवत दृष्टि न आवै ।
हमारा देवत परगट दीसे,
बोलै, चालै, खावै ॥ १ ॥

जित देखौं तित ठाकुरद्वारा,
करौं जहां नित सेवा ।
पूजा की विधि नीके जानी,
जाहूँ परसन देवा ॥ २ ॥

करि सम्मान अस्नान कराऊँ,
चन्दन नेह लगाऊँ ।
मीठे बचन पुष्प जोइ जानों,
ह्वै करि दीन चढ़ाऊँ ॥ ३ ॥

परसन करि करि दरसन पाऊँ,
बार बार बलि जाऊँ ।
चरनदास सुकदेव बतावैं,
आठ पहर सुख पाऊँ ॥ ४ ॥

(१०) अनुवाद.

अन्य देवालय ऐसे हैं, जहाँ पर अंधेरी पूजा होती है; क्यों कि वहां देवता दिखाई नहीं देता। हमारा देवता प्रत्यक्ष दीख पड़ता है। वह बोलता है, चलता है और खाता है। जहाँ देखूँ वहाँ प्रभु का ही मंदिर है। जहाँ मैं उसकी अखण्ड सेवा करता हूँ। पूजा की विधि भली भाँति जान ली है, जिससे प्रभु प्रसन्न होता है। उसे सम्मान का स्नान कराता हूँ और स्नेह का चन्दन लगाता हूं। दीन होकर मीठे वचन रूपी पुष्प प्रभु पर चढ़ाता हूं। बार बार रिझा रिझा कर उसका दर्शन पाता हूं और उस पर अपने को न्योछावर करता हूं। चरनदास कहते हैं कि सुकदेव ने मुझे मार्ग बताया, जिससे मैं अहोरात्र सुख पाता हूं।

11. EKNATH ON THE VISION OF GOD IN ALL STATES OF CONSCIOUSNESS.

गुरु कृपाञ्जन पायो रे भाई,
राम बिना कछु देखत नाहीं ॥ १ ॥

अन्दर राम बाहर राम,
जहँ देखे तहँ रामहि राम ॥ २ ॥

जागत राम सोवत राम,
सपन में देखूँ आतमराम ॥ ३ ॥

एका जनार्दनी अनुभव नीका,
जहँ देखे वहँ राम सरीका ॥ ४ ॥

(११) अनुवाद.

रे भाई, गुरु-कृपा का अञ्जन नेत्रों में लगाया है जिससे राम के अतिरिक्त हमें कुछ नहीं दिखाई पड़ता। भीतर राम है; बाहर राम है। जहां देखो वहां राम ही राम है। जागते समय राम है; सोते समय राम है और मैं स्वप्न में भी आत्माराम को देखता हूँ। जनार्दन स्वामी के शिष्य एकनाथ कहते हैं कि मेरा अनुभव सच्चा है; क्यों कि जहां मैं देखता हूं, वहां लगातार राम ही दिखाई पड़ता है।

12 MAHIPATI ON A MYSTIC'S LIFE IN A TUMULT OF LIGHT AND COLOUR.

साईं अलख पलख में झलके, लहलहाट बिजली चमके ॥
मन गरक़ हुआ, मन गरक़,
गुरु साईंनाथ आज पाया, मुझ पकड़ दस्त बैठाया,
दो अच्छर बीज पढ़ाया, मेरे सिर पर हाथ चढ़ाया ॥
अब तू सच्चा गुरु का बच्चा, देख परीच्छा,
छइ बदन जुगुत से जखड़,
मत डर जोर से पकड़,
जो आवे उसे दे छकड़,
आगे पीछे मोर की पाँखें, लहलहाट बिजली चमके ॥ १ ॥

नीचे धरनि ऊपर असमाना, दोऊ छोड़ बीच में जाना,
चल सरक, आगे चल सरक,
प्यारे उलट पुलट से चलना, साहब से जुगुत से मिलना
भ्रुकुटी ऊपर, त्रिकुटी शीखर, ध्यान लगाकर,
खूब देख नजर से अभी,
रज सोना बिखरा सभी,
मूल माया की जो छबी,
छोड़ माया स्वरूप परखे, लहलहाट बिजली चमके ॥ २ ॥

(*Contd. on p. 172*)

(१२) अनुवाद.

अलक्ष्य पुरुष पलक में झलकता है । बिजली की लहलहाट चमक रही है । मन मग्न हो गया है । आज गुरु स्वामीनाथ मिले । उन्होंने मेरा हाथ पकड़ कर बिठाया और दो अक्षर का बीजमंत्र पढ़ाया । मेरे मस्तक पर हाथ रक्खा, और कहा कि, अब तू सच्चा गुरु का बच्चा है । परीक्षा देख । षट चक्र को युक्ति से कसकर बाँध । डर मत । जोर से पकड़ । बीच में कोई आवे तो उसे धक्का दे । आगे-पीछे मोर-पंख देख । बिजली की लहलहाट चमक रही है । नीचे धरणी, ऊपर आसमान छोड़ बीच ही में आवागमन कर । खसक कर आगे बढ़ । प्यारे बच्चे, उलट-पुलट चल कर युक्ति से साहब से मिलना । भौहों के ऊपर त्रिकूट के शिखर पर ध्यान लगा । नज़र से खूब देख, जिधर देखे उधर चांदी सोना बिखरा है । वह मूल प्रकृति की कान्ति है। माया को तज कर असली स्वरूप को चीन्ह। बिजली की लहलहाट चमकती है।

(*Contd. on p. 173*)

(*Contd. from p. 170*)

मोतियन का मेंह बरसता, सो ब्रह्मा ज्ञान विधाता,
खूब घटा, बनी खूब घटा,
तारा सो बिसन रूप सजता, पालन वाला भरमस्ता,
गोल गुण्डाला, चक्कर उजाला, शिव मतवाला,
यही रूप तीनों का हुआ,
चल आगे और कुछ हुआ,
बड़ी लहर बहर बेनवा,
मन उन्मन होके गरके, लहलहाट बिजली चमके ॥ ३ ॥

नरहरि नाथ गुरु मेरा, मैं महिपत गुलाम तेरा,
क्या कहूँ, अब क्या कहूँ,
जाको वेद न जाने डेरा, वो मैंनें नयनन सों हेरा,
सच्चा साईं, गुरु गोसाईं, राह बताई,
जिससे सकल भरमना मिटी,
डोरी जनन मरन की टूटी,
कोठड़ी करम की फूटी,
लागी लगन मगन दिल हरखे, लहलहाट बिजली चमके ॥ ४ ॥

(*Contd. from p. 171*)

मोतियों को बरसाने वाला मेघ ज्ञान दाता ब्रह्मा है। बरसने वाले मेघों की निबिड़ श्रेणी दीख पड़ती है। ताराओं से अलंकृत, पालने वाले, अलमस्त विष्णु का रूप दिखाई पड़ता है। वलयों से वेष्टित, प्रकाशमान मण्डलों से युक्त मतवाले शिवजी हैं। यह ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों का रूप हुआ। आगे चल, आगे कुछ और दिखाई देगा। बड़ी लहर और नई बहार होगी। मन तुर्यावस्था में ग़र्क़ होगा। बिजली की लहलहाट दीख पड़ेगी। नरहरि नाथ मेरे गुरु हैं। मैं "महिपति" तेरा गुलाम हूं। और क्या कहूं! जिसका स्थान वेद भी नहीं जानता, उसको मैंने अपनी आँखों से देखा। स्वामी सच्चा है गुरु गोसाईं ने उसका मार्ग मुझे बताया। मेरे सब भ्रम और भ्रमण मिट गए। जन्म-मरण की डोरी टूट गई। कर्म की कोठरी फूट गई। लगन लगी है। हृदय मग्न होकर हर्षित हो गया है। बिजली की लहलहाट चमक गई।

13. CHARANDAS ON THE VARIETIES OF ANAHAT SOUND.

ऐसा देस दिवाना रे लोगो,
जाय सो माता होय ।
बिन मदिरा मतवारे झूमै,
जनन मरन दुख खोय ॥ १ ॥
बिना सीप अनमोलक,
बिन दामिनि दमकाहीं ।
बिन ऋतु फूले फूल रहत हैं,
अमरत रस फल पागै ॥ २ ॥
अनहत शब्द भँवर गुँजरै,
संख पखावज गाजै ।
ताल घण्ट मुरली घन घोरा,
भेरि दमामै ग़ाजै ॥ ३ ॥
रम्भा नृत्य करे बिन पग सूँ,
बिन पायल ठनकारै ।
सिद्धि गर्जना अति ही भारी,
घुंघुरूँ-गति झनकारै ॥ ४ ॥
गुरु सुकदेव करै जब किरपा,
ऐसा नगर दिखावै ।
चरनदास वा पग के परसे,
आवागमन नसावै ॥ ५ ॥

(१३) अनुवाद.

हे लोगो, यह देश ऐसा पागल है कि जहाँ आने से आदमी मतवाला हो जाता है। बिना शराब के ही मतवाले हो कर लोग झूमते हैं और जन्म मरण का दुख खो देते हैं। सीप के बिना ही अमूल्य मोती उत्पन्न होते हैं। बिजली के बिना चमक उठती है। ऋतु के बिना ही यहाँ फूल फूले रहते हैं। और फल अमृत-रस से भरे रहते हैं। अनहद शब्द भ्रमर के सदृश गुँजारता है। शंख, पखावज, ताल, घण्टा और बाँसुरी बजते हैं। घनघोर भेरी और नगारे झड़ते हैं। यहाँ पर बिना पैरों के रम्भा नृत्य करती है। बिना नूपुर के ठुमकी मारती है। सिद्धियों की गर्जना अति गम्भीर घुँघरुओं की झनकार के सदृश है। गुरु शुकदेव जब कृपा करते हैं, तब ऐसा देश दिखाते हैं। चरणदास उनके पदों का स्पर्श कर के जन्म मरण खो देते हैं।

14. CHARANDAS ON THE PHYSIOLOGICAL AND MORAL EFFECTS OF HEARING THE ANAHAT SOUND.

जब तें अनहत घोर सुनी ॥ टे ॥
इन्द्री थकित गलित मन हुआ,
आसा सकल भुनी ॥ १ ॥
घूमत नैन शिथिल भइ काया,
अमल जो सुरत सनी ॥ २ ॥
रोम रोम आनन्द उपज करि,
आलस सहज भनी, ॥ ३ ॥
मतवारे ज्यों सबद समाये,
अन्तर भींज कनी ॥ ४ ॥
करम भरम के बन्धन छूटे,
दुविधा विपति हनी ॥ ५ ॥
आपा बिसरि जगत कूँ बिसरो,
कित रही पांच जनी ॥ ६ ॥
लोक भोग सुधि रही न कोई,
भूले ज्ञान गुनी ॥ ७ ॥
हो तहँ लीन चरन ही दासा,
कह सुकदेव मुनी ॥ ८ ॥
ऐसा ध्यान भाग सूँ पैये,
चढि रहैं सिखर अनी ॥ ९ ॥

(१४) अनुवाद.

जब से घोर अनाहत शब्द सुना, इन्द्रियाँ थकित हो गईं। मन गलित हो गया, सकल आशाएं जल गईं। जब अमल में सुरत मिल गई, तब नेत्र घूमने लगे, काया शिथिल हो गई। रोम रोम में उत्पन्न होकर आनन्द ने आसानी से आलस्य को भंग कर दिया। मतवाले होकर जब शब्द में समाते हैं, तब अन्तर का कण कण भीग जाता है। कर्म और भ्रम के बन्धन छूट गए। द्वैतरूपी विपत्ति नष्ट हो गई। अपने को बिसर कर जगत को भी बिसरा। फिर पंचतत्वों का समुदाय कहाँ रह गया? लोक के भोग की कोई स्मृति न रह गई। गुणी लोग ज्ञान को भूल गए। शुकदेव मुनि कहते हैं कि ऐ चरणदास! वहां लीन हो जाओ। भाग्य से ऐसा ध्यान पाओ कि शिखर की नोक पर चढ़ जाओ।

15. KABIR ON A MYSTIC'S LIFE IN THE REGION OF SUPERSENSUOUS EXPERIENCE.

महरम होय सो जानै साधो,
ऐसा देस हमारा ॥ टे. ॥

वेद किताब पार नहिं पावत,
कहन सुनन से न्यारा ॥ १ ॥

सुन्न महल में नौबत बाजै,
किंगरी बीन सितारा ॥ २ ॥

बिन बादर जहँ बिजुरी चमकै,
बिनु सूरज उजियारा ॥ ३ ॥

बिना सीप जहँ मोती उपजै,
बिनु सुर सब्द उचारा ॥ ४ ॥

ज्योति लजाय ब्रह्म जहँ दरसै,
आगे अगम अपारा ॥ ५ ॥

कह कबीर वहँ रहनि हमारी,
बूझै गुरुमुख प्यारा ॥ ६ ॥

(१५) अनुवाद.

हे साधो, हमारा देश ऐसा है कि अन्तर में प्रवेश करने वाला ही उसको जान सकता है । (उस देश का) पार वेद और कुरान नहीं पाते। वह देश कहने सुनने से परे है। शून्य महल में नौबत, किंगरी, वीणा और सितार बज रहे हैं, जहाँ बादलों के बिना बिजली चमकती है, सूर्य के बिना उजाला रहता है। सीप के बिना मोती उपजते हैं, स्वर के बिना शब्द उच्चरित होता है । जहां ज्योति को लज्जित कर ब्रह्म दिखाई पड़ता है और आगे अगम अपार है। कबीर कहते हैं कि वहीं हमारा वास है। कोई प्यारा गुरुमुख ही इसको समझ सकता है।

16. KABIR ON THE MORAL AND PSYCHOLOGICAL EFFECTS OF MYSTICAL REALISATION.

रस गगन गुफा में अजर झरै ॥ टे ॥

बिन बाजा झनकार उठै जहँ,
समुझि परै जब ध्यान धरै ॥ १ ॥

बिना ताल जहँ कमल फुलाने,
तेहि चढ़ि हंसा केलि करै ॥ २ ॥

बिन चन्दा उजियारी दरसै,
जहँ तहँ हंसा नजर परै ॥ ३ ॥

दसवें द्वारे ताली लागी,
अलख पुरुख जाको ध्यान धरै ॥ ४ ॥

काल कराल निकट नहिं आवै,
काम क्रोध मद लोभ जरै ॥ ५ ॥

जुगन जुगन की तृषा बुझाती,
करम भरम अघ व्याधि टरै ॥ ६ ॥

कहै कबीर सुनो भइ साधो,
अमर होय कबहूँ न मरै ॥ ७ ॥

(१६) अनुवाद

जहां बाजे के बिना ही झनकार उठती है, ऐसी गगन गुफ़ा में अजर रस झरता है। जब ध्यान धरता है तभी यह समझ पड़ता है। जहां ताल के बिना ही कमल फूलता है, उस पर चढ़कर हंस केलि करता है। चन्द्रमा के बिना ही वहाँ उजाला (चन्द्रिका) दिखाई देता है। जहां तहां हंस नज़र पड़ता है। जब दसवाँ द्वार ताली लगने से खुल जाता है, तब वहाँ जो अलख पुरुष है उसका (साधक) ध्यान लगाता है। कराल काल निकट नहीं आता। काम क्रोध मद लोभ जल जाते हैं। युग-युगों की प्यास बुझ जाती है। कर्म, भ्रम, अंध, व्याधि टल जाते हैं। कबीर कहते हैं कि हे साधो सुनो; (जीव) अमर हो जाता है और कभी मृत्यु के फँदे में नहीं पड़ता।

7. KABIR ON THE SUBLIMITY AND INEFFABILITY OF MYSTICAL EXPERIENCE.

चुवत अमी रस, भरत ताल जहँ,
सब्द उठै असमानी हो ॥ टे ॥

सरिता उमड़ि सिन्धु को सोखै,
नहिं कछु जाय बखानी हो ॥ १ ॥

चाँद सुरज तारागन नहिं वहँ,
नहिं वहँ रैन बिहानी हो ॥ २ ॥

बाजे बजैं सितार बाँसुरी,
ररंकार मृदुबानी हो ॥ ३ ॥

कोटि झिलमिलै जहँ तहँ झलकै,
बिनु जल बरसत पानी हो ॥ ४ ॥

दस अवतार एक रत राजैं,
अस्तुति सहज से आनी हो ॥ ५ ॥

कहै कबीर भेद की बातैं,
बिरला कोइ पहचानी हो ॥ ६ ॥

(१७) अनुवाद.

अमृत रस चूने से जहाँ ताल भर रहा है, वहाँ गगन भेदी शब्द उठता है। सरिता उमड़ कर सिन्धु को सोख रही है। कुछ वर्णन नहीं करते बनता। वहाँ न चाँद है न सूर्य है और न तारागण हैं। और न रात है न प्रभात है। सितार और बाँसुरी (आदि) बाजे बज रहे हैं। मधुर वाणी से राम-राम ध्वनि उठ रही है। जहाँ तहाँ करोड़ों झिलमिलें झलकतीं हैं। जल के बिना ही पानी (तेज बरस रहा है, और, दसों अवतार एक ही रात में (या लगातार) विराजते हैं। मुख में स्तुति अपने आप आती है। कबीर कहते हैं कि, ये रहस्य की बातें हैं। इन्हें कोई विरला ही पहचानता है।

18. THE FLAVOURISM OF KABIR.

ऐसो है रे हरि-रस,
ऐसो है रे भाई ॥ टे ॥
जाके पियै अमर ह्वै जाई
ध्रुव पीया प्रहलादहुँ पीया,
पीया मीराबाई ॥
हरि-रस महँगा मोल का रे,
पीयै बिरला कोय ।
हरि-रस महँगा सो पियै,
धड़ पै सीस न होय ॥
आगे आगे दावा जलै रे,
पीछे हरिया होय ।
कहत कबीर सुनो भाइ साधो,
हरिभज निर्मल होय ॥

(१८) अनुवाद.

हरि-रस ऐसा है, रे भाई, हरि-रस ऐसा है कि जिसको पीने से जीव अमर हो जाता है। ध्रुव ने पिया, प्रह्लाद ने पिया और मीराबाई ने पिया। हरि-रस महँगे मोल का है। कोई विरला ही पीता है। महँगा हरि-रस वही पीता है, जिसके धड़ पर शीश न हो। आगे आगे दावानल जलता है, पीछे हरियाली होती है। कबीर कहते हैं कि हे साधो! हरि को भज-कर लोग निर्मल होते हैं।

19. THE SLAKING OF SPIRITUAL THIRST AS LEADING ON TO FURTHER THIRST.

हो तो कोई पिये राम-रस प्यासा ॥ टे ॥

मृग तृष्णा-जल छाँड़ि बावरे,
करो सुधा रस आसा ॥ १ ॥

ध्रुव पिया, प्रह्लादहुँ पीया,
और पिया रैदासा ॥ २ ॥

गोरख पिया मछन्दर पीया,
मीरा भरि भरि कासा ॥ ३ ॥

गुरुमुख होइ सो भर भर पीवे,
मनमुख जात निरासा ॥ ४ ॥

कहत कबीर सुनो हो सन्तो,
और पियन की आसा ॥ ५ ॥

(१९) अनुवाद.

अगर कोई प्यासा हो तो रामरस पिये। ए बावरे! मृगतृष्णा जल को छोड़कर सुधारस की आशा कर। ध्रुव ने पिया, प्रह्लाद ने पिया और रैदास ने पिया। गोरख ने पिया, मत्स्येन्द्र ने पिया और मीरा ने काँस का पात्र भर-भर पिया। जो गुरुमुख होता है, वह भर भर पीता है। मन्मुख निराश होकर जाता है। कबीर कहते हैं कि, हे सन्तो! इसे पीने से और पीने की आशा होती है।

20. DADOO ON THE FLAVOURIST AS BECOMING ONE WITH THE FLAVOUR ITSELF.

रामरस मीठा रे, कोइ, पीवै साधु सुजाण ।
सदा रस पीवै प्रेम सों, सो अविनासी प्राण ॥ १ ॥

इहि रस राते नामदेव, पीपा अरु रैदास ।
पिबत कबीरा ना थक्या, अजहूँ प्रेम पियास ॥ २ ॥

सिधि साधक जोगी जती, सती सबै सुकदेव ।
पीवत अन्त न आवई, ऐसा अलख अभेव ॥ ३ ॥

यहु रस मीठा जिन पिया, सो रस ही रहा समाय ।
मीठे मीठा मिलि रहा, दादू अनत न जाइ ॥ ४ ॥

(२०) अनुवाद.

राम रस मीठा है। कोई ज्ञानी साधु ही उसका पान करता है। सदा जो प्रेम से रामरस पीता है, वह प्राणी अविनाशी है। नामदेव, पीपा और रैदास इसी रस में अनुरक्त थे। कबीर इसको पीते-पीते न थका; आज भी उसको प्रेम की प्यास है। हे शुकदेव! सिद्ध, साधक, योगी, यती और साध्वी आदि सभी ने उसको पीया पर उसका अन्त नहीं पाया, वह ऐसा अलक्ष्य और भय-रहित है। जिन्होंने इस मीठे रस का पान किया, वे इसी रस में समा गए। मीठा मीठे में मिल गया। अब दादू अन्यत्र कहाँ जाएगा?

21. KABIR ON THE DISTILLATION OF THE SPIRITUAL WINE.

है कोइ सन्त सहज सुख उपजै,
जप तप देउँ दलाली ।
एक बूँद भरि देइ राम रस,
उयूं भरि देइ कलाली ॥ १ ॥

काय कलाली लाहनि करिहूँ,
गुरू सबद गुड़ कीन्हा ।
कामौ क्रोध मोह मद मत्सर,
काटि काटि कस दीन्हा ॥ २ ॥

भुवन चतुरदस भाटी पुरई,
ब्रह्म अगिनि परजारी ।
मूँदे मदन सहज धुनि उपजी,
सुखमन पोतनहारी ॥ ३ ॥

नीझर झरै अमीरस निकसै,
तिहिं मदिरावल छाका ।
कह कबीर यह वास विकट अति,
ज्ञान गुरू ले बाँका ॥ ४ ॥

(२१) अनुवाद.

क्या कोई ऐसा सन्त है जो सहज सुख उपजा सके ? जिसको मैं दलाली में जप तप दूँ । जैसे कलाली काँस का पात्र भर-कर देती है, वैसे ही केवल एक बूँद तो रामरस दे ! काया को कलाली कि लाहनि किया । गुरु के शब्द को गुड़ किया । काट-काट-कर काम, क्रोध, मोह, मद, मत्सर का रस उसमें छोड़ा । चतुर्दश भुवनों की भट्टी पूर ली । ब्रह्माग्नि प्रज्वलित की । मदन को मूँदा, जिससे सहज ध्वनि उत्पन्न हुई । सुषुम्ना को पोतनहारी किया । निर्झर झरने लगा और अमृत रस निकलने लगा । उस मदिरा-वलि से मस्त हुआ कबीर कहता है कि इस प्रकार की रहनी अत्यन्त विकट है । जो गुरु से ज्ञान लेता है, वही इस में बाँका हो सकता है ।

22. ON THE MADNESS OF INTOXICATION THROUGH GOD VISION.

दरस दिवाना बावला, अलमस्त फकीरा ।
एक अकेला ह्वै रहा, अस्मत का धीरा ॥ १ ॥

हिरदे में महबूब है, हर दम क्या प्याला ।
पीवेगा कोई जौहरी, गुरुमुख मतवाला ॥ २ ॥

पियत पियाला प्रेम का, सुधरे सब साथी ।
आठ पहर झूमत रहे, जस मैगल हाथी ॥ ३ ॥

बन्धन काट मोह का, बैठा निरसंका ।
वाके नजर न आवता, क्या राजा क्या रंका ॥ ४ ॥

धरती तो आसन किया, तम्बू असमाना ।
चोला पहिरा खाक का, रहा पाक-समाना ॥ ५ ॥

सेवक को सतगुरु मिलै, कछु रहि न तबाही ।
कह कबीर निज घर चलौ, जहँ काल न जाही ॥ ६ ॥

(२२) अनुवाद.

दर्शन से दिवाना हुआ वह बावला फ़क़ीर बिलकुल मस्त हो गया है। स्थितधी एक वह अकेला रहता है। हृदय में श्वास श्वास का प्याला – ईश्वर हमेशा उपस्थित है। कोई गुरुमुख जौहरी ही उसको पी कर मतवाला होता है। प्रेम का प्याला पीता तो वह है पर सब साथी सुधर जाते हैं। मदगल हाथी की तरह वह आठों पहर झमता है और मोह का बन्धन काटकर निःशंक बैठा रहता है। क्या राजा, क्या रंक, यह उसकी दृष्टि में नहीं आता। (उसने) धरती को आसन किया, आसमान को तम्बू बनाया और खाक का चोला पहिना। पाक होकर वह ईश्वर में समा रहा है। सेवक को सद्गुरु मिलता है, तब कुछ बरबादी नहीं रहती। कबीर कहते हैं, जहाँ काल का प्रवेश नहीं उस अपने घर को चलो।

23. ON THE FREEDOM OF INTOXICATION THROUGH GOD-LOVE.

हमन है इश्क मस्ताना,
हमन को होशियारी क्या।
रहै आज़ाद या जग में,
हमन दुनिया से यारी क्या ॥ १ ॥
जो बिछुड़े हैं पियारे से,
भटकते दर ब दर फिरते।
हमारा यार है हम में,
हमन को इन्तज़ारी क्या ॥ २ ॥
ख़लक सब नाम अपने को,
बहुत कर सर पटकता है।
हमन हरिनाम राँचा है,
हमन दुनिया से यारी क्या ॥ ३ ॥
न पल बिछुड़े पिया हम से,
न हम बिछुड़ें पियारे से।
उन्हीं से नेह लागा है,
हमन को बेकरारी क्या ॥ ४ ॥
कबीरा इश्क का माता,
दुई को दूर कर दिल से।
जो चलना राह नाज़ुक है,
हमन सर बोझ भारी क्या ॥ ५ ॥

(२३) अनुवाद.

हम इश्क में मस्त हैं। हमारे लिये होशियारी से क्या प्रयोजन है? हम इस जग में स्वतंत्र रहते हैं। हम को दुनिया की दोस्ती से क्या? जो लोग प्यारे से बिछुड़े हैं, वे द्वार द्वार भटकते फिरते हैं। हमारा यार हम में है। हमें किसी की प्रतीक्षा से क्या प्रयोजन है? सारी दुनिया अपने नाम के लिए भरसक सिर पटकती है। हम को हरिनाम में अनुरक्ति है फिर हमें दुनिया की दोस्ती से क्या प्रयोजन? न पिय हम से पलमात्र बिछुड़े रहते हैं और न हम प्यारे से। उन्हीं से नेह लग गया है, फिर हम को बेचैनी कैसी? दुविधा को हृदय से दूर कर के कबीर ईश्वर के प्रेम में मस्त हुआ है। अगर नाज़ुक राह पर चलना है, तो सिर पर भारी बोझ क्यों लिया जाए?

24 ON THE EQUANIMITY OF INTOXICATION THROUCH GOD-POSSESSION.

मन मस्त हुआ तब क्यों बोलै ॥ टे ॥

हीरा पाय गाँठि गँठियायो,
बार बार वाको क्यों खोलै ।
हलकी थी जब चढ़ी तराज़ू,
पूरी भइ तब क्यों तोलै ॥ १ ॥

सुरत कलारी भइ मतवारी,
मदवा पी गइ बिन तोलै ।
हंसा पाए मानसरोवर,
ताल तलैया क्यों डोलै ॥ २ ॥

तेरा साहब है घट भीतर,
बाहर नैना क्यों खोलै ।
कहै कबीर सुनो भइ साधो,
साहिब मिल गए तिल ओलै ॥ ३ ॥

(२४) अनुवाद.

जब मन मस्त हो गया तब क्यों बोलें ? हीरा पाकर गाँठ में बाँधा । उसको बार बार क्यों खोलें ? जब तराजू हलकी थी; तब चढ़ी; जब सम हो गई, तब क्यों तोलें ? सुरति रूपी कलाली मतवाली होकर बिना तौल मदिरा पी गई । मानसरोवर पहुँच जाने पर हँस ताल तलैया क्यों ढूँढे ? तुम्हारा साहब घट के ही भीतर है । तुम बाहर नेत्र क्यों खोलते हो ? कबीर कहते हैं कि, हे साधो ! साहब तिल की आड़ में मिल गए ।

25. THE GRACE OF GOD IN THE SHAPE OF ANAHAT SAVES KABIR FROM THE REIGN OF UNIVERSAL DECEIPT.

रमैया कि दुलहिनि लूटल बजार ॥ टे ॥

सुरपुर लूट नागपुर लूटा,
तीन लोक मच हाहाकार ॥ १ ॥

ब्रह्मा लूट महादेव लूटा,
नारद मुनि के परी पिछार ॥ २ ॥

स्रिंगी की मिंगी करि डारी,
परासर के उदर बिदार ॥ ३ ॥

कनफूँका चिदकासी लूटे,
लूटे जोगेसर करत बिचार ॥ ४ ॥

हम तो बचिगे साहब दया से,
सब्द डोर गहि उतरे पार ॥ ५ ॥

कहत कबीर सुनो भइ साधो,
इस ठगिनी से रहो हुसियार ॥ ६ ॥

(२५) अनुवाद.

राम की बहुरिया बाज़ार लूट रही है। सुरलोक लूट कर नागलोक लूटा। तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। ब्रह्मा को लूटा महादेव को लूटा नारदमुनि के पीछे पड़ गई। शृंगी ऋषि का मर्दन कर डाला। पराशर का पेट फाड़ा। कनफूँका और चिदकाशियों को लूट लिया। योगेश्वर लुट जाने से विचार करने लगे। कबीर कहते हैं कि हम तो साहब की दया से बच गए और शब्द रूपी डोर पकड़ कर पार उतर गए। हे साधो! इस ठगनी से होशियार रहो।

26 KABIR ON LIVING IN SAHAJA SAMADHI.

साधो सहज समाधि भली ॥ टे ॥

गुरु प्रताप जा दिन से जागी,
दिन दिन अधिक चली ॥ १ ॥

आँख न मूदौं कान न रूँधौं,
तनिक कष्ट नहि धारौं ।
खुले नैन पहिचानौं हँसि हँसि,
सुन्दर रूप निहारौं ॥ २ ॥

सबद निरन्तर से मन लागा,
मलिन वासना त्यागी ।
ऊठत बैठत कबहु न छूटै,
ऐसी तारी लागी ॥ ३ ॥

कह कबीर यह उन्मनि रहनी,
सो परगट करि गाई ।
दुख सुख से कोइ परे परमपद,
तेहि पद रहा समाई ॥ ४ ॥

(२६) अनुवाद.

हे साधो! सहज समाधि भली है। गुरु के प्रताप से जिस दिन से जागृत हुई है, प्रतिदिन बढ़ती ही गई। न आँख मूँदता हूँ, न कान रूँधता हूँ। थोड़ा भी कष्ट नहीं उठाता। खुले नेत्रों से पहचानता हूँ और हँस हँस कर सुन्दर रूप निहारता हूँ। निरन्तर शब्द से मन लग गया है। (मन ने) मलिन वासना त्याग दी है। ऐसी (अखण्ड) तारी लगी है कि उठते बैठते कभी भी नहीं छूटती। कबीर कहते हैं कि, यह उन्मनि रहनी है। जिसको मैंने प्रकट कर के गाया है। दुख सुख से परे एक अकथ परम-पद है, जिसमें मैं समा गया हूं।

27. MAULA ON THE EFACEMENT, IN ECSTACY, OF THE DISTINCTION BETWEEN SELF AND GOD.

जो पीर मेरा बड़ा औलिया, निशान बतलाया।
उससे मैंने गुङ्ग होकर, अपना घर पाया ॥ १ ॥

पञ्चतत्व के मकान में म ही बैठा रहा।
तरह तरह का रंग देख कर, बाजा सुन लिया ॥ २ ॥

'ततु त्वं' शब्द का बोल बताया, होशियार मैं हुआ।
नाद बिन्दु की कला जानकर, हुआ बेपरवा ॥ ३ ॥

लाल शून्य के ऊपर सफ़ेद शून्य दिखलाया।
उस पर काला तीसर शून्य सुषुप्ति कहलाया ॥ ४ ॥

चौथे शून्य का बड़ा उजियारा, गुरु ने बतलाया।
उन्मनि मैंने साँइ जगाया, उसे समुझि लिया ॥ ५ ॥

आनन्द नहाया बन्दा खुदा, दोनो बिसर गया।
बेनाम का नाम होकर, रहटाना राहा ॥ ६ ॥

और भी यह समुझि ले, पूर्णब्रह्म कैसोई।
समझे लाल सफ़ेद पर काला, जो देखे नीला सोई ॥ ७ ॥

कहे मौलाई समुझि ले, जो मुरशिद को पाई।
प्याला लेवे जाने वाहिद, जान पाई ॥ ८ ॥

(२७) अनुवाद.

मेरा गुरु जो बड़ा सिद्ध है, उसने मुझ को चिन्ह बतला दिया। उससे मैंने मूक हो कर अपना स्थिर निवास प्राप्त किया। पञ्चभौतिक शरीर में मैं अकेला ही बैठा रहा। वहाँ पर नाना प्रकार के रंग देखकर, बाजा सुन लिया। 'तत्त्वं' महावाक्य मुझे बताया गया, जिससे मैं जागृत हुआ। नाद, बिन्दु की कला जान कर मैं बेपरवाह हुआ। लाल शून्य पर सफेद शून्य देख लिया। उस पर तीसरा काला शून्य है, जिसको सुषुप्ति कहते हैं। उसके ऊपर चौथा शून्य, जो तुर्यावस्था का है, उसका बड़ा उजाला गुरु ने बतलाया। उस उन्मनि अवस्था में मैंने स्वामी को जगाया और उसको समझ लिया। आनन्द सागर में डूब कर "बन्दा खुदा" के भेद को भूल गया। दो नाम का एक नाम होकर आवागमन मिट गया। पूर्णब्रह्म कैसा है इसको वही समझता है, जो लाल, सफ़ेद और काले पर नीला शून्य देखता है। मौला कहते हैं कि यह बात समझले कि जो गुरु को पा लेता है और जो रस का प्याला लेना जानता है वही ईश्वर को प्राप्त कर सकता है।

28. THE RELEASED SOUL, THE CAUSE OF THE SUSTENANCE AND THE UPLIFTMENT OF THE WORLD.

बन्धनों की शृंखला को तोड़कर यह पार आया।
मुक्त हो बैठा पुजारी जागरण का श्वास पाया ॥ १ ॥
सम्पुटों से त्राण पाते ही भ्रमर गुञ्जारता है।
पंख फैलाकर दिशाओं में उड़ाने चाहता है ॥ २ ॥
वह अपरिमित हो चुका, अब क्यों रहे सीमित सदन में।
आज जी भर कर उड़ेगा, यह पखेरू चिद्गगन में ॥ ३ ॥
जो त्वचा के आवरण में, अस्थिपञ्जर बन गया है।
परम पावन रूप निज लख, भूम सागर रम रहा है ॥ ४ ॥
कला बिन्दु नाद का आधार, अब जीवन सफल है।
ताल स्वर आरोह में सीमित नहीं वह सम विमल है ॥ ५ ॥
आप अपने में मगन कुछ, आप वाणी गा उठी है।
भावना होकर सुहागिनि, बात प्रिय से कह उठी है ॥ ६ ॥
स्वयं प्रतिमा बन पुजारी, इस जगत में पुज रहा है।
मौन होकर साधना का, भेद पूरा कह रहा है ॥ ७ ॥
पद्म शतदल खिल गए पर गन्ध दादुर को न आई।
भाग्यशाली ने बिना ही याचना, सम्पत्ति पाई ॥ ८ ॥
सफल तरु परमार्थ पथ पर, आप नीचे झुक गया है।
आ गया जो छाँह में वह भाग्य से फल पा गया है ॥ ९ ॥
आज पाहन के प्रतीकों तक, चला है नेह इसका।
जगमगाता है क्षितिज के पार तक आलोक उसका ॥ १० ॥

(२८) अनुवाद.

यह साधु कारागार की शृंखला को तोड़ कर पार आया। जागरण का श्वास पाकर पुजारी मुक्त हो बैठा। सम्पुटों से त्राण पाते ही भ्रमर गुञ्जारता है; पंखों को फैला कर दिशाओं में उड़ना चाहता है। वह अपरिमित हो चुका। अब सीमित सदन में क्यों रहे? आज यह पखेरू जी भर कर उड़ेगा। जो त्वचा के आवरण के भीतर अस्थियों के पञ्जर में बसा हुआ है, वह अब परम पावन रूप को देख कर भूम-सागर में रम रहा है। अब कला बिन्दु और नाद का आधार यह जीवन सफल हो गया है। ताल, स्वर, आरोह. अवरोह में वह असीमित हो कर असंग और सम हो गया है। आप अपने में मग्न होने पर वाणी आप ही आप कुछ अकथ गा उठी है। भावना सुहागिनी होकर प्रिय से बात कहने लगी है। पुजारी स्वयं प्रतिमा बन कर इस जगत में पूज रहा है और मौन होकर साधना का भेद कह रहा है। शतदल पद्म खिल गए, पर दादुर को गन्ध नहीं आई। भाग्यशाली ने याचना के बिना ही संपत्ति पा ली। फलों से लदा हुआ तरु परमार्थ के पथ पर आपसे आप नीचे झुका है, जो छाया में आ गया, वह भाग्य से फल पा गया है। आज इस साधु का स्नेह पाहन के प्रतीकों तक चल पड़ा है और उसका आलोक क्षितिज के उस पार तक जगमगाता है।

29. GULAL'S FLIGHT INTO THE INFINITE BY THE POWER OF THE SWING-SONG.

तत्त हिंडोलवा सतगुरु नावल,
तहँवा मनवा झुलत हमार ॥ १ ॥

बिन डोरी बिन खम्भे पौढ़ल,
आठ पहर झनकार ॥ २ ॥

गावहु सखी हिंडोलवा हो,
अनभौ मंगल चार ॥ ३ ॥

छुटल जगत कर झुलना हो,
प्रेम पदारथ भइल निनार ॥ ४ ॥

अब नहिं अवना जवना हो,
दास गुलाल मिलो है यार ॥ ५ ॥

(२९) अनुवाद.

तत्त्व का हिण्डोला सद्गुरु झुलाता है और उसमें मेरा मन झूल रहा है। बिना डोरी और बिना खम्भे के पालने में (वह) लेटा है। आठों पहर झनकार उठ रही है। हे सखियो! अनुभव मंगलाचरण रूप हिण्डोल गीत गाओ। अब आवागमन नहीं होगा। पालना जगत से छूट गया और प्रेम-पदार्थ (जीवात्मा) अलग हो गया। दास गुलाल कहते हैं, कि मुझे यार मिल गया है।

30. "I AM NOW A BONDSMAN OF MY LORD"; SAYS NARAHARINATH, "WHAT CARE I FOR THE WORLD?"

क्या बे किसी से काम, हम तो गुलाम गुरु घर के।
बेपरवा मन मौजी राजा, हम अपने दिल के ॥ १ ॥

नहीं किसी से दरकार, टुकड़ा मँगकर खाते हैं।
गुरु ज्ञान के अमल नशे में, हमेश झुलते हैं ॥ २ ॥

गगन मण्डल में दस नादों का, अवाज सुनते हैं।
तीनों ऊपर धुनी लगाकर, बैठे रहते हैं ॥ ३ ॥

चाँद सूरज मशाल लेकर, आगे चलते हैं।
अर्धचन्द्र का अमृत प्याला, भर भर पीते हैं ॥ ४ ॥

उलटी तुरिया होगइ उन्मनि, मिल गई जाकर के।
पलख में रहना अलख जगाना, कलख जलाकर के ॥ ५ ॥

हुआ दिवाना फकीर भोला, भटकत फिरता है।
झूठी माया प्रीति लगाकर, गोते खाता है ॥ ६ ॥

नाहीं रहना काम करो कुछ, डेरा गिरता है।
नरहरि मौला जल्दी आकर, हुशार करता है ॥ ७ ॥

(३०) अनुवाद.

हमें किसी से क्या काम है? हम केवल गुरुघर के ग़ुलाम हैं। हम बेपरवाह होकर मन की मौज के अनुसार काम करने वाले, अपने दिल के राजा हैं। हम किसी से जरूरत नहीं रखते, टुकड़ा माँग कर खाते हैं। गुरुज्ञान के गाढ़ नशे में झूमते रहते हैं। गगनमण्डल में दस नादों की ध्वनि सुनते हैं, तीनों अवस्थाओं के ऊपर तुर्या की धूनी जलाकर बैठे रहते हैं। चन्द्र और सूर्य मशालची होकर आगे चलते हैं। हम अर्धकपाल में अमृत भर-भर कर पीते हैं। तुर्या उलट कर उन्मनि हो गई और जाकर परमात्मा में मिल गई। पलक में रहो और कल्मष जलाकर अलक्ष्य को जगा दो। भोला फ़क़ीर पागल हो कर भटक रहा है। सब संसार झूठी माया से प्रीति लगा कर गोते खा रहा है। "तुम्हें यहाँ रहना नहीं है, कुछ काम करो, डेरा अभी गिर जाएगा" इस प्रकार नरहरिनाथ शीघ्र आकर चेतावनी देते हैं।

31. RAIDAS ON THE FUTILITY OF WAVING LIGHTS BEFORE AN OMNIPRESENT GOD.

आरती कहाँ लौ जोवै ।
सेवक दास अचम्भो होवे ॥ १ ॥

बावन काञ्चन दीप धरावै ।
जड़ बैरागी दृष्टि न आवै ॥ २ ॥

कोटि भानु जाकी सोभा रोमै ।
कहा आरती अगनी होमै ॥ ३ ॥

पाँच तत्व तिरगुनी माया ।
जो देखे सो सकल समाया ॥ ४ ॥

कह रैदास देखा हम माहीं ।
सकल ज्योति रोम सम नाहीं ॥ ५ ॥

(३१) अनुवाद.

आरती कहाँ तक जलावे ? इस विषय में सेवक दास को आश्चर्य हो रहा है। बावन कंचन की नीरांजनाओं में दीप जलाने पर भी जड़ वैरागी की दृष्टि में (ईश्वर का रूप) नहीं आता। जिसके लोम लोम में करोड़ों सूर्यों की शोभा भरी है, उसके सामने आरती करने अथवा अग्नि में हवन करने से क्या लाभ ? पाँच तत्व और त्रिगुणी माया का द्रष्टा अखिल विश्व में समाया है। रैदास कहते हैं कि, मैंने उसको अपने में ही देख लिया। जगत का समस्त प्रकाश एकत्र करने पर भी उसके एक रोम के तुल्य नहीं होता।

32. ON FORGIVENESS AS HAVING NO FUNCTION BEFORE SINLESSNESS.

पावन जस है माधो तेरा,
तू दारुन अघमोचन मेरा ॥ टे ॥

कीरति तेरी पाप विनासै,
लोग वेद यों गावैं ।
जो हम पाप करत नहिं भूधर,
तौ तू कहा नसावै ॥ १ ॥

जब लग अंग पंक नहिं परसै,
तौ जल कहा पखारै ।
मन मलीन विषयारस लम्पट,
तौ हरिनाम सँभारै ॥ २ ॥

जो हम बिमल हृदय चित अन्तर
दोष कौन परिहरिहौ ।
कह रैदास प्रभू दयाल हौ,
अबन्ध मुक्त का करिहौ ॥ ३ ॥

(३२) अनुवाद.

हे माधव, तेरा यश पावन है। तू मेरे घोर पापों का मोचक है! "तेरी कीर्ति पापों का विनाश कर देती है" यों लोक और वेद गाते हैं। हे धरणीधर! जब हम पाप ही नहीं करते, तो तू नाश क्या करेगा? जब कीचड़ का शरीर से स्पर्श ही नहीं हुआ तो जल किस वस्तु का प्रक्षालन करेगा? जब मन विषय-रस-मग्न होने से मलिन हो, तब हरि का नाम उसको सँभालेगा। जब हमारे मन, बुद्धि और चित्त निर्मल हैं, तब तू किस दोष का परिहार करेगा? रैदास कहते हैं कि, हे प्रभु! तुम दयालु हो; जिसको बन्ध ही नहीं; उसको तुम मुक्त क्या करोगे?

33. KABIR ON HIS HAVING RECEIVED A MESSAGE FOR THE DELIVERANCE OF THE WORLD.

कहूँ रे जो कहिवे की होइ ॥ टे ॥
ना कोइ जानै ना कोइ मानै,
ताते अचरज मोइ ॥ १ ॥

अपने अपने रंग के राजा,
मानत नाहीं कोइ ।
अति अभिमान लोभ के घाले,
चले अपनपौ खोइ ॥ २ ॥

मैं मेरी करि यह तन खोयो,
समझत नहीं गँवार ।
भौजल अधपर थाकि रहे हैं,
बूड़े बहुत अपार ॥ ३ ॥

मोहीं आज्ञा दई दया करि,
काहूँ कूँ समुझाइ ।
कह कबीर मैं कहि कहि हार्‌यो,
अब मोहिं दोस न लाइ ॥ ४ ॥

(३३) अनुवाद.

जो "श्रेय की" बात है, वही मैं कह रहा हूँ। पर उसको न कोई जानता है, न कोई मानता है, इस से मुझको आश्चर्य हो रहा है। सभी अपने अपने मन के राजा हैं। कोई मानता ही नहीं। अत्यन्त अभिमान और लोभग्रस्त होकर अपने को खो चले हैं। मूर्खों ने "मैं और मेरी" करके अपनी देह को बेकार कर दी, समझते नहीं। संसार-सागर के मध्य में बहुत लोग थक गए और असंख्य डूब गए हैं। प्रभु ने दया करके मुझको आज्ञ दी कि, किन्हीं को समझाओ। कबीर कहते हैं, मैं तो कह कह कर हार गया। अब मुझे कोई दोष न दे।

34. KABIR ON THE CONCEPTION OF PARIVARA-MUKTI.

गुरु ने मोहिं दीन्हीं अजब जड़ी ॥ टे ॥

सोहि जड़ी मोहिं प्यारि लगतु है,
अमृत रसन भरी ॥ १ ॥

काया नगर अजब इक बँगला,
ता में गुप्त धरी ॥ २ ॥

पाँचों नाग पचीसों नागिन,
सूंघत तुरत मरीं ॥ ३ ॥

या कारे ने सब जग खायो,
सतगुरु देख डरी ॥ ४ ॥

कहत कबीर सुनो भइ साधो,
लै परिवार तरी ॥ ५ ॥

(३४) अनुवाद.

गुरु ने मुझको अजब जड़ी दी है। यह जड़ी अमृत-रस से भरी है, अतएव वह मुझे बहुत प्यारी लगती है। इस शरीर रूपी नगर में एक अजब बँगला है। (मैंने) उसमें जड़ी छिपा के रख दी है। उसको सूँघते ही पाँचों नाग और पचीसों नागिन तुरन्त मर गईं। इस काले ने सब संसार को खा डाला, पर सद्गुरु को देख कर डर गया। कबीर कहते हैं कि, हे भाई सुनो! (सद्गुरु) परिवार ले कर तर जाता है।

PART TWO

DOHAS

CHAPTER 1

Incentives to Spiritual Life.

1. ON PERPETUAL FLUX.

सदा नगारा कूच का, बाजत आठों जाम ।
रहिमन या जग आइके, को करि सका मुकाम ॥

2. ONE GOES AHEAD, ANOTHER FOLLOWS.

पाती झड़ती देखते, हँसतीं कोपलियाँ ।
हम चलीं तुम भी चलिये, धीमी बावलियाँ ॥

फिर भी पाती यूँ कहे, सुन तरुवर एक बात ।
सैंया ऐसा सिरजिया, एक आवत एक जात ॥

CHAPTER 1

Incentives to Spiritual Life.

(१) अनुवाद.

कूच का नगारा आठों प्रहर बज रहा है । रहीम कहते हैं कि, इस जग में आकर कौन मुकाम कर सका है ?

(२) अनुवाद.

पत्तियों को झड़ती देखकर कोंपलें हँसती हैं । (पत्तियां कहती हैं) ऐ बावलियों ! धीमी रहो । हम तो-चल पड़ीं, तुमको भी चलना है ।

फिर पत्तियों ने तरुवर को इस प्रकार कहा, हे तरुवर ! एक बात सुनो, स्वामी ने ऐसी सृष्टि रची है कि एक आता है, एक जाता है ।

3. THE UNIVERSAL REIGN OF UNCERTAINTY.

क्षणभंगुर जीवन की कलिका,
कल प्रात को जानै खिली न खिली ।
मलयाचल की शुचि सीतल मंद,
सुगन्ध समीर मिली न मिली ॥

कलि-काल कुठार लिये फिरता,
तनु नम्र है चोट झिली न झिली ।
कह ले हरि-नाम अरी रसना,
फिर अन्त समय पै हिली न हिली ॥

(३) अनुवाद.

कौन जाने क्षणभंगुर जीवन की कली कल प्रातःकाल खिलेगी या न खिलेगी। मलयाचल की शुचि शीतल मंद सुगन्ध हवा (तुमको) मिलेगी या न मिलेगी। कलि पुरुष कुठार लेकर घूम रहा है, कोमल तनु से चोट सही जायगी या न सही जायगी। अरी रसना! (अभी) हरि नाम कह ले, फिर अन्त समय में तू हिलेगी या न हिलगी।

4. BITTER DECREPITUDE AS THE FINAL LOT OF THE HUMAN BODY.

कच्चे में नीका लगै, गदरे बहुत मिठाय ।
इक फल है ऐसा सखी, पाकि गए कडुवाय ॥

5. DUST THOU ART AND TO DUST RETURNEST.

कहँ जाये, कहँ ऊपने, कहाँ लड़ाए लाड़ ।
कहाँ बिराजै राज सों, कौन खाड़ में हाड़ ॥

6. THE FUNERAL PYRE AS THE INCITER TO SPIRITUAL LIFE.

हाड़ जरैं ज्यों लाकड़ी, केस जरैं ज्यों घास ।
जगत पजरता देखि कै, कबिरा भया उदास ॥

(४) अनुवाद.

कच्ची हालत में अच्छा लगता है। अध-पकी हालत में बहुत मीठा लगता है। एक ऐसा फल है, हे सखि! जो पक जाने पर कडुवा लगता है।

(५) अनुवाद.

कहाँ गर्भ में आया? कहाँ गर्भ से पैदा हुआ, कहाँ लाड़ लड़ाया गया, कहां वैभव से विराजमान हुआ और कौन खाड़ में तेरी हड्डियां पड़ेंगी, इसको चेत ले।

(६) अनुवाद.

हड्डियां लकड़ी की तरह जल रही हैं। केश घास की तरह जलते हैं। सब प्राणियों को प्रज्वलित होते देख कबीर दुखी हो गया।

CHAPTER 2

The Necessity of Moral Preparation.

1. YOU CANNOT SERVE GOD AND MAMMON TOGETHER.

चींटी चावल ले चली, बीच में मिल गइ दाल।
कह कबीर दो ना मिले, इक ले दूजी डाल॥

2. THE SAME DROP OF WATER CAN BE EITHER MEDICINE OR PEARL OR POISON.

कदली सीप भुजंग मुख, स्वाति एक गुण तीन।
जैसी संगति होयगी, तैसोई फल दीन॥

3. THE SANDAL TREE IS NOT CONTAMINATED BY THE VENOM OF THE ENCIRCLING SERPENT.

जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चन्दन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग॥

CHAPTER 2

Necessity of Moral Preparation.

(१) अनुवाद.

चींटी (पिपीलिका) चावल लेकर चली थी, रास्ते में दाल मिल गई। कबीर कहते हैं कि, दोनों नहीं मिल सकते, एक ले, तो दूसरी (चीज़) डाल दे।

(२) अनुवाद.

कदली सीप और सर्प-मुख में एक स्वाति-बूँद के तीन (अलग अलग) गुण हो जाते हैं। जैसी संगति होगी, वैसा ही वह फल देगी।

(३) अनुवाद.

रहीम कहते हैं कि अगर प्रकृति उत्तम हो, तो कुसंग क्या कर सकता है? सर्प लिपटे रहने से भी चन्दन वृक्ष में विष नहीं घुसता।

4. KABIR CANNOT BE AFFECTED BY THE COMPANY OF THE BUTCHERS.

कबिरा तेरी झोंपड़ी, गलकट्टन के पास ।
जो करता सो पावता, तू क्या करै उदास ॥

5. THE LASCIVITY OF THE DANCING ART.

मृदंग कहै धिक् है धिक् है,
मञ्जीर कहै किनको किनको ॥
बिसवा तब हाथ उठाय कहै,
इनको इनको, इनको, इनको ॥

6. MUSIC SHOULD END IN MYSTICISM.

गाया है बूझा नहीं, गया न मन का मोह ।
पारस तक पहुँचा नहीं, रहा लोह का लोह ॥

(४) अनुवाद.

कबीर कहते हैं, (ए मन) तेरी झोंपड़ी गलकट्टों के पास है। जो करता है, सो पाता है। तू क्यों उदास होता है ?

(५) अनुवाद.

मृदंग कहता है, "धिक् है ! धिक् है !" मञ्जीर पूछता है, "किनको ? किनको ?" तब वेश्या (उपस्थित लोगों की ओर) हाथ उठाकर कहती है "इनको, इनको, इनको, इनको"।

(६) अनुवाद.

(तूने) गाया है, पर जान नहीं लिया है। (तेरे) मन का मोह नहीं गया। (तू) पारस तक नहीं पहुँचा; (इसलिए तू), लोह का लोह ही रह गया।

7. CHARITY RETURNS UPON ITSELF.

ऋतु वसन्त याचक भयो, सब द्रुम दीन्हे पात।
दीन्हें से फिरि मिलत है, यही दिए की बात॥

8. VARIETIES OF OBTAINMENT.

सहज मिलै सो दूध सम, माँगा मिलै सो पानि।
कह कबीर वह रक्त सम, जा में खींचातानि॥

9. NOT TO BEG IS THE RULE OF SPIRITUAL LIFE

तुलसी कर पर कर करै, करतल कर न करै।
जा दिन करतल कर करै, वा दिन मरन करै॥

[७] अनुवाद.

वसन्त-ऋतु याचक हुआ। सभी द्रुमों ने पत्ते दिए। देने की यही बात है कि देने से फिर मिल जाता है।

[८] अनुवाद.

कबीर कहते हैं, जो आसानी से मिले वह दूध के समान है, जो माँगने से मिले वह पानी के समान है, जिस में संघर्ष हो वह रक्त के समान है।

[९] अनुवाद.

तुलसीदास कहते हैं कि कर पर कर करो। कर के नीचे कर मत करो। जिस दिन कर के नीचे कर करोगे, उस दिन मरण-स्थिति पावोगे।

10. AN ALL ABSORBING LOVE OF GOD.

अस्थि चर्म मय देह मम, ता में जैसी प्रीति ।
तैसी जो श्रीराम मँह, होति न तौ भवभीति ॥

11. A DEVOTEE MUST LOOK ON ALL BEINGS AS VERILY THE FORMS OF GOD

तुलसी यह जग आय कै, सब सों मिलिए धाय ।
ना जाने किस वेष में, नारायण मिलि जाँय ॥

12. LEAVE THE HOUSE AND LEAVE THE FOREST; LIVE IN THE CITY OF GOD.

घर राखे घर जात है, घर छाँड़े घर जाय ।
तुलसी घर बन बीच रहु, राम प्रेम पुर छाय ॥

[१०] अनुवाद.

मेरी देह अस्थि-चर्म-मय है। उस में जैसी (तुह्मारी) प्रीति है, वैसी अगर श्रीराम में होती तो भवभीति नहीं रहती।

[११] अनुवाद.

तुलसीदास कहते हैं कि, इस जग में आकर सब से दौड़ कर मिलिये, मालूम नहीं, किस रूप में नारायण मिल जायेंगे।

[१२] अनुवाद.

घर की रक्षा करने पर भी घर जाता है। घर छोड़ने से घर जाता ही है। तुलसीदास कहते हैं कि घर और बन के बीच में ईश्वर-प्रेम का पुर छाकर रहो।

13. SET THY HOUSE ON FIRE AND FOLLOW ME.

कबिरा खड़ा बजार में, लिये लुकाठी हाथ ।
जो घर फूँके आपना, चले हमारे साथ ॥

14. THE GALLOWS AS THE STAIR-CASE TO SPIRITUAL VICTORY.

चढ़ा मन्सूर सूली पर, पुकारा इश्क़बाज़ों से ।
यह उसके बाम का ज़ीना है, आए जिसका जी चाहे ॥

15. "AND, IF THEY FALL, THEY SHATTER THEMSELVES TO PIECES."

साधु कहावन कठिन है, लम्बा पेड़ खजूर ।
चढ़ै तो चाखै प्रेम-रस, गिरै तो चकनाचूर ॥

(१३) अनुवाद.

कबीर हाथ में जलती मशाल लेकर बाज़ार में खड़ा है (और कहता है,) जो अपना घर फूँके, वही हमारे साथ चले।

(१४) अनुवाद.

मन्सूर सूली पर चढ़ा। उसने इश्कबाज़ों से चिल्लाकर कहा कि, यह खुदा की अटारी का ज़ीना है। जिसका दिल चाहे वह आवे।

(१५) अनुवाद.

साधु कहलाना कठिन है। खजूर का पेड़ ऊँचा होता है। (उसकी चोटी तक) जो चढ़ेगा, वही प्रेमरस चखेगा। जो गिर जाएगा, वह चकनाचूर हो जाएगा।

CHAPTER 3

The Relation of God to Saints

1. THERE ARE SAINTS AND SAINTS; RARELY ONE AMONG THEM IS THE BELOVED OF GOD.

सन्त सन्त सब एक हैं, जस पोहता का खेत ।
कोइ कुदरती लाल है, और सेत के सेत ॥

2. SAINTS DO NOT MOVE IN FLOCKS.

सिंहों के लेंहड़े नहीं, हंसों की नहिं पाँत ।
लालों की नहिं बोरियाँ, साधु न चलैं जमात ॥

3. THE UNIVERSAL IMMANENCE OF GOD.

तुलसी मूरति राम की, घट घट रही समाय ।
ज्यों मेहँदी के पात में, लाली लखी न जाय ॥

कस्तूरी कुण्डल बसै, मृग ढूँढै बन माँहि ।
ऐसै घट घट राम है, दुनियाँ ढूँढ़न जाहि ॥

CHAPTER 3

The Relation of God to Saints

[१] अनुवाद.

सन्त सन्त सब एक हैं, जैसे पोस्ते के खेत में सब पोस्त एक रहते हैं। उनमें विरला ही कोई भाग्य से लाल होता है, शेष श्वेत के श्वेत रहते हैं।

[२] अनुवाद.

सिंह झुण्डों में नहीं रहते। हँसों को पंक्तियाँ नहीं होतीं। लालों की बोरियाँ नहीं मिलतीं। उसी तरह साधु जत्थे में नहीं चलते।

[३] अनुवाद.

तुलसीदास कहते हैं कि राम की मूर्ति घट घट में वैसे ही समाई रहती है जैसे मेंहदी की पत्ती में लाली रहती है पर देखी नहीं जाती।

कस्तूरी (मृग की) नाभि में बसती है। (पर) मृग कस्तूरी को वन में ढूँढता है। इसी प्रकार ईश्वर हर घट में बसता है पर दुनियाँ (उसको बाहर) ढूँढने जाती है।

4. TRANSCENDENCE, HIGHER THAN IMMANENCE.

अन्तर्जामिहुँ तें बड़ बाहरजामि हैं राम, जे नाम लिए तें।
पैज परे प्रहलादहु को प्रगटे प्रभु पाहन तें, न हिये तें॥

5. ULTIMATE IDENTITY OF TRANSCENDENCE AND IMMANENCE IN THE MULTIFORM NATURE OF GOD.

सगुनहिँ अगुनहिँ नहिं कछु भेदा।
गावहिँ मुनि पुरान बुध वेदा॥

अगुन अरूप अलख अज जोई।
भगत प्रेम बस सगुन सो होई॥

जो गुनरहित, सगुन सोइ कैसे।
जलु हिम उपल बिलग नहिं जैसे॥

6. THE PROXIMITY OF GOD ALONE SAVES ONE FROM ANNIHILATION.

चलती चक्की देख के, दिया कबीरा रोय।
दो पाटन के बीच में, साबित बचा न कोय॥

चक्की चक्की सब कहै, कीला कहै न कोय।
कीला से जो लग रहै, साबित बचता सोय॥

[४] अनुवाद.

अन्तर्यामी से बहिर्यामी राम बड़ा है। ईश्वर का नाम लेते समय जब प्रहलाद को प्रण करना पड़ा तो प्रभु पत्थर से प्रकट हुए न कि हृदय से।

[५] अनुवाद.

सगुण और निर्गुण में कुछ भेद नहीं है। इस प्रकार मुनि, पुराण, पण्डित और वेद गाते आये हैं। जो अगुण, अरूप, अलख, अज है, वही भक्तों के प्रेमवश सगुण होता है। जो गुण रहित है वह सगुण कैसे हो सकता है ? जैसे जल हिम और उपल अलग नहीं हैं, एक ही हैं।

(६) अनुवाद.

चलती चक्की को देखकर कबीर रो पड़ा, कि दो पाटों के बीच में कोई समूचा नहीं बचा।

चक्की, चक्की सभी कहते हैं पर कीला कोई नहीं कहता। जो कीले से लगा रहता है, वही समूचा बचता है।

7 LIMITED HUMAN FREEDOM.

कबीर कूता राम का, मुतिया मेरा नाउँ ।
गले नाम की जेवड़ी, जित खैंचे तित जाउँ ॥

8. GOD THE SOURCE OF ALL HONOUR

घर घर माँगे टूक, पुनि, भूपति पूजे पाय ।
ते तुलसी तब राम बिनु, ते अब राम सहाय ॥

9. GOD AS SERVING THE SAINTS.

चित्रकूट के घाट पर, भइ सन्तन की भीर ।
तुलसिदास चन्दन घिसै, तिलक देत रघुबीर ॥

[७] अनुवाद.

कबीर कहते हैं कि मैं राम का कुत्ता हूँ। मेरा नाम 'मोतिया' है। गले में नाम की जेवड़ी है। जिधर राम खींचता है, उधर मैं जाता हूँ।

[८] अनुवाद.

पहिले घर घर टुकड़े माँगते थे। अब तो भूपति पैर पूजते हैं। वे तुलसी तब बिना राम के थे। आज उन्हीं का राम सहाय है।

[९] अनुवाद.

चित्रकूट के घाट पर सन्तों की भीड़ हुई। तुलसी-दास चन्दन घिसते थे और रघुवीर तिलक दे रहे थे।

10. GOD FOREFULFILS THE DESIRES OF THE DEVOTEE.

पीछे माँगै चाकरी, पहिले महिना देय ।
ता साहब सिर सौंपते, क्यों, खसकाता देह ॥

11. SPIRITUAL EUDAEMONISM.

चलो सखी तहँ जाइए, जहाँ बसत ब्रजराज ।
गोरस बेंचत हरि मिलें, एक पन्थ दो काज ॥

12. SADHU IS GOD WITH FORM; NIJARUPA IS GOD WITHOUT FORM

जो चाहै आकार तू, साधू परतछ देव ।
निराकार निजरूप है, प्रेम प्रीति से सेव ॥

(१०) अनुवाद.

पहिले दाम देता है; पीछे चाकरी माँगता है। उस साहब को सिर सौंपते क्यों तू अपनी देह पीछे हटाता है।

(११) अनुवाद.

सखी, चलो, हम दोनों वहाँ चलें, जहाँ व्रजराज बसते हैं। गोरस बेचते हरि मिलेंगे। 'एक पन्थ दो काज' होगा।

(४) अनुवाद.

अगर तू आकार चाहता है तो साधु प्रत्यक्ष देव है। निराकार चाहता है तो, निजरूप है। प्रेम प्रीति से (उसकी) सेवा कर।

13. THE FORMLESS ITSELF IS FULLY MIRRORED IN THE SADHU.

निराकार की आरसी, साधो ही की देह ।
लखा जो चाहै अलख को, इस ही में लखि लेह ॥

14. KABIR LIES ON THE LAP OF THE IMMUTABLE.

भजन भरोसे राम के, मगहर तज्यो सरीर ।
अविनाशी की गोद में खेलत दास कबीर ॥

(१३) अनुवाद.

साधु ही की देह एक आरसी है, जिसमें निराकार प्रतिबिम्बित होता है; यदि तू अलख को देखना चाहता है, तो इसी में देख ले।

(१४) अनुवाद.

राम के भजन-भरोसे मगहर में शरीर का त्याग कर दिया। कबीरदास, अविनाशी की गोद में खेल रहे हैं।

CHAPTER 4

The Beginnings of the Pilgrimage.

1 THE SAINT-SWAN SEPARATES THE MILK OF NAME FROM THE WATER OF EXISTENCE.

क्षीर रूप सत नाम है, नीर रूप बेवहार ।
हंस रूप कोइ साध है, तत् का छाननहार ॥

2 THE CATHARTIC INFLUENCE OF THE GURU'S TEACHING.

गुरु तो वही सराहिए जो सिकलीगर होय ।
जनम जनम का मोरचा, छन में डाले धोय ॥

3. SUFFERINGS UNDER THE PROTECTION OF GURU IS BUT A BLESSING IN DISGUISE.

गुरु कुम्हार सिख कुम्भ है, गढ़ गढ़ काढ़ै खोट ।
अन्तर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट ॥

CHAPTER 4

The Beginnings of the Pilgrimage.

(१) अनुवाद.

सत नाम क्षीर रूप है, व्यवहार नीररूप है। कोई (विरला) साधु हंस रूप है, जो दोनों को छान सकता है।

(२) अनुवाद.

उसी गुरु की श्लाघा करो, जो सिकलीगर हो, (और) जो जन्म जन्म का मोरचा क्षण में धो डाले।

(३) अनुवाद.

गुरु कुम्भकार है और शिष्य कुम्भ है। गुरु ठोक-ठोक कर शिष्य की खोट निकालता है। बाहर चोट लगाता है; पर भीतर हाथ से सहारा देता है।

4. THE REAL GURU IS HE, WHO TEACHES THE WAY TO THE UNLIMITED.

कनफूँका गुरु हद का, बेहद का गुरु और ।
बेहद का गुरु जब मिलै, लहै ठिकाना ठौर ॥

5. GURU GREATER THAN GOD.

गुरु गोविंद दोऊ खड़े, का के लागूँ पाय ।
बलिहारि गुरु आप की, गोविन्द दिया दिखाय ॥

6. THE WORD OF THE GURU ALONE AS CAPABLE OF DISPELLING DARKNESS

इक लख चन्दा आनि धर, सूरज कोटि मिलाय ।
बिना सबद गुरुदेव के, कबहूँ तिमिर न जाय ॥

(४) अनुवाद.

कनफूँका गुरु हद का होता है। बेहद का गुरु और ही होता है। जब बेहद का गुरु मिल जाता है, तभी स्थायी स्थान प्राप्त होता है।

(५) अनुवाद.

गुरु और गोविन्द दोनों खड़े हैं। किसके पाँय लगूँ? हे गुरु! मैं आपकी बलिहारी हूँ, (क्योंकि आपने मुझे) गोविन्द दिखा दिया।

(६) अनुवाद.

चाहे एक लाख चाँद लाकर रक्खो। करोड़ सूर्य मिला कर रक्खो। परन्तु गुरुदेव के "शब्द" के बिना तिमिर कभी भी नहीं जाएगा।

7. BOTH PERSONAL AND IMPERSONAL GOD AS SUBORDINATE TO THE NAME

अगुन सगुन दुइ ब्रह्म सरूपा।
अकथ, अगाध, अनादि अनूपा॥
मोरे मत बड़ नाम दुहूँ ते।
किय जेहि युग निज बस निज बूते॥
निर्गुन तें एहि भाँति बड़, नाम प्रभाव अपार।
कहेऊँ नाम बड़ राम तें, निज बिचार अनुसार॥

8. HOW CAN YOU PERCEIVE THE UNPERCEIVABLE? MEDITATE ON THE NAME OF GOD, O FOOL!

हम लखि लखिहि हमार, लखि हम हमार के बीच।
तुलसी अलखै का लखै, राम नाम जपु नीच॥

9. TULSIDAS ON THE SOVEREIGN STATUS OF THE NAME OF RAMA

एक छत्र एक मुकुट मनि, सब बरनन पर जोउ।
तुलसी रघुबर नाम के, बरन बिराजत दोउ॥

(७) अनुवाद.

अगुण और सगुण दोनों ब्रह्म के स्वरूप हैं। दोनों अकथनीय अगाध, अनादि और अनुपम हैं। मेरे मत से जिस नाम ने अपने प्रभाव से दोनों को अपने वश में किया है, वह दोनों से भी बड़ा है।

इस प्रकार निर्गुण से नाम का प्रभाव बड़ा और अपार है ही, पर अपने विचार के अनुसार मैं ऐसा कहता हूँ कि नाम राम से भी बड़ा है।

(८) अनुवाद.

आत्मा को देख; दृश्य को देख और जो आत्मा और दृश्य के बीच है, उसको देख। तुलसीदास कहते हैं कि हे पामर! अलक्ष्य को कैसे देखेगा? राम नाम का जप कर।

(९) अनुवाद.

तुलसीदास कहते हैं कि "राम" नाम के दो वर्ण हैं, रेफ और अनुस्वार। वे दोनों छत्र और मुकुटमणि के समान सब अक्षरों पर विराजते हैं।

10 A NAME THAT SPROUTS AND A NAME THAT DOES NOT SPROUT INTO FORM

राम नाम सब कोइ कहै, ठग ठाकुर अरु चोर ।
जिस से धुव प्रहलाद तरे, वह नाम कुछ और ॥

11. NAME ON TONGUE LIGHTS UP BOTH INSIDE AND OUTSIDE.

राम नाम मणि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।
तुलसी भीतर बाहिर हुँ, जो चाहसि उजियार ॥

12. THE NAME CAN TRANSMUTE A SINNER INTO A SAINT.

नाम राम को कल्पतरु, कलि कल्यान निवास ।
जो सुमिरत भयो भाँग ते, तुलसी तुलसीदास ॥

(१०) अनुवाद.

'राम' नाम ठग ठाकुर और चोर सभी कहते हैं। पर जिस नाम से ध्रुव और प्रल्हाद तर गए, वह नाम कुछ और ही है।

(११) अनुवाद.

तुलसीदास कहते हैं कि यदि भीतर और बाहर दोनों ओर उजाला चाहते हो तो मुखद्वार की जीभ देहली पर राम नाम मणि दीप रक्खो।

(१२) अनुवाद.

राम का नाम कल्पतरु है। वह कलि में कल्याण का निवास है। तुलसीदास जी कहते हैं कि उसका स्मरण करते करते मैं भाँग से तुलसी हो गया।

13. THE NAME ALONE AS CAPABLE OF CONFERRING IMMORTALITY.

शून्य मरै अजपा मरै, अनहत हूँ मरि जाय ।
दास कबीरा ना मरै, राम नाम रट लाय ॥

14. EXTREME VALUE OF THE PRESENT MOMENT.

काल करो सो आज कर, आज करो सो अब्ब ।
पल में परलै होयगी, बहुरि करोगे कब्ब ॥

15 TAKE CARE OF EVERY ONE OF YOUR BREATHS.

श्वास श्वास पर हर भजो, वृथा श्वास मत खोय ।
श्वास बिराना पाहुना, आना होय न होय ॥

कबिरा माला काठ की, बहुत जतन का फेर ।
माला साँस उसाँस की, जामें गाँठ न मेर ॥

स्वाँसा की कर सुमिरनी, अजपा को कर जाप ।
परम तत्व को ध्यान धर, सोऽहं आपै आप ॥

(१३) अनुवाद.

शून्य मर जाता है; अजपा मर जाता है; अनाहत भी मर जाता है। पर दास कबीर नहीं मरता, जिसने राम नाम की रट लगाई है।

(१४) अनुवाद.

जो कल करना है, वह आज करो। जो आज करना हो सो अभी कर लो। पल में प्रलय हो जायगी। फिर तुम कब करोगे?

(१५) अनुवाद.

श्वास श्वास पर हर को भजो। श्वास को व्यर्थ मत खोओ। श्वास पराया पाहुना है। इसका फिर आना हो या न हो।

कबीर कहते हैं कि काठ की माला को फेरना बहुत यत्न का काम है। श्वास उच्छ्वास की माला ऐसी है कि उसमें न गाँठ ह न मेरु।

श्वासों की सुमिरनी बना अजपा का जप कर। परमतत्व का ध्यान धर। फिर आप ही आप "सोऽहं" है।

16. MEDITATE IN SILENCE, FOR GOD IS NOT DEAF.

काँकर पाथर जोड़कर, मस्जिद लई चुनाय ।
ता चढ़ि मुल्ला बाँग दे, क्या बहिरा हुआ खुदाय ।
अजान से ही बेडर कुल, एंजिन की सीटी है ।
जिसको सुनकर सेख ने, छाती अपनी पीटी है ॥
बाह्मन से गदहा भला, भला देव से कूता ।
मुल्ला से मुरगा भला, लोक जगावे सोता ॥

17. CONTROL OF THE WANDERINGS OF THE MIND.

माला तो कर में फिरै, जीह फिरै मुख माहिं ।
मनुवा तो दस दिसि फिरै, यह तो सुमिरन नाहिं ॥

18. INTENSE CONCENTRATION OF THE MIND UPON GOD.

तू रहीम मन आपनो, कीन्हो चारु चकोर ।
निसि बासर लाग्यो रहै , कृष्ण चन्द्र की ओर ॥

(१६) अनुवाद.

कँकड़ पत्थर जोड़कर मस्जिद उठवा ली। उस पर चढ़कर मुल्ला बाँग देता है। क्या खुदा बहरा होगया है?

एंजिन की सीटी अजान से भी बिलकुल बेडर है, जिसको सुनकर शेख अपनी छाती पीटने लगा है।

ब्राह्मण से गदहा भला है, देव से कुत्ता भला है, मुल्ला से मुरगा भला है, जो सोते हुए लोगों को जगाता है।

(१७) अनुवाद.

माला तो कर में फिरती है, जीभ मुख में फिरती है, और मन दसों दिशाओं में फिर रहा है। यह स्मरण नहीं कहलाता।

(१८) अनुवाद.

रहीम, तू अपने मन को चारु चकोर बना जिससे वह निशि-वासर श्रीकृष्णचन्द्र की ओर लगा रहे।

19 NO OUTSIDER CAN ENTER A CROWDED SARAI.

प्रीतम छवि नैनन बसी, पर छबि कहाँ समाय ।
भरी सराय रहीम लखि, पथिक आय फिर जाय ॥

20. NECESSITY OF ACTIVE EFFORT.

जिन खोजा तिन पाइया, गहरे पानी पैठ ।
हौं बौरी बूड़न डरी, रही किनारे बैठ ॥

21 CARE NOT FOR THE DERISION OF THE WORLD.

रक़ीबों ने लिखाई हैं रपटें, जा जा के थाने में ।
कि अकबर नाम लेता है, खुदा का इस ज़माने में ॥

(१९) अनुवाद.

प्रियतम की प्रभा नयनों में बसी है। दूसरी प्रभा कहां समावे ? रहीम कहते हैं कि सराय को भरी हुई देखकर मुसाफिर आता है लौट जाता है।

(२०) अनुवाद.

जिन्होंने गहरे पानी में प्रवेश कर खोजा, उन्होंने पाया। मैं पगली डूबने से डर गई, और किनारे पर ही बैठी रही।

(२१) अनुवाद.

रकीबों ने थाने में जा जा कर रपटें लिखाई हैं कि अकबर इस ज़माने में भी खुदा का नाम लेता है।

22. MEDITATE ON GOD'S NAME WITH PLEASURE OR DISPLEASURE.

तुलसी ऐसे नाम को, रीझि भजो या खीझि ।
खेत पड़े बीया जमे, उलटि पड़े या सीधि ॥

23. UTTER THE NAME OF GOD WITH FAITH, WITHOUT FAITH, IN IDLENESS OR EVEN WITH HATRED.

भाव कुभाव अनख आलस हूँ ।
नाम जपत मंगल दिसि दस हूँ ॥

भाव सहित शंकर जप्यौ, जपि कुभाव मुनि बालि ।
कुम्भकरन सालस जप्यौ, अनख सहित दसमाथ ॥

24. LEAVE AWAY ALL EGOISM AND FALSE SENSE OF HONOUR.

रहिमन गली है साँकरी, दूजो ना ठहराहि ।
आपु अहै तो हरि नहीं, हरि तो आपुन नाहिं ॥

पीया चाहै प्रेम-रस, राखा चाहै मान ।
एक म्यान में दो खड्ग, देखा सुना न कान ॥

(२२) अनुवाद.

तुलसीदास कहते हैं, ऐसे नाम को रीझ कर या खीज-कर किसी भी प्रकार भजो। खेत में पड़ा हुआ बीज जब जमता है, तब उल्टा पड़ा हो या सीधा—यह विचार निरर्थक है।

(२३) अनुवाद.

भाव, कुभाव, असूया, और आलस्य से भी नाम जपने से दसों दिशाओं में मंगल होता है। जैसे शंकर ने भावसहित नाम को जपा। वाल्मीकि ने और बालि ने कुभाव से या अभाव से जपा। कुम्भकर्ण ने आलस्य से और दशमुख ने असूया से जपा।

(२४) अनुवाद.

रहीम कहते हैं कि गली तंग है (इसमें) दूसरा नहीं ठहरता। आप हैं तो हरि नहीं; हरि है तो आप नहीं।

प्रेम-रस पीना चाहते हो; फिर मान भी रखना चाहते हो। एक म्यान में दो खड्ग रहते न (आखों से) देखा, न कानों से सुना।

25. MEDITATE ON THAT WHICH IS BEYOND BOTH SAGUNA AND NIRGUNA.

सर्गुण की सेवा करो, निर्गुण का करु ज्ञान ।
निर्गुन सर्गुन के परे, तहँ हमारा ध्यान ॥

26. REAL MEDITATION IS MEDITATION IN GOD'S PRESENCE

कबिरा धारा अगम की, सद्गुरु दई लखाय ।
उलटि ताहि सुमिरन करौ, स्वामी संग मिलाय ॥

27. REMEMBRANCE OF GOD'S NAME WITH THE HELP OF THE ANAHAT SOUND.

लाख कोस जो गुरु बसै, दीजै सुरत पठाय ।
सबद तुरय असवार है, पल पल आवे जाय ॥

(२५) अनुवाद.

सगुण की सेवा करो। निर्गुण का ज्ञान लो। जो निर्गुण और सगुण के परे है, उस पर ही हमारा ध्यान है।

(२६) अनुवाद.

कबीर कहते हैं कि सद्गुरु ने अगम की धारा दिखला दी। उसको उलट कर स्वामी का साथ मिलाकर स्मरण करो।

(२७) अनुवाद.

लाख कोस गुरु के दूर रहने पर भी सुरत को उसके पास भेज दीजिए। तुर्या में प्रतीत होने वाले शब्द पर या शब्द तुरंगम पर सवार होकर वह क्षण क्षण आवागमन करेगी।

28. THOU ART THE SOLE RESORT FOR ME, O GOD! AS THE LAKE FOR A FISH.

सर सूखै पञ्छी उड़ै, औरन सरन समाहिं।
दीन मीन बिन पञ्छ के, कहु रहीम कहँ जाहि॥

29. SUPPLICATION TO GOD TO SAVE FROM IMMINENT DANGER.

बार बराबर बारि है, ता पर बहै बयार।
रघुबर पार उतारहू, हमरी ओर निहार॥

(२८) अनुवाद.

सरोवर सूख जाने पर पक्षी उड़ जाते हैं और अन्यत्र आश्रय लेते हैं। रहीम कहते हैं, पंखहीन बेचारा मत्स्य, कहो, कहाँ जाए ?

(२९) अनुवाद.

नैया के किनारे बराबर पानी आगया है। उस पर भी हवा बहुत तेज चल रही है। हे रघुवर! हम पर कृपा दृष्टि रखो और हमें (नदी के) पार उतारो।

30. A ONE-POINTED DEVOTION DEFIES THE STROKE OF THE GREATEST CALAMITY.

एक भरोसो, एक बल, एक आस बिस्वास ।
एक राम घनश्याम हित, चातक तुलसीदास ॥

बरसि परुष पाहन पयद, पंख करौ टुक टूक ।
तुलसी परी न चाहिए, चतुर चातकहिं चूक ॥

उपल बरसि गरजत तरजि, डारत कुलिस कठोर ।
चितव कि चातक मेघ तजि, कबहुँ दूसरी ओर ॥

बध्यौ बधिक पन्यौ पुन्यजल, उलटि उठाई चोंच ।
तुलसी चातक-प्रेम-पट, मरतहूँ लगी न खोंच ॥

(३०) अनुवाद.

एक भरोसा, एक बल, एक आशा और एक विश्वास है। एक घनश्याम राम के लिए तुलसीदास चातक (हो गया है)।

तुलसीदास कहते हैं कि चाहे पयद परुष पत्थर बरसा कर पंखों को खंड खंड कर दे, परन्तु चतुर चातक को भूल नहीं पड़नी चाहिए।

चाहे मेघ बरसा दे, गर्जना कर के डरा दे और कठोर वज्र डाल दे, तब भी क्या चातक मेघ को छोड़ कर कभी दूसरी ओर देखेगा?

बधिक ने मारा, चातक पुण्यजल में गिर पड़ा। इतने पर भी उसने अपनी चोंच उलट कर उठा दी। तुलसीदास कहते हैं कि मरते समय भी चातक के प्रेमरूपी पट में खोंच नहीं लगी।

CHAPTER 5

The Highest Ascent.

1. INTUITION *vs.* INTELLECT.

लिखा पढ़ी की बात नहिं, देखा देखी बात ।
दुलहा दुलहन मिल गए, फीकी परी बरात ॥

2. SEEING, THEY CANNOT PERCEIVE; HEARING THEY CANNOT UNDERSTAND.

तुलसी या संसार को, भयो मोतियाबिन्द ।
है नियरे सूझे नहीं, लानत ऐसी ज़िन्द ॥

3. INTERNAL PERCEPTION.

हाथ छुड़ाए जात हौ, निबल जानि के मोहिं ।
हिरदय से जब जाहुगे, सबल बदौंगो तोहि ॥

CHAPTER 5

The Highest Ascent.

(१) अनुवाद.

लिखा पढ़ी की बात नहीं है। देखा देखी की बात है। दुलहा-दुलहन मिल गए और बारात फीकी पड़ गई।

(२) अनुवाद.

तुलसीदास कहते हैं कि इस संसार को मोतियाबिन्द हो गया है। निकट ही है पर दिखाई नहीं देता। ऐसी जिन्दगी को (सौ दफ़ा) धिक्कार है।

(३) अनुवाद.

मुझ को निर्बल जान अपना हाथ छुड़ाकर जाते हो। जब हृदय से जाओगे, तब तुम को सबल कहूँगा (मानूँगा)।

4. INTER-INCOMMUNICATIVENESS OF SENSES.

जो देखे सो कहै नहिं, कहै सो देखे नाहिं ।
सुनै सो समझावै नहीं, रसना दृग श्रुति काहिं ॥

5. A SPIRITUAL REALISER ALONE CAN UNDERSTAND THE SIGNS OF A SPIRITUAL REALISER.

जों गूँगे के सैन को, गूँगा ही पहिचान ।
त्यों ज्ञानी के सैन को, ज्ञानी होय सो जान ॥

6. ONE SHOULD NOT OPEN ONE'S DIAMOND BEFORE A VEGETABLE-SELLER.

हीरा तहाँ न खोलिये, जहँ कुँजरन की हाट ।
सहजहिं गाँठी बाँधि कै, लगौ आपनी बाट ॥

(४) अनुवाद.

जो देखता है, वह कहता नहीं; जो कहता है, वह देखता नहीं। जो सुनता है वह समझाता नहीं। रसना, दृग, श्रुति इन में से कौन किस को समझाता है!

(५) अनुवाद.

जिस प्रकार गूँगे के संकेत को गूँगा ही पहचानता है, उसी प्रकार ज्ञानी के संकेत को ज्ञानी ही जानता है।

(६) अनुवाद.

जहाँ कुँजड़ों की हाट हो, वहाँ हीरा मत खोलो। बिना सोचे गाँठ में बाँधकर अपनी बाट लग जाओ।

7. BY THE HELP OF MY SPIRITUAL TEACHER, THE NAME HAS SPRUNG UP IN ME; WHY SHOULD I BABBLE ANY LONGER ?

गुण इन्द्री सहजै गए, सतगुरु करी सहाय ।
घट में नाम प्रगट भया, बकि बकि मरै बलाय ॥

8. THE RESOUNDING OF GOD'S NAME THROUGH EVERY HAIR OF THE BODY.

हाड़ सूखि पिंजर भए, रगैं सूखि भईं तार ।
रोम रोम सुर उठत है, बाजत नाम तिहार ॥

9. I HAVE NOW FOUNDOUT WITHIN ME THE MUSICIAN, FROM WHOM PROCEEDS MANIFOLD MUSIC.

सब बाजे हिरदे बजैं, प्रेम पखावज तार ।
मन्दिर ढूँढ़त को फिरै, मिल्यो बजावनहार ॥

(७) अनुवाद.

सद्गुरु ने सहायता की जिससे गुण और इन्द्रियों के व्यापार आसानी से स्थगित हो गये। अन्तःकरण में नाम प्रकट हो गया। सब आपत्तियों का बक बक करके अन्त हो गया। अब बक-बक करके मेरी बलाय मरे!

(८) अनुवाद.

हाड़ सूखकर पिञ्जर हो गए। रगें सूखकर तार हो गईं। रोम रोम से स्वर उठता है। हे ईश्वर तुम्हारा नाम बज रहा है।

(९) अनुवाद.

प्रेम होने के कारण पखावज, तन्त्री आदि सब प्रकार के वाद्य अन्तःकरण में बज रहे हैं। सब मन्दिरों को ढूँढ़ता कौन फिरे? बजवैया अन्दर ही मिल गया है।

10. CONSTANT SERVICE AND WATCHFUL HUMILITY ALONE LEAD ONE TO THE REALISATION OF THE PERSON AND THE LOVE OF SHABDA.

अलख पुरुष निर्बाण है, वाको लखै न कोय ।
वाको तो वाही लखै, जो उस घर का होय ॥
घर का भया तो क्या भया, तखत तरे का होय ।
तखत तरे का सूरमा, सबद सनेही सोय ॥

11. THE METAPHYSICAL AND EPISTEMOLOGICAL SIGNIFICANCE OF SHABDA.

सबद सबद का अन्तरा, सबद सबद का सीर ।
सबद सबद का खोजना, सबद सबद का पीर ॥

12. THE EVER-ASCENDING LADDER OF SHABDA

मकड़ी चढ़ती तार से, चढ़कै उतरी जाय ।
सन्त चढ़त है शब्द से, चढ़त चढ़त चढ़ जाय ॥

(१०) अनुवाद.

अलक्ष्य पुरुष निर्वाण है – उसको कोई नहीं देख सकता। उसको तो वही देख सकता है जो उस घर का है।

केवल घर का हुआ तो हुआ, तख्त तले का निवासी हो। तख्त के नीचे वाला ही वीर है; वही शब्द का प्रेमी होता है।

(११) अनुवाद.

शब्द शब्द का गर्भ है। शब्द शब्द का सिर है। शब्द ही शब्द का अन्वेषण है। शब्द ही शब्द का स्वामी है।

(१२) अनुवाद.

मकड़ी अपने तंतु से चढ़ती है; पर चढ़कर उतर जाती है। सन्त शब्द से चढ़ता है; पर चढ़ते ही चढ़ते जाता है।

13. COALESCENCE OF SOUND AND FORM EXPERIENCE.

बूँद समानी बूँद में, सो जाने सब कोइ ।
बूँद समानी सबद में, जानै बिरला कोइ ॥

14 IN THE SEA OF GOD, THE SAINT IS AN OYSTER-SHELL, IN WHICH IS BORN THE PEARL OF EXPERIENCE.

हरि दरिया सूभर भरा, साधो का घट सीप ।
ता में मोती नीपजै, चढ़ै देसावर दीप ॥

15. EVERY HAIR OF THE BODY HAS VERITABLY BECOME A LAMP OF GOD

सुन्न मण्डल में घर किया, बाजे शब्द रसाल ।
रोम रोम दीपक भया, प्रगटे दीन दयाल ॥

(१३) अनुवाद.

बूँद बूँद में समाती है, यह सब कोई जानता है; पर बूँद शब्द में समाती हैं, इस को विरला ही कोई जानता है।

(१४) अनुवाद.

चारों ओर भरे हुए हरि-रूप समुद्र में साधु का घट सीप है। उसमें (बिन्दुरूप या नाम रूप) मोती उत्पन्न होता है, जिसका मोल अन्य देशों में और अन्य द्वीपों में चढ़ता है।

(१५) अनुवाद.

गगन मण्डल में घर किया। रसाल शब्द बजने लगे रोम रोम दीपक हो गया और दीन दयाल प्रकट हो गए।

16. KABIR BATHES WHEN THE STORM OF THUNDER AND LIGHTNING SENDS DOWN AMBROSIA.

गगन गरजि बरसे अमी, बादल गहिर गभीर ।
चहुँ दिसि दमके दामिनी, भीजत दास कबीर ॥

17. THE INSATIABILITY OF THE THIRST FOR THE ENJOYMENT OF GOD'S SPLENDOUR.

धरनी पलक परै नहीं, पिय की झलक सुहाय ।
पुनि पुनि पीवत परम रस, तबहूं प्यास न जाय ॥

18. SPEECH BECOMES FRAGRANT IN CONSEQUENCE OF THE ECSTATIC STATE

पिञ्जर प्रेम प्रकासिया, अन्तर भया उजास ।
सुख करि सूती महल में, बानी फूटी बास ॥

(१६) अनुवाद.

आकाश में घने बादल गम्भीरता से गरजते हैं और अमृत रस को बरसाते हैं। चारों दिशाओं में बिजली दमकती है और कबीरदास भीग रहे हैं।

(१७) अनुवाद.

(१) धरनीदास कहते हैं कि पलक मुँदते नहीं क्योंकि प्रिय की झलक अति शोभन है। परम प्रेम-रस बार बार पीता हूँ, तब भी प्यास नहीं बुझती।

(२) पृथ्वी की ओर पलक नहीं झुकते, (क्यों कि) प्रिय की झलक अतिशोभन है। परम प्रेम-रस बार बार पीता हूँ, तब भी प्यास नहीं बुझती।

(१८) अनुवाद.

पिञ्जर में प्रेम प्रकाशित हुआ। अन्तर में उजाला हो गया। (जीवात्मा) महल में सुख से सो गई। वाणी में वास फूट पड़ा।

19. RESIGN YOURSELF TO THE PERSON WHO MANIFESTS HIMSELF IN THE LIGHT OF MEDITATION.

सुन्न सहज मन सुमिरते, प्रगट भई इक ज्योत ।
ताहि पुरुष, बलिहार मैं, निरालम्ब जो होत ॥

20. ATONEMENT MEANS TRANSPARENCY OF VISION.

लागी लागी सब कहैं, लागी बड़ी बलाय ।
लागी वही सराहिये, आरपार हो जाय ॥

21. THE SEEING OF THE FACE IN THE MIRROR OF THE HEART.

हृदया भीतर आरसी, मुख तो देखे नाहिं ।
मुख तो तब ही देखिहौ, दिल की दुविधा जाहि ॥

(१९) अनुवाद.

निर्विकल्प सहज मन से स्मरण करते करते एक ज्योति प्रकट हो गई। उसमें एक पुरुष है, जो निरालम्ब है। उसकी मैं बलिहारी हूँ।

(२०) अनुवाद.

लग गई लग गई सब कहते हैं, पर लगन एक बड़ी भूत-बाधा (या संचार) है। लगन तो वही प्रशस्य है, जिससे पारदर्शित्व प्राप्त हो।

(२१) अनुवाद

हृदय के भीतर आरसी है। (उसमें तुमने अपना) मुख नहीं देखा। मुख तो तभी देखोगे जब दिल की दुविधा चली जाएगी।

22. TO DISCOVER GOD IS TO BE LOST IN HIM.

पिय को हेरन मैं गई, हेरत गई हेराय ।
पिय को पहिचाना नहीं, पिय घट में गया समाय ॥

23. "STOP A WHILE, O KABIR!" SAYS GOD; KABIR LISTENS NOT AND MOVES ON.

मनुवा मेरो मरि गयो, दुर्बल भयो शरीर ।
पीछे पीछे हरि फिरैं, कहत कबीर कबीर ॥

24. KABIR HAS TOUCHED GOD; HE HAS ATTAINED TO ONLY A FRAGMENT OF EXPERIENCE.

कबिरा देखा एक अंग, महिमा कही न जाय ।
तेजपुञ्ज परसाधनी, नैनों रहा समाय ॥

(२२) अनुवाद.

मैं प्रिय को हेरने गई। हेरते-हेरते स्वयं ही हेरा (या हिरा) गई। मैंने प्रिय को पहिचाना नहीं। प्रिय घट में समा गया।

(२३) अनुवाद.

मेरा मन मर गया और शरीर दुर्बल हो गया। "कबीर! कबीर!" कहते हरि पीछे-पीछे फिरते हैं।

(२४) अनुवाद.

कबीर कहते हैं कि मैंने केवल एक अंग देखा। उसकी भी महिमा कही नहीं जाती। तेज-पुञ्ज धनी को मैंने स्पर्श किया। वह नयनों में समा रहा है।

25. THE SELF FLIES TO THE HIGHEST PINNACLE TO RIVET ITSELF ON THE FEET OF GOD.

सुरत उड़ानी गगन को, चरन विलम्बी जाय।
सुख पाया, साहेब मिला, आनन्द उर न समाय॥

26. THERE IS EXCRUCIATING PAIN, BUT AT THE SAME TIME THERE IS THE VISION OF GOD.

बड़ा लुत्फ़ है यार इश्क़ में, मार भी है और प्यार भी है।
सूली पर मन्सूर खड़ा है, दार भी है दीदार भी है॥

27. IDENTITY CEASES AS SOON AS IT IS ASSERTED.

दी गई मन्सूर को सूली, अदब के तर्क पर।
था अनल हक़ हक़ मगर यक़ लफ़्ज़े गुस्ताख़ाना था।

(२५) अनुवाद.

सुरत ब्रह्मरन्ध्र को उड़कर चरणावम्बी हो गई। सुख प्राप्त हुआ; साहब मिल गया। आनन्द हृदय में समाता नहीं है।

(२६) अनुवाद.

यार इश्क में बड़ा मजा है। मार भी है और प्यार भी है। मन्सूर सूली पर खड़ा है। प्राणदण्ड भी है और प्रिय-दर्शन भी है।

(२७) अनुवाद.

अदब छोड़ने से मन्सूर को सूली पर चढ़ना पड़ा। वास्तव में वह हक़ ही था। पर एकही पद (अनलहक़ कहने) से उसकी बेअदबी प्रकट हो गई।

28. IGNORANDO COGNOSCI; COGNOSCENDO IGNORARI.

रहिमन बात अगम्य की, कहन सुनन की नाहिं।
जे जानत ते कहत नहिं, कहत ते जानत नाहिं॥

कबिरा जब हम गावते, तब जाना गुरु नाहिं।
अब गुरु दिल में देखिया, गावन को कछु नाहिं॥

29. THE DIAMOND DOES NOT PROCLAIM ITS PRICE.

बड़े बड़ाई ना करैं, बड़ो न बोलें बोल।
रहिमन हीरा कब कहै, लाख हमारो मोल॥

30. THE SAINT MUST STAND UNCONCERNED.

कबिरा खड़ा बज़ार में, दोनों दीन कि ख़ैर।
ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर॥

(२८) अनुवाद.

रहीम कहते हैं कि अगम्य की बात कहने सुनने की नहीं। जो जानते हैं, वे कहते नहीं; जो कहते हैं, वे जानते नहीं।

कबीर कहते हैं कि जब हम गाते थे, तब गुरु को नहीं जाना था। अब गुरु को हृदय में देख लिया, तब गाने को कुछ नहीं रहा।

(२९) अनुवाद.

बड़े (अपनी) बड़ाई नहीं करते। बड़े बोल नहीं बोलते। रहीम कहते हैं कि हीरा कब कहता है कि मेरा मोल लाख (टका) है।

(३०) अनुवाद.

कबीर बाज़ार में खड़ा है और दोनों धर्मों का क्षेम चाहता है। न किसी से उसकी दोस्ती है और न किसी से वैर है।

31. ATTITUDE OF ABSOLUTE RESIGNATION TO GURU AS TO GOD.

मेरा मुझ में कुछ नहीं, जो कुछ है सो तोर।
तेरा तुझ को सौंपते, क्या लागत है मोर॥

32 SPIRITUAL ALTRUISM.

तरुवर फल नहिं खात हैं, सरवर पियहिं न पान।
कह रहीम पर काज हित, सम्पति सँचहिं सुजान॥

33. I HAVE DRUNK THE CUP OF NECTAR TO THE VERY LAST DROP.

कबिरा हम गुरुरस पिया, बाकी रही न छाक।
पाका कलस कुम्हार का, बहुरि न चढ़सी चाक॥

(३१) अनुवाद.

मुझ में मेरा कुछ भी नहीं है। जो कुछ है सब तेरा है। तेरा तुझे सुपुर्द करते मेरा क्या लगता है ?

(३२) अनुवाद.

तरुवर (अपना) फल नहीं खाते। सरोवर (अपना) पानी नहीं पीते। रहीम कहते हैं कि सुज्ञ लोग परोपकार के लिए ही सम्पत्ति का संचय करते हैं।

(३३) अनुवाद.

कबीर कहते हैं कि हमने गुरु रस पिया। अब इच्छा शेष नहीं रही। कुम्हार का कलश पक गया। अब चाक पर नहीं चढ़ेगा।

34. THE STATE OF JIVANMUKTI.

नोन गला पानी मिला, बहुरि न भरि है गौन ।
सुरत शब्द मेला भया, काल रहा गहि मौन ॥

35. THE *PERAS* AND THE *APEIRON*.

हद हद पर सब ही गया, बेहद गया न कोय ।
बेहद के मैदान में, रमै कबीरा सोय ॥

(३४) अनुवाद.

नमक गल कर पानी में मिल गया। फिर बोरी नहीं भरी जायगी। सुरत और शब्द का मेल हो गया तब काल ने मौन धारण कर लिया।

(३५) अनुवाद.

हद हद तक सभी गए। बेहद कोई नहीं गया। पर वह कबीर बेहद के मैदान में रम रहा है।

परमार्थसोपान-टिप्पणी

PART ONE

PADAS

प र मा र्थ सो पा न

टिप्पणी

I CHAPTER

1

डहकायो— From **डहकाना** (causal of **डहकना** = **ठगा जाना**, cf. **डाका**).

धोखै ही धोखै डहकायो = I was cheated by deceit after deceit.

गीध्यो — From **गीधना** (connected with Sk. **गृध्** = to covet) = (**मैं**) **फँस गया** ।

माँझ = **मध्य में**, *cf.* **मज्झिम निकाय**, also (Marathi) **माजघर** ।

अवनिकौं जल देखि = **अवनि को जल ऐसा देखकर**, cf. Mayasur's **माया**; in the phenomenon of mirage **अवनि को** should be **अवनि पर** .

चाख्यौ— From **चाखना** = to taste; here — to peck at (because there is no juice in the **सेमर फल**).

ताँवरो (*m.*) — From Sk. **ताप**, (**तावरी** *f.*) = **मूर्च्छा** ।

चौहटैं — *cf.* **चौराहा और चौरस्ता**, also (Marathi) **चव्हाटा**; **चौहट्ट हट्ट सुवट्ट वीथी, चारु पुर बहु विधि बना'**—तुलसीदास.

काल ब्याल = **काल रूपी ब्याल से** ।

भगवन्तभजन ... .आपु खवायो — A man who does not worship God makes himself a morsel of Death.

2

भुलाने = **भूले हुए हैं** ।

असवरवा (corrupt form of **असवार**) = **अश्वारोही** । Contrast **अश्ववार** in **ऋग्वेद** = **अश्ववाल**—The hair of a horse.

' चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥ '

The body has to suffer unconsciously on account of its subjection to mind, as the dew also falls to the earth unconsciously.

Note :— **पानी** and **पवन** are similies for **शरीर** and **मन**. It may be remembered that Manas is compared to **वायु** in the Bhagwad Gita.

फन्दा — (from Sk. **बन्ध,**) = Snare, noose, risk.

जाय लिङ्गोटी झारि के बन्दा — Man comes naked in this world and goes naked out of this world.

3

रोस (corrupt form of **रोष**) = **आवेश** ।

खोंस *(Imperative)* = **अंटी में छिपाना,** insert and hide *cf.* (Marathi) **खोंचणें** ।

सौदा वह कुछ कर ना पाया — *cf.* Bacon— ' In this mortal fair the only profit is God. ' *cf.* Also Pythagoras —' There are three kinds of people who come to this mortal fair. Some come to buy and sell, others to take part in the games. Still others who come simply to look on (theorein). These last are the philosophers.'

4

समुझि मनहि मन रहिए — To live with mind enwrapped in mind remains our only task.

चितेरे = **चित्रकार ने** ।

सून्य भीति ·· चितेरे —*cf.* Vidyaranya's Panchdashi. A conglomeration of impossibilities, because **चित्र** is remote in the first instance, and **रङ्ग** is still further remote, as if an artist without hands were able to draw a colourful picture on a wall

which does not exist. cf. Definition of 'Philosophy' — The search by a blind man in a dark place of a black cat which does not exist.

चराचर — The **चर** can go to drink water but the **अचर** can not.

जुगल — **सत्यासत्य दोनों ही**, cf. **बादरायण सूत्र** — **अहिकुण्डलवत्**।

न — Used according to **दहलीदीपन्याय**।

न मरइ भीति = **भीति नहीं मरती**, cf. **शंकराचार्य** - An unreal thing may produce a real effect — (1) A man taking to his heels on seeing a **रज्जुसर्प** (2) Also the other way round **स्वप्ने मंत्रापदेशः श्रवणपरिचित. सत्य एष प्रबोधे**।

रविकरनीर = Mirage.

बदनहीन = **मुखहीन**।

Note :— The word '**बदन**' in **ब्रजभाषा** is the same as '**बदन**' in **खड़ीबोली** meaning '**मुख**'. They should not be confused with the Urdu **बदन** = body.

परिहरै तीनिभ्रम जो आपहि पहिचाने — Going beyond delusions, and vision of the self—How are they related? Is vision of self a consequence of removal of delusions, or does knowledge of self enable us to get rid of delusions?

5

सुरत उड़ानी गगन को चरण विलम्बी जाय — Corresponding to the two meanings of अवलम्ब above the two interpretations of this line would be: (१) सुरत गगन को उड़ गई और चरणावलम्बी हो गई । *cf.* Kabir : ' दसवें द्वारे ..... अलख पुरुख जाको ध्यान धरै '; (२) सुरत चरणावलम्बी होकर गगन को उड़ गई । *cf.* Tukaram : जोडोनिया कर । मुख पाहा सादर । पायावरीं शिर ठेवोनिया ॥

26

लुत्फ़ = मजा (*m.*) or आनन्द.

इश्क = प्रेम of two kinds.

मार = (१) आघात—Beating ; (२) आफ़त—Danger.

प्यार (*Noun*) — Endearment.

दार— Pain.

दीदार = दर्शन — Vision.

27

अदब = शिष्टाचार ।

तर्क = छोड़ने की क्रिया । *cf* " घर बार तर्क करके चला गया । "

अनल हक़— *cf.* ' हुकुम है शाह कलन्दर का अनलहक़ तू कहाता जा । '

लफ्जे— Phrase.

गुस्ताख़ी = मग़रूरी— arrogance, impudence, impertenence.

लफ्जे गुस्ताख़ाना = गुस्ताख़ी का लफ्ज— A phrase of impudence. *cf.* दस्ते फ़िरिश्ता = फ़रिश्तों का दस्त ।

Note :— 1. Identity should be a matter of experience and not of expression.

2. This Doha is written by ग़ालिब about मन्सूर.

28

Note :— For the sentiment in the first Doha

cf. १. यस्यामतं तस्य मतं मतं यस्य न वेद सः '

—केनोपनिषद् ।

२. ' स्तब्धो भवति, मत्तो भवति आत्मारामो भवति । '

— नारदसूत्र ।

३. Augustine as in the heading.

गावते— Past tense (= गाते थे) on account of जाना and देखिया. Otherwise the form may also be in the present tense.

Note :— " When Kabir sings, God is not; God is when Kabir sings not. "

तात्पर्य यह है कि मौन से ही ईश्वर मिलता है । (सु. बि.)

For the sentiment in the second Doha *cf.*

Where one is, God is not; where God is, one is not.

आपु अहै तो हरि नहीं, हरि तो आपुन नाहिं ।

29

बड़ो — *Adj.* of बोल·

cf. ' लम्बी बात हाँकना ' and ' गप मारना ' .

हमारो — Another reading is ' टका मेरो ' । But it is not metrically correct. टका—(1) One rupee; (2) Two pice. *cf.*

" अंधेर नगरी अनबूझ राजा ।
टका सेर भाजी टका सेर खाजा ।। '

Note : — For the idea in the poem, *cf.*

" हीरा पायो गाँठ गठियायो बार बार वाको क्यों खोलै । "

—कबीर ।

30

दीन = **मज़हब** — (1) Religion; (2) Opinion.

ख़ैर = **कुशल, क्षेम।**

ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर -- *cf.* Pythagoras' definition of a philosopher as one who looks on and the Stoic — Epicurian doctrine of equanimity.

31

सौंपना — *cf.* Marathi **सोंपविणें** = **समर्पण करना।** From Sk. **सुपूर्त** — Persian **सिपुर्द.**

सौंपते = **सौंपते हुए, सौंपने में।**

Note : — *cf.* Exactly the same utterance of Amburao Maharaj to his Master.

32

पान = **पानी।** Not the **क्रिया** of **पान** because **पान पिआहिं** would be a tautology.

पर काज हित = **परोपकार के लिये** — For social or general welfare.

संपति — (1) Material wealth; (2) Spiritual wealth *cf.* "**सम्पद्याविर्भावः स्वेन शब्दात्।**"

—बादरायण।

सुजान = (१) **चतुर;** (२) **ज्ञानी।**

33

हम -- The *pl.* form shows Kabir's unconscious unarrogant dignity.

छाकना or **छकना** (Sk. **चक्,** to be satisfied) = **अघाना, तृप्त होना।** **छाक** means **तृप्ति** or **इच्छापूर्ति** but we must resist the temptation of deriving the word from **इच्छा.**

पाका कलस कुम्हार का — A red baked pot is never put on the wheel.

चढ़सी — For **चढ़ेगा** (Future)

बहुरि न चढ़सी चाक — Note the rating of **तृप्ति** as higher than **मुक्ति**, of beatification as higher than liberation.

Note : — The Sophist does not know that he does not know.

Socrates knows that he does not know.

शुक does not know that he knows.

Kabir knows that he knows.

34

गौन *cf.* Marathi **गोणी** = **बोरा** । (Metaphorically th **शरीर.**)

सुरत शब्द मेला भया — Consciousness has merged in the eternal sound; the self has become one with God.

Note : — **गौन** and **नोन** are *f.* and *m.* respectively while **सुरत** and **शब्द** are also *f.* and m. respectively Therefore it is a complete **उपमा.**

गहि (पूर्वकालिक क्रिया) = ग्रहण कर; धारण कर ।

Note : — For the idea in the Doha, *cf.*

" लवण जैसें पुन्हा, जळाचे बाहेरी ।
येत नाहीं खरें त्यांतुनीया ॥
त्या सारखे तुह्मीं, जाणा साधुवृत्ति ।
पुन्हां न मिळती मायाजाळ ॥ "

—तुकाराम ।

35

हद (*Noun*) = **सीमा**— Limit (of time, space and causality) ; the ' Peras ' of Pythagoras and the **बैलु** of Kannada Mystical literature.

पर = 1. Upto; 2. On. (But not beyond.)

बेहद = **असीम**— Unlimited; the 'Apeiron' of Anaximander and Pythagoras, and the '**निर्बैलु**' of Kannada mystical literature.

बेहद गया न कोय— *cf.* "**कनफूका गुरु हद्द का, बेहद का गुरु और।**" —कबीर।

रमै कबीरा सोय— *cf.* '**अविनाशी की गोद में खेलत दास कबीर।**'

Note : -- Kabir has hit an overboundary. He is enjoying bliss in spaceless space. He is playing like a child on the lap of the Immutable.

APPENDIX I.

परमार्थसोपानस्थ संतकवियोंका आलोचनात्मक इतिहास.

BY THE LATE
DR. SUKHADEO BEHARI MISRA,
M.A., D. LITT.

NO.			PAGE
१	कबीर	...	२
२	गोस्वामी तुलसीदास	...	४
३	महात्मा सूरदास	...	६
४	स्वामी रामानंद	...	९
५	महात्मा रैदास	...	१०
६	मीराबाई	...	११
७	महात्मा गोरखनाथ	...	१३
८	धरमदास	...	१५
९	महात्मा चरनदास	...	१५
१०	दादू दयाल	...	१५
११	महात्मा नानक	...	१७
१२	मन्सूर	...	१८
१३	महात्मा एकनाथ	...	१९
१४	महात्मा महिपति	...	१९
१५	नरहरिनाथ	...	१९
१६	मौला	...	२०
१७	गुलाल	...	२०
१८	तुलसीपत्नी	...	२०
१९	धरनीदास	...	२१
२०	महात्मा बहिरो	...	२१
२१	महात्मा कृष्णानंद व्यास	...	२१
२२	प्रभूदास	...	२२
२३	खानखाना अब्दुलरहीम	...	२२

परमार्थसोपान ।

'परमार्थसोपान' नामक पुस्तक में श्री प्रोफ़ेसर रा. द. रानडे ने १०० पदों का तथा १०० दोहों का संग्रह किया है। इस में २५ कवियों के नाम आये हैं तथा थोडे से पदों एवं बहुतेरे दोहाओं में कर्ताओं के नाम अकथित हैं। सब से अधिक पद महात्मा कबीरदास के चुने गये हैं। तदनन्तर महात्मा तुलसीदास और गोस्वामी सूरदास के भी बहुत से पद और दोहे संग्रहीत हैं। शेष कवियो में से महात्मा रैदास के ४, नानक के दो, दादूदयाल के ५, मीराबाई के ६, और चरणदास के चार पद आये हैं। फिर एक एक पद महात्मा रामानन्द, मंसूर, गोरखनाथ, धरमदास, यारी, एकनाथ, महीपति, मौला, गुलाल, नरहरिनाथ, रहीम, तुलसी की पत्नी, धरनी कृष्णानन्द, प्रभुदास, बहिरो, और मच्छेन्द्र के हैं। रहीम के केवल दोहे हैं जो एकसे अधिक हैं। यहां सब महात्माओंके थोड़े में जीवनचरित्र दिये जाते हैं। बहुतों के विषय में बहुत कम बातें ज्ञात हैं। रचनाओं का कुछ आलोचनात्मक विवरण भी देना ठीक होता हैं, किन्तु महात्माओं के कथनों की आलोचना साधारण लोगों द्वारा बहुत अच्छी भी न समझ पड़ेगी। इसी से इस का विवरण थोड़ा ही दिया जायगा।

(१) महात्मा कबीरदास.

महात्मा कबीरदास का जन्म सं. १४५५ में माना जाता है और शरीरान्त १५१५ में। कुछ लेखकों का विचार है कि आप का जन्म किसी ब्राह्मण विधवा के गर्भ से हुआ था और अपनी लाज बचाने को उसनें इन्हें बनारस के एक ताल पर छोड़ दिया, जहां से उठाकर जुलाहे नीमा और उस की स्त्री नीरू ने इन्हें पुत्रवत् पाला। ये दोनों मुसलमान जोलाहे थे। कबीर का ब्राह्मणी विधवा का पुत्र होना निराधार कथन होने से अग्राह्य है। हम इन्हें नीमा नीरू का ही सन्तान मानते हैं। मुसलमान होकर भी आप हिंदू धर्म की ओर बहुत झुकते थे। यह एक प्राचीन विश्वास है कि निगुरा की मुक्ति नहीं होती। इसी लिये आप महात्मा रामानन्द के शिष्य होना चाहते थे, किन्तु वे एक मुसलमान को शिष्यत्वमें लेना नहीं पसन्द करते थे। तो भी कबीरकी इच्छा बहुत उद्दाम थी। स्वामी रामानन्द प्रातःकाल कुछ अंधेरे में ही गंगा स्नान को आया करते थे। एक दिन कबीर छिपकर उन के मार्ग में लेट रहे और इन के शीश पर उनका चरण पड़ गया। बेचारे रामानन्द राम राम कह कर हट गये, किन्तु कबीर ने तुरन्त उठकर कहा कि उन्होंने शीश पर पैर रख कर इन्हें रामनाम का मन्त्र दिया जिस से वे शिष्य होही गये। इन की ऐसी महती इच्छा देखकर स्वामीजी ने इन्हें अपने शिष्यत्व में ले लिया। उसी दिन से इनकी गणना उन के शिष्यों में होनें लगी और इन्हों ने रामराम का मन्त्र पाया। किन्तु स्वामीजी थे सगुणवादी और कबीरदास समय पर उन्नति करके निर्गुणवादी हो गये। तो भी रामराम शब्द से आपने श्रद्धा न हटाई, किन्तु उसका अर्थ बदल दिया। आप का कथन हुवा कि संसार में रम् रम् आकारका प्राकृतिक शब्द सदैव

हुवा करता है, जो ररंकार का मूल है तथा रामराम ररंकार से पृथक् नहीं है। कुछ लोगों का विचार है कि कबीरदास झूसी के सूफ़ी सन्त शैख तक़ी के भी शिष्य थे। कबीर कथनों में कुछ सूफ़ी सिद्धान्त आते अवश्य हैं, किन्तु सूफ़ी विचार इन परमोच्च धार्मिक भावों का एक अंग मात्र था, न कि समग्रांश। आप अपने को रामानन्द का शिष्य खुला खुला कहते भी है किन्तु शैख़ तक़ी का नहीं। यथा, 'काशी में हम प्रगट भये हैं रामानन्द चेताये' ..... इन पद्यांशासें प्रकट है कि कबीर रामानन्द द्वारा अपना चेताया जाना कहते तथा तक़ी को अपने विचार सुनाते हैं न कि उन के सुनते।

जीवन में कबीर पहले सगुणवादी थे ही, क्योंकि ये निगुरे नहीं रहना चाहते थे तथा रामनाम का मन्त्र सगुणवादी स्वामी-जीसे लेते हैं। फिर भी इनक हज़ारों छन्दों में कहीं सगुणवाद नहीं कथित है, वरन् उन में सब कहीं निर्गुणवाद मिलता है। इस से समझ पड़ता है कि, आप ने धार्मिक विचार परिवर्तित करने के पीछे अपने सारे पद्य बनाये। पहले या तो पद्य रचेही नहीं या इन्हे पीछे-से नष्ट कर दिया। इन के बहुत से ग्रंथ उपदेशात्मक मिलते हैं जिन में बीजक और साखी की मुख्यता है। रचनायें इनकी बहुत ही उच्च भाव गर्भित हैं। उन में हिन्दूओं और मुसलमानों दोनों को फटकारें भी काफ़ी मिली है।

कबीर पन्थ भी देश में चल रहा है ज़िस में कई लाख मनुष्य अब भी हैं। इन के १२ शिष्य प्रधान हैं जिन के अनुसार कबीर पन्थ की बारह शाखायें हैं। उन में हिन्दू निर्गुणवादी विचारों की प्रधानता है, किन्तु थोडेसे मुस्लिम विचार भी हैं। बारह प्रधान शिष्यों में एक इन का पुत्र कमाल भी है, जो कभी कभी इन के विचारों की निन्दा तीव्र शब्दों में भी कर देता है।

कबीर शुद्ध सन्त थे और अपने को पैगम्बर कहते भी थे। रचना इन की सारी की सारी धार्मिक तथा उपदेशात्मिका है। त्रिमूर्ति,

अवतार आदि आप नहीं मानते, केवल परब्रह्म परमात्मा का कथन करते हैं। उल्टवासियां भी बहुतेरी कहीं हैं। सीधे अर्थ लगाने से वे कथन प्रायः गर्हित हैं किन्तु धार्मिक भाव निकलने से ऊंचे उपदेश व्यक्त करते हैं। महाराजा रीवा ने भी आपका शिष्यत्व ग्रहण किया था। धरमदास सधन वैश्य ने अपना सारा मालमता लुटा कर इनका शिष्यत्व लिया था। कुछ लोगोंका विचार है काशीमें मरने-वाला स्वर्ग जाता है तथा मगहर में मरनेसे कोई मुक्त नहीं होता। कबीर ने कहा, "जो कबिरा कासी मरै, रामै कौन निहोर?" अतएव आप मरने के पूर्व मगहर जाकर वहीं बसे तथा वहीं से दिवंगत हुये। कबीर की रचना धार्मिक विचार से बहुत उच्च कोटि की है तथा साहित्यिक विचार से भी श्रेष्ठ है।

(२) महात्मा गोस्वामी तुलसीदास.

महात्मा गोस्वामी तुलसीदास कान्यकुब्ज ब्राह्मण राजापूर जिला बांदा में स. १५८९ में उत्पन्न हुये तथा १६८० में पंचत्व को प्राप्त हुये। आपके विषयमें आपके दो शिष्यों ने जन्मकाल १५५४ तक ले जाने का प्रयत्न किया है तथा गार्हस्थ सम्बन्धी बहुतेरी ऐसी बातें कही हैं, जो स्वयं गोस्वामी जी के कथनों से टक्कर नहीं खाती। इन के कान्यकुब्ज या सरयूपारीए होने पर भी कुछ मतभेद है। हाथरस के तुलसी साहब निर्गुणी सन्त थे जो इन के सौ वर्षों भीतर ही उत्पन्न हुये थे। वे अपने को इन्हीं का अवतार भी कहते हैं। अतएव इन का हाल उन्हों ने ज्ञातही किया होगा। वे इन्हें राजापूर में उत्पन्न कान्यकुब्ज ब्राह्मण कहते हैं। अभुक्त मूलों में उत्पन्न होने से मूर्ख माता पिता द्वारा आप छोड़ दिये गये तथा मुनिया महरी द्वारा पालित हुये। इनकी पांच वर्ष की अवस्था में वह भी मर गई। माता पिता शायद पहलेही मर चुके होंगे और गोस्वामी दाने दाने को

बिललाने लगे। आप स्वयं कहते हैं, कि "बारे ते ललात बिललात द्वार द्वार दीन जानत हो चारि फल चारिही चनक को।"

पीछे शूकर क्षेत्र के महात्मा नरहरिदासने आप को अपने प्रबन्ध में लेकर रामभक्ति का उपदेश तथा विद्यादान दिया। दीनानाथजीकी कन्या से इन का विवाह हुवा। उस के एक दिन भाई के साथ मायके चले जाने से ये भी वहीं पहुँचे और इन को क्षीण समझ कर वह मिथ्या लोकलाज में गड कर बोली:—

हाड़मासकी देह मम तामें जितनी प्रीति।
होती जो रघुनाथ में तौ न होति भव भीति॥

ऐसी प्रेमशून्य बात सुन कर उसे छोड़ आप भजनार्थ तुरंत चल दिये, बोले, "हम तौ चाखा रामरस पतनी के उपदेस।" और सीधे शूकर क्षेत्र जा कर अपने विद्यागुरु नरहरिदास के मन्त्रशिष्य भी हो गये।

तभी से गोस्वामीजी ने रामभक्ति तथा संत जीवन पर पूर्ण ध्यान दिया अथच रामभक्तिपूर्ण परमोत्कृष्ट उपदेशात्मक साहित्य भी रचा। आप विशेषतया अयोध्या या काशी में रहते थे। वृद्धावस्था में काशी के लोलार्क मठ के महन्त भी हो गये। आप के तीस पैंतीस ग्रंथभी कहे जाते हैं, जिन में से इन की शिष्य परम्परा केवल बारह को तुलसीकृत मानती है। उन में से "रामचरितमानस" न केवल इन के वरन हिन्दी के सारे ग्रंथो में श्रेष्ठ है। उस में रामचन्द्र की उपदेशपूर्ण कथा है। इन के पांच छः और ग्रन्थ भी उच्च कोटि के हैं, अर्थात् कवितावली, गीतावली, विनयपत्रिका, हनुमान बाहुक, कृष्णगीतावली बरवै रामायण, जानकीमंगल, पार्वतीमंगल, आदि।

गोस्वामी जी सगुण मतावलम्बी रामभक्त थे, किन्तु निर्गुण और सगुण मतों में सामंजस्य कह कर उन में आप कोई विरोध नहीं मानते थे। भक्ति का उपदेश आप का परमोच्च साहित्यगर्भित है।

हिन्दू मत का जो रूप आपने लिखा है वही अबतक प्राचीन मतानुयायी हिन्दुओं में चल रहा है, जिस में आप न केवल हमारे परमोच्च कवि, वरन परमोच्च धर्मोपदेशक भी हैं। इन की रचना में सारे जीवन का विवरण धर्म के उत्कृष्ट रूप में है। जनता के विचारों की नाटिका आपने ऐसी पकडी थी कि इनके बराबर किसी अन्य सन्त के उपदेशों का मान न हुआ। यद्यपि आर्यावर्त से बाह्य प्रान्तो कश्मीर, पंजाब, बंगाल आदि में मुसलमानी मत बहुत कुछ चल गया, तथापि उत्तर प्रदेश के मुस्लिम शक्ति के केन्द्र होने पर भी यहां हिन्दुत्व ८६ प्रतिशत चलता रहा है। यह बात गोस्वामी तुलसीदास के ही प्रभावपर मुख्यतया अवलम्बित समझी जा सकती है।

महाराज मानसिंह आप को बहुत मानते थे तथा खान खाना रहीम से भी आप का मित्रभाव था। समझा जाता है कि उन्ही की प्रार्थना से आप ने बरवै रामायण लिखी। गोस्वामीजी हमारे सर्वोत्कृष्ट कवि, उपदेशक और सन्त महात्मा थे। नाभादास आप को भक्तमाला का सुमेर कहते थे।

(३) महात्मा सूरदास.

महात्मा सूरदास जी सारस्वत ब्राह्मण कवि और भक्तशिरोमणि थे। आप का जन्म सं० १५३५ में हुवा था। अपने गुरुवर श्री स्वामी वल्लभाचार्य से आप केवल ११ दिन छोटे थे। सूरदास का शरीरान्त १६३९ से १६४२ पर्यन्त कभी हुवा, ऐसा इस विषय के जाननवालों का विचार है। इन्हीं के ग्रंथ साहित्यलहरी में एक पद इन्ही के नाम से लिखा है, जिस में इन का ब्रह्मभट्ट होना कथित है, किन्तु उस में सं० १५७० के पीछे तक के कथन हैं जिस से वह इन की रचना नहीं हैं। स्वामी हरिराय वल्लभीय कुल के ही तत्कालीन महात्मा थे। आप को सारस्वत ब्राह्मण रामदास के पुत्र बतलाते हैं।

आठ वर्ष की ही अवस्था से अपने जन्म स्थान सीही ग्राम के निवासी पिता माता को छोड़ कर आप मथुरा में रहने लगे। कुछ लोग आप को जन्मान्ध कहते हैं किन्तु यह बात इन के द्वारा समीचीन सांसारिक ज्ञान प्रदर्शन तथा रूप रंगादि के अपूर्व वर्णनों से अग्राह्य समझ पड़ती है। २४ वैष्णवों की वार्ता में आप से सम्राट् अकबर ने भी यही प्रश्न किया, किन्तु वहां उसका कोई उत्तर नहीं कथित है। इन के जन्मान्ध होने का कोइ ग्राह्य प्रमाण नहीं है। इन का मुख्य ग्रन्थ सूरसागर है, जिस में अब पांच छै सहस्र से अधिक पद नहीं मिलते। अन्य ग्रथों में सूरसारावली और साहित्यलहरी की मुख्यता है। साहित्योत्कर्ष में तुलसीदास जी के पीछे आप हमारे सभी हिंदी कवियों से श्रेष्ठ समझे जाते हैं। आप बालकृष्ण के पूर्ण भक्त थे।

सौर कविता वात्सल्य, सखा और सभी भावों की है। आप राम, कृष्ण और विष्णु को एक ही समझते थे। आपने रचना में उपमा, रूपक, नख शिख, प्रबन्धध्वनि एवं अन्य काव्यांगो का अच्छा समावेश किया है। प्रिय विषयों के इन के वर्णन बहुतही सांगोपांग अथच सविस्तर हैं। इन के पद गाये बहुतायत से जाते हैं। शिक्षा सदैव उच्च पाई जाती हैं। बाललीला, माखन चोरी, ऊखल बन्धन, रासलीला, मथुरागमन और उद्धव संवाद आप के बहुत उत्कृष्ट और सविस्तर हैं। वर्णनपूर्णता, साहित्यगौरव, बारीकबीनी, रंगों के सम्मिश्रण एवं तत्वभाव तथा भावगरिमा की अच्छी बहार है। भक्तिगाम्भीर्य के साथ ऊंचे विचारों, प्रकृति निरीक्षण एवं मानवशीलगुणावलोकन के अनुभव खूब मिलाये गये हैं। चरित्रचित्रण में अच्छी सफलता है। शृंगारिक लीला धार्मिक एवं माधुर्यमयी हैं। इन से पीछे के बहुतेरे कवियों के ऐसे वर्णन अनुचित शृंगार में आ गये हैं, किन्तु सूर की भक्ति सात्विक थी। आप लोकादर्शों से च्युत नहीं हुए। विलासी कवि न हो कर आप सन्त थे और भगवानकी लीलायें तन्मयता तथा तल्लीनता के साथ गाते थे फिर भी लोक संग्रह की ओर आधिक्य से आप न थे।

भाषा आप की एकाध पूर्वी शब्द लिये हुये शुद्ध ब्रजभाषा है, जो बहुत ही प्रौढ़, परिपक्व और सुव्यवस्थित है। इन की भाषा सभी भावों, दशाओं, विचारों, हावों आदि का पूर्णता से चित्रण करती है तथा लचीली, मधुर और संगठित है। अर्थव्यक्ति की कुछ न्यूनता न होते हुये गाम्भीर्य और सामर्थ्यश्रेष्ठ हैं। काव्य सशक्त है, भावों में मौलिकता है और कल्पना में अपूर्व कोमलता। भाव व्यंजना में स्वाभाविकता एवं मार्मिकता है। वर्णनपूर्णता के आप उस्ताद हैं और लाक्षणिक मूर्तिमत्ता सुगमता पूर्वक सामने रखते रहते हैं। वर्णनों में रस निचुड़ा पड़ता है और हृदयपक्ष का चमत्कार कौशल देखतेही बनता है। कलापक्ष का भी आरम्भ है। संयोग और वियोग दोनो प्रकार के शृंगार में कथन शक्ति का कमाल है और मधुरिमा का चित्रण ही सामने खड़ा है। वात्सल्य और शृंगार दोनों भावों से भक्ति भरी पड़ी है। शृंगार का वर्णन करते हुये भी अपने आदर्शों से च्युत नहीं हुये हैं। वल्लभीय सम्प्रदाय की महत्ता सब से अधिक आपही की लेखनी पर अवलंबित है। इन के मरने पर स्वयं विट्ठल नाथजी ने कहाथा कि वल्लभीय सम्प्रदाय का जहाज आज डूब गया।

रहते आप गोवर्धन गिरि के वल्लभीय महान कृष्णमन्दिर के निकट पूजक के रूप में थे, किन्तु मरने के समय पारासोली चले गये। यह वैष्णवों का परम पवित्र स्थान है। इन की यह दशा सुन कर गोस्वामी विट्ठलनाथ जी भी वहीं पहुच और उन्हीं के सामने इन का शरीरान्त हुवा। कवियों ने यहां तक कहा है कि,

सूर सूर तुलसी ससी उडगन केशवदास।
अबके कवि खद्योत सम जहँ तहँ करत प्रकास॥

वर्तमान समालोचकों का ऐसा मत उचित ही है कि हिन्दी के सर्वोत्कृष्ट कवि गोस्वामी तुलसीदास हैं और उन्हीं के पीछे साहित्य गौरव में महात्मा सरदास का पद है। तुलसी की भक्ति दास भाव

की थी, तथा सूर की दासभाव सखा और सखी भावों की। वात्सल्य दोनों में था, किन्तु जीवन के पूर्ण वर्णनों का कमाल तुलसी में अधिक था।

---

(४) श्री स्वामी रामानन्द

श्री स्वामी रामानन्दजी एक प्रसिद्ध वैष्णवपंथ के संस्थापक सं. १४४५ के लगभग हुये। यह महाराज सिद्धयोगी हो गये। महात्मा कबीरदास इन्हीं के शिष्य थे। उनका जन्म समय सं. १४५५ था सो ये उनसे प्रायः दस वर्ष बड़े होंगे ही। महात्मा तुलसीदास रामानन्द की शिष्य परंपरा में थे। इस सम्प्रदाय के हजारों लाखों साधु अबतक हैं। आपने हिन्दी के कुछ भजन भी लिखे हैं। वल्लभीय वालों के समान रामानन्दी सम्प्रदाय से भी हिन्दी को लाभ बहुत हुवा है। आप श्री सम्प्रदायवाले महात्मा राघवानन्द के शिष्य थे। उन के गुरु, हरीनक उन के देवाचार्य और उन के स्वयं रामानुजाचार्य (गुरु) थे जो सं० ११५० में थे। स्वामी रामानन्द कृत रामरक्षा स्तोत्र और रामानन्दीय वेदान्त ग्रंथ कहे जाते हैं। खोज में इन का ज्ञान तिलक भी मिला है।

आप प्रयाग निवासी कान्यकुब्ज ब्राह्मण थे। इन्हों ने भारत का खासा भ्रमण किया, जिससे इन के गुरुवाले शिष्योंने खाने पीने के नियमों का इनके द्वारा उल्लंघन समझ कर इन पर दोषारोपण किया जिस से अप्रसन्न हो कर आप ने अपना पृथक सम्प्रदाय स्थापित कर दिया, जो इतर सम्प्रदायों से अधिकमान के साथ चला। स्वामी रामानुजाचार्य शूद्रों को सम्प्रदाय मे न ले ते थे किन्तु आप ने गृहस्थ लोक थे तो कोई गड़बड़ न डाला किन्तु गृहत्यागियों मे न केवल शूद्रों, वरन कबीर मुसलमानो तक का मान सम्प्रदाय में किया

रैदास, धना सदन आदि शूद्र भी आप के शिष्यों में महात्मा थे। रामानुजाचार्य ने नारायणोपासना पर बल दे कर हिंसा युक्त, बलि एवं ऐसे ही कर्म कांडों का निरादर किया था। इधर स्वामी रामानन्द ने रामोपासना पर बल दिया। इन्हों ने संस्कृत में उपदेश दिये और हिन्दी में ते तुलसीदास के पूर्व रामानन्दियों में अध्यात्म रामायण की मुख्यता थी, किन्तु पीछे राम चरित मानस की हो गई। उत्तर भारत में दक्षिण मार्ग वाली शुद्ध वैष्णवता के प्रचार में सर्व प्रथम तथा श्रेष्ठ प्रभाव रामानन्द का ही पड़ा। राधाकृष्ण वाले अवैध प्रेम को भुलाकर आपने सीताराम के वैध प्रेम को प्रधानता दी। कबीर और तुलसी के जो प्रभाव हैं, उन का बहुत कुछ श्रेय रामानन्द को भी है। जो पद दक्षिण में रामानुजाचार्य का है, वही उत्तर में इन का (है)। आपने परमेश्वर को भुलाया तो नहीं, किन्तु ईश्वर पर प्रधानता दी। ईश्वर के आपने चार आदर्शीकरण माने अर्थात् अर्चा (मूर्ति) व्यूहविभव (अवतार) पर (चतुर्भुजनारायण) और अन्तर्यामी (सर्व व्यापी)। व्यूह में मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार को मान कर उन के अवतार क्रमशः भरत-प्रद्युम्न, राम-कृष्ण शत्रुघ्न-अनिरुद्ध, और लक्ष्मण बलदेव माने। उपदेश हिन्दी में देते हुये भी सिद्धान्त संस्कृत में लिखे। संसार के लिये वर्णभेद ठीक मानकर केवल उपासना के लिये उस का निरादर किया। हिन्दी रचना आप की बहुत कम मिलती है। इन का उदाहरण ग्रन्थ के पृष्ठ ६८ पर है। मिश्र बन्धु विनोद में भी एक अन्य उदाहरण है।

---

(५) महात्मा रैदास.

महात्मा रैदास स्वामी रामानन्द के शिष्यों में कवि और परम प्रसिद्ध भक्त थे। ग्रन्थ में इन के उदाहरण पृष्ठ ५२, ८८, २१० और

२१२ पर हैं। आप कार्शावार्सा चमार थे, परन्तु भक्ति के कारण इन का बडा मान था। १९०२ की खोज में बानी, साखी और पद नामक इन के तीन ग्रन्थ मिले हैं। साहित्योत्कर्ष भी इन का उत्कृष्ट था। जन्म काल सं. १५२५ के निकट समझा जा सकता है। शरीरान्त के समय का पता नहीं है। सं. १५१३ से १६०३ तक रहने वाली मीराबाई के गुरु होने मे आप के दीर्घ जीवी होने का पता चलता है और जन्मकाल भी १५२५ के निकट समझा जाता है। इस बात से इन के गुरु स्वामी रामानन्द का भी दीर्घ जीवी होना समझ पड़ता है। मीराबाई जल्दी से जल्दी १६ वर्ष की अवस्था में इन की शिष्य हुई होंगी। उस समय आप अधिक से अधिक ६५ वर्ष के होंगे, जिस से इन का जन्मकाल सं० १५२५ समझ पड़ता है। उधर स्वामी रामनन्द का जन्मकाल कबीर वाले शिष्यत्व के कारण सं० १४५५ समझ पड़ता है, तथा रैदास के शिष्यत्व से आप का प्रायः १५४० तक वर्तमान रहना माना जा सकता है।

---

(६) मीराबाई

मीराबाई मेड़तिया (राजस्थान) के राठौर रत्नसिंहकी पुत्री थी। जोधपुर बसानेवाले प्रसिद्ध रावजोधाजी इन के प्रपितामह थे। मीराबाई का जन्म सं. १५१३ में चोकडी ग्राम में हुआ। विवाह उदयपूरके महाराना कुमार जोधराज के साथ हुआ। भक्ति इनकी इतनी प्रगाढ़ थी कि सांसारिक संबंधोंको तुच्छ मानकर श्रीकृष्ण चंद्र को अपना पति समझती थी। मायके और ससुराल दोनों में परम संपन्न होकर भी आप कभी पलंगपर नहीं शयन करती और सदैव पृथ्वीपर मृगचर्म बिछाकर रहती थी। इसी भांति हरयात में ऋषियोंका सा आचार रखती और आनन्दमें मग्न होकर मंदीरोंमें प्रायः

भगवान के सामने नाचती और गाती थी। इससे स्वजन रुष्ट रहते और इनके बालविधवा होनेसे, ऐसे भक्तिपूर्ण आचरणोंसे अपना अपमान समझते थे। उन्होंने इनके मारनेके भी कई गुप्त प्रयत्न किये किन्तु इनकी सदा रक्षा हुई। भजनानंदमें उन्मत्त होकर यह दूर दूर निकल जाती थी। आपने द्वारकाजी तथा वृंदावनके तत्कालीन प्रसिद्ध मंदीरोंको अपने भजनों द्वारा सम्मानित किया। जहां गई, वहीं इनका बडा सत्कार हुवा, क्यों कि भक्तजन एवं और लोग भी इनको बडी आदरकी दृष्टिसे देखते और साक्षात देवीकी भांति पूज्य मानते थे। ये सब बातें जानकर राणाजीको अपने कुव्यवहारोंपर बडा पश्चाताप होता था। नरसीजीका भव्य गीत गोविंद की टीका, राग सोरठाके पद और राग गोविंद नायक इनके चार ग्रंथ हैं। "भजन मीराबाई" नामक इनका एक संग्रह ग्रंथ भी है।

इनके पदों में प्रगाढ़ भक्तिका चित्र देख पड़ता है। पद प्रायः "गिरीधर नागर" को संबोधित हैं। उधरके प्रसिद्ध ऐतिहासीक मुंशी देवीप्रसादने इनके तीन ग्रंथ माने हैं। इनका शरीरान्त सम्वत १६०३ में हुआ। उन्हीं के खोजों के आधार पर उपर्युक्त बहुत सी घटनायें लिखी गई हैं। साधारण हिन्दू समाज पर कुछ पौराणिक स्त्रीयों कां छोड़कर भारतकी किसी अन्य स्त्री का प्रभाव मीराबाईके बरबर नहीं पडा है। भक्त शिरोमणि नाभादास, ध्रुवदास व्यासजी, भगवत रासिक मल्लूकदास, राजा नागरीदास आदि सभी महात्माओंने बड़े आदर के साथ भक्तों में मीरा का नाम लिखा है तथा जीवन चरित्र का वर्णन किया है। रणछोरजी के मन्दिर में भगवान के साथ मीराबाई की भी पूजा होती है। यह अचल भक्ति की थाप कर गई हैं।

आपकी भाषा राजपूतानी मिश्रित ब्रजभाषा है। इन के पदों में कहीं कहीं कुछ अश्लीलता भी आगई है, किन्तु वह है सात्विक। विष्णु स्वामी तथा निम्बार्क स्वामी के मतोंका भी प्रभाव इन पर कहा जाता है। ग्रंथ में इनके पदों के उदाहरण ८०, ८४, १४४, १४८, १५०

तथा १५२ पृष्ठोंपर हैं। इनकी रचना में भक्ति प्रगाढ़ता के परमोच्च भाव मिलते हैं। आप का महात्मा रैदास की शिष्या होना कहा जाता है। यदि यह बात सत्य हो, तो रैदास के अतिरिक्त महात्मा रामानन्द के भी दीर्घजीवी होने का अनुमान दृढ़ होता है। मीराबाई की रचना में काव्योत्कर्ष अच्छा मिलता है।

---

(७) महात्मा गोरखनाथ

महात्मा गोरखनाथ पूर्ण ऋषि और बड़े सिद्ध करामती हो गये हैं इन का समय सं. १४०७ खोजमें लिखा है। राहुल सांकृत्यायन जी इन के दादा गुरु जालंधर पादका समय लगभग ९२५ बतलाते हैं। गोरखनाथजीका समय दशवी शताब्दी संवतसे चौदहवी शताब्दी तक कभीहो सकता है। यनसाइक्लोपीडिया बृटैनिका बारहवीं शताब्दी ईसवी बदलता है। बारहवीं शताब्दीवाले आल्हा ऊदलके यह गुरु कहे गये हैं। नवी दशवीं शताब्दीके सिद्धों में भी इनके गुरु, मछन्दरनाथ तथा इनके नाम हैं। समझ पड़ता है कि मुछका (मत्स्येन्द्र) नाथ और गोरखनाथके गुरु शिष्यवाले एकाधिक जोड़े थे। आपके नौ संस्कृत के ग्रन्थ हैं। आप शैव थे। इनका मन्दिर गोरखपूरमें है जिसमें आप देवतावों की भांति पुजते हैं। आपने गोरखपन्थचलाया, जिसके लाखों अनुयायी अब भी हैं। इनका एक गद्य ग्रन्थ हिन्दी का भी मिला है अतः हमारे सबसे पहले गद्यलेखक आपही थे।

इनकी भाषा न तो खुसरो की सी प्रांजल है, न रोज़ना बोल-चालकी; फिर भी उसमें सौंदर्य तथा हिन्दी पन की अच्छी झलक है। देशाटनो के कारण सन्तो की भाषा में प्रान्तिक शब्द आजाते थे।

गोरखनाथने भी नौ, चा, बोलिबा आदि लिखे हैं। फिरभी तत्सम शब्दों का आपने अच्छा प्रयोग किया है यद्यपि हैं प्राकृत अपभ्रंश शब्द भी। महर्षि गोरखनाथने उच्च शैवमत निकालकर बौद्ध सहजियावालों को अपने मतमें ले लिया। इन के अघोर पन्थ एवं वाममार्गीलोग शायद इसी के फल हैं। गोरखपन्थ में वेदान्तकी विभूतियां एवं शिव की उपासनावाली ऐसी प्रणातियां भी थीं। जो इस मतको लोक में ग्राह्य बनाती थीं। ये महात्मा हठयोग का आधार लेते हैं। ईश्वर प्राप्ति आपका लक्ष्य है। तत्कालीन समाजपर इस मत का प्रभाव अच्छा पड़ा। इसमें उपासना तथा तंत्रवाद दोनों है। कर्मकाण्ड तथा कुछ शारीरिक क्रियायें भी हैं और यह योग से सम्बद्ध है। इसमें विवेकवाद तथा दार्शनिक विषयोंका अभाव सा है। यह विशेषतया साधुवोंमें प्रचलित है। गोरखपूरके इधर उधर बहुतेर गोरखपन्थी हैं। और कुछ महाराष्ट्र प्रान्तमें भी। इसमें कुछ वाममार्गी भी हैं। आपने तांत्रिक शैव मत को स्वच्छ करके उसे दक्षिण मार्गकी ओर लाने का प्रयत्न किया, तथा शंकरस्वामी के निर्गुण शैववादको कुछ सगुणत्व दे कर अधिक लोकोपयोगी बनाया है। यद्यपि ऐसा करने में तार्किक शुद्धता की कुछ कमी हो गई है। इस पन्थ का प्रचार राजस्थान और पंजाब में भी है।

मत्स्येन्द्रनाथ (मुछन्दरनाथ) इनके गुरु थे। उनकी भी गणना ८४ सिद्धों में होती थी। क्यों कि गोरखनाथ ८४ सिद्धों में थे ही और यह उन के गुरु थे। मुछन्दर तथा गोरख के गुरु-शिष्यवाले एकाधिक जोड़े समझ पड़ते हैं। गोरख तो सिद्ध हो गये, किन्तु मुछन्दर लोकजालमें पड़े रहे किन्तु अन्त में शिष्य गोरख के प्रयत्नों और प्रभावसे सिद्ध हुये। कुछ कविता मुछन्दर नाथ की भी मिलती है। इस ग्रन्थमें उनका उदाहरण पृष्ठ १३२ पर है।

(८) धरमदास

धरमदासजी कसौंधन बनिया कबीरदासके शिष्य थे। इन्होंने "कबीरके द्वादश ग्रन्थ," निर्णयज्ञान और कबीरबानी नामक तीन ग्रन्थ बनाये। सं. १५१५ में आप कबीरदास की गद्दी के अधिकारी हुये। आप बांधवगढ़के वैश्य तथा सदासे सन्त प्रकृति के मनुष्य थे। शिष्य होनेपर आपने अपना सारा मालमत्ता लुटा दिया यद्यपि थे आप धनी। आपकी रचना खंडन मंडन से पृथक है। वह प्रेमपूर्ण होकर भक्ति प्रदायिनी है। पूर्वी 'भाषा' पसन्द करते हैं। अन्दाजी जन्म मरणकाल सं. १५०० और १६०९ हैं। इनकी रचना ग्रन्थ के १६० वें पृष्ठ पर है।

(९) महात्मा चरणदास

महात्मा चरणदास ने सं. १५३१ में ज्ञानसर्वोदय नामक एक ग्रन्थ बनाया। तीन और चरणदासों के नाम सं. ११६०, १५१०, तथा ११४९ से पूर्ववाले समयों में हैं। इनके चार उदाहरण ग्रन्थ में पृष्ठ ४०, १६६, ११४, और ११६ पर हैं।

(१०) श्री दादू दयाल.

श्री दादू दयालजीके ग्रन्थके पांच उदाहरण पृष्ठ २६, ८६, १२८, १४६ और १८८ पर हैं। इनका जन्म अहमदाबाद में सं. १६०१ में हुवा

था और सं. १६६० में यह पंचत्व को प्राप्त हुये। आप जातिके धुन्ना थे और नाम महावली था। सौम्य प्रकृतिवाले होने तथा सबको दादा दादा कहनेसे दादू दयाल कहलाये। कबीरात्मज कमाल के आप शिष्य थे। कभी क्रोध नहीं करते और सबपर दया करते थे। आप बहुत बड़े उपदेशक ऋषि हो गये हैं। इनका चलाया हुवा दादूपन्थ चल रहा है। सुंदरदास, रज्जबजी, जनगोपाल, जगन्नाथ, मोहनदास, खेमदास आदि इनके शिष्य सुकवि थे। इन्होंने सबद और बानी ग्रन्थ रचे, जिन में संसार की असारता और रामभक्ति के उपदेश सबल छंदों द्वारा दिये गये हैं। भजन आपके बहुत हैं। कविताकी दृष्टि से भी इनकी रचना मनोहर, स्वानुभवपूर्ण, और यथार्थ भाषिणी है। दादूजी को अध्यात्म, कृत्य और समर्थन अंग नामक इनके और ग्रन्थ १९०२ के खोज में मिले हैं।

दादू पन्थवाले निर्गुणोपासना की रीतिपर निरंजन निराकार की उपासना करते, और सत्तराम द्वारा आपस में अभिवादन करते, हैं। ये लोग तिलक, माला, कंठी आदि का व्यवहार नहीं करते। दादू की भाषा जयपुरी मिश्रित पश्चिमी हिन्दी है। कुछ पद गुजराती और पंजाबी के भी हैं। आपने भी हिन्दू मुसलमानों के मिलानेका प्रयत्न किया और जाति पाति को आदर नहीं दिया। अकबर सम्राटने बहुत हठ करके आपको बोलाया और ४० दिनोंतक सत्संग किया। इन के मिलने के पीछे ही दीनइलाही मत निकाला। इलाही कलमा था "अल्लाहो अकबर जिल्ले जलाल हू," जनगोपालने दादू की जन्मलीला कही दादूदयाल सद्गुरुमहिमा ईश्वरीय व्यापकता दया आदि सिखलाकर जाति की अवहेलना करते हैं। आप १४ साल अजमेर में रहे। फिर मडवार, बीकानेर आदिमें फिरते हुये १६५३ में नराने में रम गये। वहां से तीन चार कोस पर भराने की पहाड़ी है, जहां जाया आया करते थे और वहीं शरीर छोड़ा।

य दादू पन्थियों का मुख्य स्थान है। यहां आपके कपड़े और ग्रन्थ अब भी रक्खे हैं। दादू दयाल की रचना निर्गुण पन्थी हो कर भी साहित्यिक प्रौढ़ता से ओतप्रोत है। यद्यपि वह तुलसी, सूर आदि-वालोंकी रचना के समान लोक स्वीकृति न पा सकी, क्यों कि निर्गुणी रचनावों के लिये साहित्यिक भाव प्रायः कुछ फीके आते हैं।

---

(१२) महात्मा नानक.

महात्मा नानक सिक्ख मत के संस्थापक सिद्ध योगी थे। आप का समय सं. १५२६ से १५९६ तक है। आप क्षत्री कुलभूषण थे और बालवय से धार्मिकता तथा त्याग की ओर अनुरक्त थे। आपने यात्रायें दूर दूर तक कीं। भारत के अतिरिक्त मुसलमानी तीर्थस्थान मक्के को भी गये। सभी कहीं अमूल्य उपदेश देते रहे। इन के कुछ मुसलमान शिष्य भी थे। इनके द्वारा कई अप्राकृतिक घटनावोंका भी होना कहा जाता है, जैसे कथन प्रायः अनेकानेक धार्मिक उपदेशकों के विषयमें होते हैं।

आपने ग्रन्थ साहब का निर्माण आरम्भ किया, जिस में अनेकानेक तत्कालीन सन्तो की रचनावों को भी सन्निविष्ट किया। स्वयं इन की रचनायें तो उस में बाहुल्य से थीं ही। धार्मिक उपदेश आपके हिन्दु-मुस्लिम मतों के विरोध हटानें के प्रयत्न में होते थे तथा निर्गुण विचारोंपर आधारित थे, यद्यपि रामनामके जप पर भी बल लगाया गया है। इस ग्रन्थ में इन के उदाहरण पृष्ठ ४२ तथा १२४ पर हैं। दश सिक्ख गुरु हो गये हैं जो सन्त होने के अतिरिक राजनितिक प्रश्नों पर भाग लेनेसे युद्धों में भी कूदे। यह दशा पीछे के कई गुरुवों की थी। ग्रन्थसाहब के निर्माण में दशों में से कई गुरुवोंके हाथ हैं अन्तिम महात्मा गुरु गोविन्दसिंह ने भविष्य के लिये यह गुरु गद्दी

उठा दी। वह भी प्रसिद्ध कवि और देशभक्त थे। युद्धोंमें भी उन्होनें बहुतायतसे भाग लिया। कुछ सज्जनोंका विचार है कि महात्मा नानक कबीरपंथ को भी गुरु भावसे देखते थे। इस कथन से हमारा मतैक्य नहीं है।

आपने हिन्दी, संस्कृत और फारसी का अध्ययन किया। बाबा श्रीचन्द् और बाबा लक्ष्मीदास आपके सुपुत्र थे। सं. १५५४ से आप संसार के उपदेशक हुये। यात्राओंमें आप गया, पुरी, मक्का, मदीना, बगदाद, ईरान, कन्धार, काबुल, हसन अबुल, दक्षिण लंका, मानस-सरोवर, नैपाल, शिकिम, भूटान, चीन (नैनकिंग), तिब्बत (लहासा) और जम्मू पधारे। भारत में हरद्वार आदि को गये थे ही। ११ जून १५३८ को आपने गुरु अंगद को अपनी गद्दी का उत्तराधिकारी बनाया तथा उसी साल २२ सितम्बर को स्वर्गारोहण किया। ग्रन्थसाहब में आपकी मुख्य रचनायें थीं जपजी, आरती, दक्षणी ओंकार, सिद्ध गोष्टी आदि। पुत्रों को छोड़कर प्रधान शिष्य को गद्दी देने से भी आपकी महत्ता प्रकट होती है।

(१३) मंसूर

मंसूर एक पहुँचे हुये मुसलमान धार्मिक सन्त थे जो अनलहक़ पर विश्वास करते तदनुसार उपदेश भी देते थे। मोग़ल वंशसे पहलेवाले किसी सम्राट् ने इस अपराध में इन्हें प्राणदंड दे दिया। कहते हैं कि

चढ़ा मंसूर सूलीपर पुकारा इश्कबाज़ो से।

य (ह) उस के बाम का ज़ीना है, आये जिस का जी चाहे॥

ऐसी धार्मिक असहिष्णुता के उदाहरण उस काल भोले में भी पाये जाते थे। किसी मुस्लिम समालोचक ने लिखा है, कि "था अनल

हक हक मगर यक लफ्ज गुस्ताखाना था।" अनलहक का प्रयोजन यह था कि 'मैं हीं परमात्मा हूं,' यही विचार संस्कृत के 'अहंब्रह्मास्मि' (बृहदारण्यकोपनिषत्) तथा "तत्त्वमसि" (छान्दोग्योपनिषत्) में था।

(१४) महात्मा एकनाथ.

महात्मा एकनाथ का उदाहरण पृष्ठ १६८ पर है। आप छत्रपति शिवाजी के समयवाले एक महाष्ट्र सन्त थे, जिनका प्रभाव उस काल के देशवासियोंपर अच्छा था।

(१५) महात्मा महिपति.

महात्मा महिपति का उदाहरण पृष्ठ ११० पर है। आप सं. ११८१ में मराठी भाषा के प्रसिद्ध कवि थे। हिन्दी में भी कविता करते थे। महिपतिनाथ नामक सं. १५२३ वाले एक और कवि थे, जो जसवन्त-राय हुलकर के गुरु थे और हिन्दी रचना करते थे। महात्मा महिपति के नरहरि गुरु थे।

(१६) नरहरिनाथ.

नरहरिनाथ का उदाहरण पृष्ठ २०५ पर है। आप उपर्युक्त महात्मा महिपति के गुरु थे। एक नरहरि बन्दीजन अकबर के समय में थे, जिनकी प्रार्थना पर गोहिंसा हटाई गई थी, किन्तु वे महात्मा नरहरिनाथसे पृथक् थे। गोस्वामी तुलसीदास के विद्या और धर्मगुरु भी एक नरहरे महात्मा थे।

(१७) मौला

मौला का उदाहरण पृष्ठ २०२ पर है। इन का रचनाकाल अज्ञात है। धार्मिक उपदेशक थे।

(१८) गुलाल.

गुलाल का उदाहरण पृष्ठ २०६ पर है। गुलाल साहब क्षत्रिय बसरिहर जिला गाजीपूर निवासी, सं. १११९ में थे। प्रथम त्रैवार्षिक रिपोर्ट में आपका ग्रन्थ "बानी" मिला है। आप मुल्लासाहब के चेले थे। इन की रचना का एक उदाहरण यहां भी लिखा जाता है।

जो पै साँचि लगन हिय आवै।
काटै सकल काम के अन्दर आनन्द पुर घर छावै॥
पांच पचीसनि बस करि कै सुखमन सेज बिछावै।
सुरत सोहागिनि उठै गगन मुख, तब चन्दा दरसावै॥
मूल चक्र गरि कै दृढ़ बांधै, बंकनाल चढ़ि धावै।
अबिगत सों यह खेल बनो है, आवा गवन नसावै॥
रीझि रीझि दसहूं दिसी पूजै, परब्रह्म समावै।
जन गोपाल कहै प्यारी पियकी, रहसि गुन गावै॥

(१९) तुलसी पत्नी

तुलसी पत्नी प्रसिद्ध महात्मा तुलसीदास की धर्मपत्नी थीं। इतने समीप का सम्बन्ध रख कर भी ये स्वपति की महत्ता पहिँचान न सकीं, और अपने शारीरिक सौन्दर्य के कारण उन के महान् प्रेम को केवल इन्द्रिय जन्य समझ कर उन्हे गृहत्याग का कटु उपदेश दे बैठीं, जिस से इन्हें यावज्जीवन का वियोग मिला और संसार को महाकवि और महोपदेशक। इनके नाम से लिखा हुवा एक ग्रन्थ भी

इन दिनों विख्यात किया गया है, जिसे शुद्ध साहित्यक समालोचक अमान्य समझते हैं। इनकी रचना का एक उदाहरण दिया जाता है।

खरिया खरी कपूर सब उचित पिय तिय त्याग।
कै करिया मुख मेलि कै सफल करौ बैराग॥

(२०) धरनीधरदास

धरनीधरदास का चौरासीटीक ग्रन्थ है। आपका रचनाकाल सं. ११४९ के पूर्व है, क्योंकि इसी समय का हस्तलिखित इन का ग्रन्थ प्राप्त हुवा है। इन का उदाहरण पृष्ठ २१९ पर है।

(२१) महात्मा बहिरो

महात्मा बहिरो का उदाहरण पृष्ठ १०४ पर है। इन का रचनाकाल अज्ञात है।

(२२) महात्मा कृष्णानन्द व्यास

महात्मा कृष्णानन्द व्यास का उदाहरण पृष्ठ ६ पर है। आप गोकुलनिवासी सं. १९०० के लगभग थे। आपने प्रसिद्ध ग्रन्थ राग सागरोद्भव राग कल्पद्रुम संग्रह तैयार किया तथा कलकत्ते में छपवाया। इस में २०५ भक्त तथा अन्य कवियों के पद संग्रहीत हैं। इस संग्रहसे बहुतेरे ऐसे कवियों के नाम बने रहे जो बिना इस के लुप्त हो जाते। ग्रन्थ बड़ा लोकोपयोगी है।

[२३] प्रभूदास.

प्रभूदास का उदाहरण पृष्ठ २० पर है। इस प्रभूदयाल कायस्थ अजयगढ़ बुन्देलखंडवालेन सं. १९१५ में ज्ञानप्रकाश ग्रन्थ रचा।

[२४] खान खाना अब्दुलरहीम.

खान खाना अब्दुलरहीम का जन्म १६१४ में हुवा था। आप सम्राट अकबर के अभिनायक बैरमखाँ के सुपुत्र थे। जब पाटन गुजरात में बैरमखाँ का निधन सं. १६१५ में हुवा, तबसे इनका पालन पोषण स्वयं अकबरने बड़े प्रेम के साथ किया। समय पर आप उनके मन्त्री तथा महासेनापति भी हुये तथा अकबर के लिये आपने कुछ मुस्लिम शाहियोंको भी जीता। अकबर के तृतीय पुत्र दानियाल का विवाह खानखानाकी पुत्री से हुवा। अकबर के राजत्व कालमें आप एक बार राजद्रोही माने जाकर अपमानित हुये तथा धनधान्य से रहित होकर दरिद्रता का जीवन कुछ काल बिताते रहे आपने स्वयं लिखा है :—

ये रहीम घर घर फिरैं मांगि मधुकरी खाहिँ।
धरो धारी छोड़िये वे रहीम अब नाहिँ ॥

किन्तु ऐसी दशामें भी कुछ याचक इन्हें दानार्थ घेरते थे और अपने में दानशक्ति के अभाव से ये दुःखित होते थे। आप कहते हैं,

तबही लौं जीबोअलो दीबो होय न धीम।
जग मैं रहिबो कुचित गति, उचित न होय रहीम ॥

ऐसी अवस्थामें भी कहते हैं कि उचित दान पात्र देख कर एक बार रीवा नरेश से उसे एक लक्ष का दान कराया था। छन्द मांगने का यों है :—

चित्रकूटमें रमि रहे रहिमन अवध नरेस।
जेहि पर बिपद परति है सो आवत यहि देस ॥

कहते हैं कि इन का अभिप्राय जानकर रीवा नरेशने उपर्युक्त दान कर दिया था। शिया मुस्लिम होकर भी आप भगवान की भक्ति हिन्दुओं की भाँति करते थे; यथा,

तैं रहीम मन आपनो कीन्हों चार, चकोर।
निसि बासर लागो रहै कृष्ण चन्द्र की ओर॥

जब एक बार महाराणा प्रतापसिंहने अकबर को आत्म समर्पण का विचार किया था, तब रहीम ने निम्न उपदेश गुप्तरूपेण उन्हें भेजा था --

आय रहमी, रहमीधरा, खिसि जासी खर प्राण।

अर्थ, हे राणा! विश्वंभर के उपर अपना विश्वास अमर रक्खो, जिस से पृथ्वी और धर्म दोनों रहेंगे तथा शत्रू की खरी शान शिथिल हो जायगी। ऐसा ही हुवा भी। रहीम की दोहा सप्तशती सुनी जाती है, जिसके अब केवल ढाई तीनसो दोहे प्राप्त हैं। बरवै छन्द आपको बहुत प्रिय था और उसमें रचना भी आप की बहुत हुई है। कई अन्य छन्द भी आपके हैं। हिन्दी और फारसी के मिलित छन्द भी आपने रचे। कहते हैं कि रहीम ने कभी क्रोध नहीं किया। प्रसिद्ध गंग कवि पर आपकी विशेष कृपा रहती थी। कहते हैं कि आपने उन्हें एक बार एक ही अंक पर ३६ लाख रुपयों का दान दिया था। रहीम मन्सई, बरवै नायिकाचंद, रास पंचाध्यायी, मदनाष्टक, दीवान फ़ारसी और वाक़यात बाबरी का फारसी अनुवाद आपके रचित ग्रन्थ थे। हिन्दू देवतावों पर इन की अच्छी श्रद्धा थी तथा आप परमोच्च मानसयुक्त थे। निम्नांकित छन्दो से इन की महत्ता भी प्रकट होगी:—

वे रहीमनर धन्य हैं पर उपकारी अंग।
बांटनवारे को लगै ज्यों मेहँदी कोरंग॥
खीनमतिन विष भैया अवगुन तीन।
पियकह चन्द बदनिया अतिमति हीन॥

रहिमन मोहि न सोहाय अमी पियावै मानबिन ।
बर बिष देय बोलय, मान सहित मरिबो भलो ॥
रहिमन राहिला कीभली, जो परसै चितु लाय।
परसत मन मैले करें सो मैदा जरि जाय ॥
काम न काहू आवई, मोल रहीम न लेय ।
बाजू टूटे बाज को, साहेब चारा देय ॥
अब रहीम मुसकिल परी, गाढे दोऊ काम ।
सांचे से तौ जग नहीं, झूठे मिलैं न राम ॥
जे गरीब को आदरैं ते रहीम बड लोग ।
कहा सुदामा बापुरो कृष्ण मिताई जोग ॥
जो रहीम करिबे हुतो ब्रज को यही हवाल ।
तौ काहेकर पर धरयो, गोबरधनगोपाल ॥
रहिमन को कोइ का करै, ज्वारी चोर लवार ।
जो पति राखनहार है माखन चाखनहार ॥
छिमा बडेन को चाहिये छोटेन को उतपात ।
का रहीम हरि को घटो जो भृगु मारी लात ॥
रहिमन बिगरी आदि की बनैन खरचे दाम ।
हरि बाढे आकास तौं, छुटो न बावन नाम ॥
कमला थिर न रहीम कहि, यह जानत सब कोय ।
पुरूषपुरातन की बधू, क्यों न चंचला होय ॥

इनका शरीरान्त सं० १६८४ में हुवा ।

APPENDIX II

Contribution to the Science of Rhetoric in Paramartha-Sopana.

I Three forms of Meaning–अभिधा, लक्षणा & व्यंजना.

II व्यंजना & ध्वनि–Process & Product.

III Three chief Manifestations of ध्वनि—रसध्वनि, अलंकारध्वनि & वस्तुध्वनि.

IV Relation of रसs to भावs.

V The new Nine-fold Scheme of Rasas.

VI विभावs, चरभावs & अनुभावs.

VII भक्ति as मूर्धन्यरस.

VIII Characteristics of भक्ति.

X अलंकारs in परमार्थसोपान.

I Three forms of meaning : अभिधा, लक्षणा and व्यंजना.

Historically speaking, only two processes, अभिधा (expression) and लक्षणा (indication) were recognised for a long time, but व्यंजना or suggestion was not recognised. लक्षणा was regarded to be of three kinds — जहत्, अजहत् and जहदजहत् — and their classical illustrations were गंगायां घोषः, काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम् and तत्त्वमसि respectively. Critics, however, said that लक्षणा was merely अभिधापुच्छभूता, or as in the terminology of the Mimansakas, it was merely अभिधाया इषोरिव दीर्घदीर्घतरो व्यापारः. This, we regard, was more or less justifiable. In our opinion, व्यंजना is the most fundamental process, even though it was not so recognised for a long time.

II व्यंजना and ध्वनि.

व्यंजना and ध्वनि are related to each other as process and product. Bhāmaha and Dandin who constituted the pre-Dhwani School did not recognise व्यंजना as a separate process. Of course, the process has always been in existence inspite of its non-recognition. व्यंजना may be compared, as Milton described it, to the burial places of memory yielding up their dead. The laws of Association as in Modern Psychology would fully explain the nature of suggestion. We may also quote in this connection what Pope has said :

> "True wit is nature to advantage dressed,
> What oft was thought, but never so well
> expressed".

Ānandawardhana and Abhinava Gupta who founded the Dhwani School regarded व्यंजना as an independent process, and correctly. Ānandwardhana, in particular, called Dhwani the soul of poetry, and traced it to the very ancient seers : काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति बुधैर्यत् समाम्नातपूर्वः ।

Mahimabhatta criticised Ānandawardhana and Abhinava Gupta, and tried to show that Vyanjana was merely a species of अनुमान. This criticism was met by Mammata who reestablished Dhwani by following the वैयाकरण School : बुधैर्वैयाकरणैर् ध्वनिरिति व्यवहारः कृतः । तन्मतानुसारिभिरस्माभिरपि ।

In our opinion, the Dhwani is a good rhetorical counterpart among the अलंकारिकs to the metaphysico-mystical doctrine of Sphoṭa among the वैयाकरणs and the योगिन्s.

3

III Three Chief manifestations of Dhwani.

Three kinds of Dhwani are generally recognised -- रसध्वनि, अलंकारध्वनि and वस्तुध्वनि -- having a psychological, a rhetorical and a metaphysical or mystical significance.

The वस्तुध्वनि has been brought to a very low level by the नाट्यकारs. Its only concern, according to them, is a plot, a story or a denouement. They entirely shut their eyes to its metaphysical, not to speak of its mystical, significance. It may be noted that the Dhwani might produce in the mind either

a particular Rasa or a particular Alankara or the conception of a **वस्तु** (metaphysical fact) or the highest **वस्तु** (mystical fact); *cf.* the use of the word **वस्तु** in the last sense in spiritual literature:

वस्तु अमोलिक दी मेरे सतगुरु— Says Mirabai.
ते वस्तु चतुरा सेविजेसु— Says Jnaneshwar.
साधु वस्तु होवुनि ठेला । संशय ब्रह्मांडाबोहरी गेला — Says Ramdasa.
वस्तु कंडनो ओंदु—Says Mahipati, the great Kannada saint.

IV Relation of Rasas to Bhavas.

An enumeration of the different Bhavas and the basing of the different Rasas thereon is a great psycho-rhetorical achievement of our ancient writers. We praise them not for their precise terminologies, which unfortunately they are not, but for their discovery of the correspondence between the two great analogical systems—the Bhavas & the Rasas. The following were regarded as the chief Bhavas:

रतिर्हासश्च शोकश्च क्रोधोत्साहौ भयं तथा ।
जुगुप्सा विस्मयश्चेत्थमष्टौ प्रोक्ताः शमोऽपि च ॥

The nine corresponding Rasas according to **भरत** and **मम्मट** together are

शृंगारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः ।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः ॥
निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः ॥

True, the terminologies of the two systems, namely, Bhavas and Rasas overlap: but so do they in

the case either of McDougall or Shand. Who ever has found specific terminologies for the two sets without their involving some overlapping? How overlapping is the correspondence between Instincts and Emotions in McDongall? The same applies to Bhavas and Rasas among the ancient अलंकारिक्स.

Bhavas are superior to Rasas, because Bhavas are the bases of Rasas. Jnaneshwar seems to have studied Alankara Shastra — *cf.* रसभावफुलीं फुलेल। नानार्थफळभारें फळा येईल. ब्रह्मास्वादसहोदरो रसः says Jagannath Pandit. This is रस in rhetoric. रसवर्जं रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते, says the Gita. This is Rasa in Psychology. रसो वै सः says the Upanishad. This is रस in Metaphysics or Mysticism. We may remark in passing that the aphorism रसो वै सः has been wrongly quoted by Jagannath Pandit. He need not have quoted this Śruti in support of a mere poetical doctrine. The Rasa of poetry and even of spiritual poetry is but a faint echo of Rasa as God. The Bhavas, in our opinion, are related to the Rasas as function to structure in Modern Physiology, and are as superior to Rasas as the तन्मात्रs to the पंचमहाभूतs in Samkhya Philosophy.

V The New Nine-fold Scheme of Rasas.

The next question that arises is — how many ultimate Rasas are there? Bharata in the following verse gives eight such रसs :—

शृंगारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः ।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः ॥

